

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित





एलेना को हराकर क्रेजिकोवा ने बनाई फाइनल में जगहा

यूपी में झटके से उबरने के लिए बीजेपी का प्लान तैयार, 14 को होगी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, उत्तर फाल्गुनी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 13 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 213 • पृष्ठ 12

## केजरीवाल को ईडी केस में राहत, लेकिन सीबीआई बनी आफत

- सुप्रीम कोर्ट ने दी अंतरिम जमानत, लेकिन अभी जेल में ही रहेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शराब नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी है। जस्टिस संजीव खन्ना ने जमानत देते हुए कहा– केजरीवाल 90 दिन से जेल में हैं। इसलिए उन्हें रिहा किए जाने का निर्देश देते



हैं। हम जानते हैं कि वह चुने हुए नेता हैं और ये उन्हें तय करना है कि वे मुख्यमंत्री बने रहना चाहते हैं या नहीं। जस्टिस खन्ना ने कहा– हम ये मामला बड़ी बेंच को ट्रांसफर कर रहे हैं। गिरफ्तारी की पॉलिसी क्या है, इसका आधार क्या है। इसके लिए हमने ऐसे 3 सवाल भी तैयार किए हैं।

## किसान आएंगे और चले जाएंगे, आप हाईवे नहीं बंद कर सकते

- सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को जमकर फटकारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शंभू बार्डर से बैरिकेड हटाने को लेकर हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार से कड़े सवाल पूछे हैं। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को हरियाणा सरकार से सवाल किया कि वह हाईवे को कैसे ब्लॉक कर सकती है। साथ ही



न्यायालय ने राज्य सरकार को अंबाला के पास शंभू बार्डर पर लगाए गए अवरोधक हटाने का निर्देश दिया। एक दिन पहले ही हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को शंभू बॉर्डर फिर से खोलने का निर्देश दिया था। एक हफ्ते में अंबाला के निकट शंभू बार्डर खोलने के पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने जमकर लताड़ लगाई।

## आरएसएस मानहानि मामले में राहुल गांधी को बड़ी राहत

- बॉम्बे हाईकोर्ट ने रद्द किया निचली अदालत का आदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने शुक्रवार को भिवंडी कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले में कुछ अतिरिक्त दस्तावेजों को सबूत के रूप में स्वीकार करने की अनुमति दी गई थी। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज के चव्हाण ने राहुल गांधी



द्वारा दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया है। राहुल गांधी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया गया था कि ट्रायल कोर्ट ने आरएसएस पदाधिकारी राजेश कुंटे को देर से कुछ दस्तावेज पेश करने की अनुमति दी थी। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, ठाणे में भिवंडी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 3 जून को कुंटे द्वारा प्रस्तुत कुछ दस्तावेजों को सबूत के तौर पर रिकॉर्ड में दर्ज किया था। कुंटे राहुल गांधी के खिलाफ मामले में शिकायतकर्ता हैं। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने कथित अपमानजनक भाषण की प्रतिलिपि (ट्रांसक्रिप्ट) को सबूत के तौर पर स्वीकार किया था, जिसके आधार पर ये मानहानि का मामला दर्ज किया गया है।

# जाति की राजनीति करने वाले को मारूंगा लात...

### जातिगत राजनीति को लेकर भड़के केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, सुना दी खरी-खरी

पुणे (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देश में हो रही जाति की राजनीति पर अपनी नाराजगी जताई है। पुणे के एक कार्यक्रम में उन्होंने जातीय राजनीति



करने वालों को अपने बेबाक अंदाज में खरी-खरी सुना दी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में अभी कास्ट पॉलिटिक्स हो रही है, मगर मैं जात-पात को नहीं मानता। जो जात की बात करेगा, उसे मैं लात मारूंगा। बीजेपी नेता ने कहा कि वह अपने चुनाव क्षेत्र में भी जाति की बात करने वालों को समझा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र में 40 फीसदी मुसलमान हैं, इसलिए चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने वोटरों से साफ कहा था कि वह आरएसएस वाले हैं और हाफ पैंट पहनते हैं, इसलिए वोट देने से पहले सोच लें ताकि बाद में पछताना ना पड़े। जो वोट देगा, वह उसका काम करेंगे और जो नहीं देगा, मैं उसका भी काम करेंगे। बता दें कि नितिन गडकरी अपने बेबाक बयान के लिए अक्सर सुर्खियों में रहते हैं और बिना लाग लपेट के अपनी बात रखते हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके नितिन गडकरी कई मौकों पर ऐसे बयान दे चुके हैं, जिससे लगता है कि वह नरेंद्र मोदी और अमित शाह के लिए बोल रहे हैं। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि पार्टी चाहे किसी की सरकार की हो, एक चीज तय है।

# महाराष्ट्र में महिलाओं के खाते में अब खटाखट आएंगे 1500 रुपए

### मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहन योजना में जल्द जमा होगी पहली किस्त

### 19 अगस्त को रक्षाबंधन से पहले पेमेंट की तैयारी में शिंदे सरकार



मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले सरकार द्वारा लांच की गई मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहन योजना के लिए राज्यभर में तेज गति से क्रियान्वयन जारी है। राज्य सरकार ने योजना में आवेदन करने के लिए 31 अगस्त की समय सीया तय की है। राज्य की पात्र महिलाएं 31 अगस्त तक आवेदन कर सकती हैं। इसके बाद उनके खाते में हर महीने 1500 रुपये आएंगे। मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहन योजना की डेडलाइन बढ़ाने के बाद अब सरकार की तरफ संकेत मिल रहे हैं कि अगले महीने 15 अगस्त को सरकार बहनों को 1500 रुपये की पहली किस्त दे सकती है। सरकार को उम्मीद है कि इस योजना से महिलाओं के जीवन में काफी बदलाव आएगा। वे आगे बढ़ सकेंगी। वे आर्थिक तौर पर थोड़ी स्वतंत्र बनेंगी। मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहन योजना में आवेदक महिला के पास खाता होने को अनिवार्य रखा गया है।

# खुलेगा नीट यूजी पेपर लीक का बड़ा राज!

### मास्टरमाइंड के गिरफ्त में आते ही सीबीआई आश्वस्त, कोलकाता से भी जुड़ा कनेक्शन

**पटना (एजेंसी)।** ये लोग तारीख पर तारीख पर देते रहेंगे, तो डेट आगे बढ़ती रहेगी। हमारा समय बर्बाद होगा। इससे हमारे ऊपर यह चुनौती है कि हमें समय कितना मिलेगा पढ़ने के लिए, यह तस्वीर साफ नहीं हो पा रही है।

हमारा भविष्य अधर में लटका हुआ है। हम कोर्ट से मांग करते हैं कि तारीख पर तारीख देना बंद करे और तुरंत फैसला सुनाए। उपरोक्त बयान विकास नाम के एक छात्र का है। नीट-यूजी पेपर लीक होने के बाद छात्रों की मानसिक स्थिति क्या है। इस बयान से आप उसका अंदाजा लगा सकते हैं।

वहीं दूसरी ओर सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। सीबीआई ने जब से जांच का जिम्मा लिया है, अब तक दर्जनों आरोपियों की गिरफ्तारी कर चुकी है। सीबीआई आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रही है। सीबीआई ने अब तक बिहार और झारखंड के हजारीबाग और झरिया से कई लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी के इस पेपर लीक में शामिल होने के कुछ न कुछ सबूत मिले हैं।






अब सीबीआई के हत्थे एक ऐसा शख्स चढ़ा है, जो इस खेल का मास्टरमाइंड है। उसका नाम रॉकी उर्फ राकेश रंजन बताया जा रहा है। सीबीआई ने गुरुवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित पेपर लीक की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के एक प्रमुख संदिग्ध राकेश रंजन उर्फरॉकी को गिरफ्तार किया। उसे पटना में गिरफ्तार किया गया और विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 10 दिनों की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया है। सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि पटना और पश्चिम बंगाल में रॉकी से जुड़े चार ठिकानों पर भी तलाशी ली गई।

# मुझसे मिलने वाले स्थानीय आधार कार्ड लेकर आएं

- कंगना बोलीं-मिलने का कारण भी लिखकर लाएं, कांग्रेस बोली-हमारे दरवाजे सबके लिए खुले

**मंडी (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से सांसद और बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट ने कहा है कि उनसे मिलने वाले मंडी क्षेत्र का आधार कार्ड लेकर आएं। मिलने आने वाले लोगों को अपने



आने का मकसद कागज पर लिखकर लाना होगा। कंगना ने गुरुवार को मंडी के पंचायत भवन में आयोजित जनता से संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यहां पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा- हमारे प्रदेश में पूरे देश से बहुत सारे पर्यटक आते हैं, इसलिए मिलने आने वाले लोगों के पास मंडी क्षेत्र का आधार कार्ड होना जरूरी है। लोगों की समस्या या मिलने का कारण भी कागज पर लिखकर ही लाएं।

## 25 जून 'संविधान हत्या दिवस' घोषित, केंद्र सरकार का ऐलान

- नोटिफिकेशन जारी, 1975 में इसी दिन लगी थी इमरजेंसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' घोषित कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार 12 जुलाई को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया है। शाह ने लिखा, 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता को दर्शाते हुए देश में आपातकाल लगाकर भारतीय



लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था। लाखों लोगों को अकारण जेल में डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाना इस बात की याद दिलाएगा कि उस दिन क्या हुआ था और भारत के संविधान को कैसे कुचला गया था। ये भारत के इतिहास में कांग्रेस द्वारा लाया गया एक काला दौर था। उधर, कांग्रेस ने सरकार के इस फैसले को एक और सुर्खियां बटोरने वाली कवायद बताया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, यह नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री की एक और सुर्खियां बटोरने वाली कवायद है, जिसने दस साल तक अघोषित आपातकाल लगाया था।

# असम में मां-बाप के साथ वक्त बिताने के लिए मिलेगी छुट्टी

### हिमंत बिस्वा सरमा सरकार का बड़ा ऐलान, दो दिन मिलेगी अतिरिक्त लीव



गुवाहाटी (एजेंसी)। असम सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए एक विशेष छुट्टी का ऐलान किया है। हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार की तरफ से घोषणा की गई है कि नवंबर में सभी सरकारी कर्मचारियों को दो दिन का अवकाश अपने माता - पिता या फिर सास-ससुर के साथ बिताने के लिए दिया जाएगा। वहीं इस छुट्टी का इस्तेमाल अपने निजी कार्य या फिर मौज-मस्ती के लिए नहीं किया जा सकेगा। जिनके माता-पिता या सास-ससुर कोई नहीं हैं, उन्हें इस स्कीम का फायदा भी नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने गुरुवार को कहा कि यह अवकाश निजी मनोरंजन के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। जिन कर्मचारियों के माता-पिता या सास-ससुर नहीं हैं उन्हें छुट्टियां नहीं मिलेंगी। सीएमओ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में सरकार ने छह व आठ नवंबर 2024 को राज्य कर्मियों को उनके माता-पिता या सास-ससुर के साथ समय बिताने के वास्ते इस अवकाश की घोषणा की है। ये छुट्टियां बुजुर्गों के सम्मान व उनकी देखभाल के लिए है। सीएमओ ने कहा है कि सात नवंबर को छठ पूजा और नौ को दूसरे शनिवार की छुट्टी और 10 नवंबर को रविवार की छुट्टी के साथ ही इन विशेष छुट्टियों को



लिया जा सकता है। कहा है कि आवश्यक सेवाओं में काम कर रहे कर्मी चरणबद्ध तरीके से इसे ले सकते हैं। हिमंत ने कहा कि बहुत सारे लोगों को अपने मां-बाप के साथ समय बिताने का मौका ही नहीं मिलता है।

## बिम्स्टेक के जरिए ताकत दिखाने की तैयारी में भारत

- चीन को चुनौती और एशिया में अपनी ताकत और नेतृत्व को आगे बढ़ाने में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिम्स्टेक के जरिए भारत एशियाई देशों के बीच अपने नेतृत्व को मजबूती से रखने के लिए प्रयास कर रहा है। कभी दक्षेस के जरिये भी ऐसे प्रयास हुए थे लेकिन उसमें पाकिस्तान की नकारात्मक भूमिका के बाद भारत ने बिम्स्टेक मंच को प्राथमिकता देनी शुरू कर दी है। नई दिल्ली में बिम्स्टेक देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में भी जयशंकर ने स्पष्ट रूप से इसके संकेत दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि यह मंच हमारी पड़ोस प्रथम, एक्ट ईस्ट और सागर विजन को आगे बढ़ाएगा। बहुक्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल (बिम्स्टेक)



हालांकि, ढाई दशक पुराना मंच है लेकिन मोदी सरकार में इस मंच को ज्यादा तरजीह दी गई है। इसमें भारत के अलावा छह अन्य देशों में बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका तथा थाइलैंड शामिल हैं। भारत इसका सबसे बड़ा सदस्य देश है। इसलिए इस मंच के जरिए न सिर्फ भारत बिम्स्टेक देशों के साथ अपने कारोबारी और राजनयिक रिश्तों को मजबूत कर रहा है, बल्कि इस मंच को अन्य एशियाई और आशियान देशों के साथ भी रिश्ते मजबूत करने का जरिया बना रहा है। जानकारों की मानें तो भारत के लिए बिम्स्टेक के जरिए एशिया में अपनी ताकत और नेतृत्व को आगे बढ़ाना बेहतर कारगर साबित हो सकता है। वह इस मंच में सबसे बड़ा देश और विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था भी है।

# अब इस्तेमाल करने योग्य नहीं बचे यूपी के 80 पुल

### बिहार हादसों के बाद योगी सरकार ने कराया था सर्वे, रिपोर्ट में कई खुलासे




**लखनऊ (एजेंसी)।** बिहार में पुलों के ढहने की खबरों के बीच उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में पुलों को लेकर सजग हो गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए यूपी की योगी सरकार ने सूबे में खासकर 50 साल से ज्यादा पुराने पुलों के सर्वे कराने का आदेश दिया है। ताकि भारी बारिश की स्थिति में किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। राज्य लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) यह कार्य सौंपा गया है। विभाग ने अब तक 700 से अधिक पुराने पुलों का सर्वे किया है, जिनमें से लगभग 80 पुलों को अनुपयुक्त पाया गया है या फिर उन्हें बड़ी मरम्मत की जरूरत है। अधिकारियों ने बताया कि सर्वे अभी भी चल रहा है और अंतिम रिपोर्ट अगले सप्ताह तक तैयार होने की संभावना है, जिसके बाद निर्णय लिया जाएगा कि किन पुलों की मरम्मत की जाएगी या उन्हें ध्वस्त किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने पड़ोसी राज्य बिहार में पुलों के ढहने की हालिया घटनाओं के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमें उत्तर प्रदेश में पुराने पुलों का गहन निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। इसका उद्देश्य उन पुलों की पहचान करना है जिनकी मरम्मत की जा सकती है या जिन्हें तोड़ा जाना है। इन पुलों की सिर्फ अधिरचना ही नहीं बल्कि उन खंभों की भी जांच की जा रही है जिन पर वे खड़े हैं। यह भी जांच की जा रही है कि कहीं उनके जलमार्गों में कोई रुकावट तो नहीं है, जिससे भारी बारिश के दौरान पानी रुक सकता है और आगे चलकर नुकसान, घिसाव, आधार आदि हो सकता है, ऐसा पता चला है। पीडब्ल्यूडी सभी पुलों का ऑनलाइन डाटा भी तैयार करेगा, जिसमें उनके निर्माण, रखरखाव तथा आवश्यक मरम्मत का विवरण होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने



बताया, निरीक्षण के दौरान असुरक्षित पाए गए पुलों को यातायात के लिए बंद कर दिया जाएगा, जबकि मरम्मत की आवश्यकता वाले पुलों पर आवश्यक काम किया जाएगा। राज्य में बड़ी संख्या में पुल हैं जो ब्रिटिश काल के दौरान बनाए गए थे, जिनमें राज्य की राजधानी लखनऊ, पड़ोसी शहर कानपुर और अन्य जिले शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर वे सलाह और भविष्य की योजना के लिए विशेष रूप से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से विशेषज्ञों को शामिल करने पर भी विचार कर रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## बांकेबाजार : बीडीओ उदय शंकर ने संभाला पदभार

**बांकेबाजार**। बांकेबाजार प्रखंड के बीडीओ अतुल प्रसाद के तबादले के बाद नए बीडीओ उदय कुमार ने गुरुवार को पदभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री कुमार सभी प्रखंड कर्मियों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि हम नए आए हैं। अभी पूरी भौगोलिक स्थिति की जानकारी नहीं मिल सकी है। आप लोग अपना काम समय पर पूरा करें। कहीं से कोई शिकायत नहीं मिलना चाहिए। मौके पर पंचायत सचिव कपिल रजक, टंडवा पंचायत की मुखिया विमला देवी, पननिया पंचायत की मुखिया माधुरी देवी, निरंजन कुमार, रवि कुमार भास्कर सहित अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## कांस्टेबल बनी एसआई, बोली-मेहनत रंग लाई

**मानपुर**। जिला बल में कार्यरत एक महिला कांस्टेबल अपने कठिन लग्न और परिश्रम के बल पर सब इंस्पेक्टर बन गई। महिला कांस्टेबल से एसआई बनी खुशी कुमारी ने कहा कि प्रण कर लेने से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। दैनिक भास्कर से बात करते हुए पटना के कुर्जी निवासी खुशी कुमारी ने कहा कि अक्टूबर 2022 को बतौर कांस्टेबल मुफस्सिल थाना में पदस्थापित हुई थी। जहां तत्कालीन थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद से टाइम मैनेजमेंट का गुर सीखकर ड्यूटी के साथ-साथ अपनी पढ़ाई जारी रखी।

## शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने का लिया गया निर्णय

**डुमरिया**। प्रखंड अंतर्गत बोधिबीघा थाना क्षेत्र के बलिया गांव स्थित एक सभागार में मुहर्रम को लेकर गुरुवार को स्थानीय थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें अधिकारियों के साथ प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। मौके पर सर्वसम्मति से मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं थाना अध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने लोगों से मुहर्रम पर्व के दौरान सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के साथ प्रशासन को पर्याप्त सहयोग की अपील की। इस मौके सैकड़ों की संख्या में जनप्रतिनिधि और दोनों समुदाय के लोग मौजूद थे।

## वाट्सएप से मिल रही किसान भाईयों को मौसम की जानकारी

**हरनौत**। हरनौत अक्सर अनावृष्टि या अतिवृष्टि से किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। अत्यधिक ठंड या गर्मी से भी कृषि कार्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। जिसे देखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र ने पहल की है। अब किसानों को मौसम की सही और सटीक जानकारी उनके वाट्सएप पर समय से दी जा रही है। इसमें अगले पांच दिनों में मौसम का पूर्वानुमान भी शामिल होता है। इसके अंतर्गत मुख्य रूप से आर्द्रता, हवा की स्थिति, बादलों की स्थिति, वर्षा एवं तापमान इत्यादि के बारे में किसानों को जानकारी दी जा रही है। साथ ही समसामयिक फसल प्रबंधन के बारे में भी किसानों को सचेत करने का काम वैज्ञानिक कर रहे हैं, जो किसानों को अपनी फसल के बेहतर उत्पादन व भंडारण में मददगार साबित हो रहा है। वाट्सएप समूह में जिले के विभिन्न प्रखंडों के सैकड़ों किसान जुड़े हैं।

## सुल्तानपुर मंगलाहाट में आज से नौ दिवसीय महायज्ञ शुरू



**टनकुप्पा**। प्रखंड के सुल्तानपुर मंगलाहाट में नौ दिवसीय महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गई है। शुक्रवार 12 जुलाई को कलश यात्रा के साथ श्री रूद्र महायज्ञ व हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू हो जाएगा। महायज्ञ का आयोजन नौ दिनों तक किया जाएगा। समस्त वैदिक कार्य झारखंड पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य श्री स्वामी गोविन्दाचार्य जी महाराज द्वारा किया जाएगा। यज्ञ कमेटी के शंभू शरण सिंह, मिथलेश सिंह, बबलू सिंह, पंकज सिंह, मंटू सिंह आदि ने बताया कि सुल्तानपुर मंगलाहाट में नौ दिवसीय महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था व पुलिस-प्रशासन की देखरेख में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। 20 जुलाई को महायज्ञ का समापन भंडारे के साथ किया जाएगा।

## लोडेड कट्टा के साथ एक बदमाश को धर दबोचा

**मानपुर**। मुफस्सिल पुलिस को बुधवार देर रात एक अहम सफलता हाथ लगी। अपराध की साजिश रचने की भनक लगते ही थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद द्वारा घेराबंदी कर लोडेड कट्टे के साथ एक बदमाश को दबोचा गया। वहीं दूसरा बदमाश मौके से भाग निकलने में कामयाब हो गया। हिरासत में लिए गया बदमाश काली पोखर निवासी दिनेश मालाकार का बेटे गोलू कुमार उर्फ निखिल राज उर्फ निखिल कुमार है। वहीं भागने वाले बदमाश की पहचान रामनगर रोड नम्बर 4 निवासी अमरनाथ प्रसाद के बेटे सूरज कुमार के रूप में हुई। इस संबंध में थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि पुलिस हिरासत में लिया गया बदमाश पूछताछ के दौरान पुलिस को गुमराह कर रहा था, लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर सारी जानकारी दे दी।



## खिजरसराय में वज्रपात से मौत के बाद परिजनों से मिले सांसद



**नीमचक बथानी**। जहानाबाद सांसद डॉ. सुरेंद्र यादव गुरुवार को खिजरसराय के पीर बिगहा गांव में पहुंचकर दो दिन पूर्व वज्रपात से मौत के शिकार हुए गणेश कुमार के परिजन से मिलने पहुंचे। परिजनों मिलने के दौरान उन्होंने अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द मुआवजा देने का निर्देश भी दिया। उन्होंने खिजरसराय के पचोई गांव के शिवबचन यादव की माता की मौत की सूचना पर उनके परिजनों से मिलने के साथ केबड़ी गांव के निवासी खिजरसराय राजद अध्यक्ष अर्जुन राम की भाभी की मौत पर भी उनके परिजनों से मिले। इसके अलावे श्री यादव ने लोदीपुर गांव के अमरेन्द्र कुमार के घर एक शादी समारोह में भी भाग लिया। मालूम हो कि जीत के बाद पहली बार खिजरसराय आने पर सांसद ने बाजार में रुककर सभी को अपनी जीत पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कभी किसी काम के लिए हर पल आप सभी मतदाताओं के लिए हमारा दरवाजा खुला हुआ है। मौके अमीर कुमार, अखिलेश चौधरी, सत्येंद्र सिंह यादव, गिरीश तिवारी, सुरेंद्र कुमार मधुकर सहित अन्य उपस्थित थे।

# 300 करोड़ के विश्वस्तरीय महाबोधि सांस्कृतिक सेंटर में जलजमाव

**भारी बारिश के बाद कन्वेंसन सेंटर के फर्स्ट गैलरी में घुसा पानी, प्रभारी डीएम ने दिए जांच के आदेश**

निज संवाददाता। गया



300 करोड़ रुपए से बोधगया में बनाए गए विश्व स्तरीय कन्वेंसन सेंटर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। गुरुवार की शाम 2500 लोगों की बैठने वाली क्षमता का कन्वेंशन सेंटर में बारिश का पानी घुस गया। यह समस्या मंच के ठीक नीचे फर्स्ट गैलरी में दिखी है। बारिश का पानी फर्स्ट गैलरी में आ गया और जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो गई। प्रभारी डीएम परितोष कुमार ने बताया कि नगर परिषद के कार्यपालक अभियंता को मौके पर निरीक्षण के लिए भेजा गया है। जलजमाव की समस्या क्यों हुई, इसकी वह जांच कर रिपोर्ट देंगे। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

**2022 में सीएम ने किया था उद्घाटन**: दरअसल 2018 में बिहार सरकार ने बोधगया मुख्य मार्ग पर महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण कार्य शुरू किया था। पर्यटन विभाग की ओर से इसकी बिल्डिंग तैयार की गई थी। बिल्डिंग तैयार करने का काम आहूवालिया कंपनी ने कराया। 22 मार्च 2022 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सेंटर का उद्घाटन किया था। इस मौके पर सरकार के कई मंत्री और कद्दावर नेता मौजूद थे। महाबोधि कन्वेंशन सेंटर में 2500 लोगों की बैठने की क्षमता है। दावा किया जाता है कि विश्वस्तरीय सुविधा आयोजकों को दी जाती है।

**गुरुवार को हुई बारिश से जलजमाव**: सूत्रों का कहना है कि महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में जलजमाव की समस्या पानी की निकासी बेहतर नहीं होने की वजह से उत्पन्न हुई है। पानी की निकासी नहीं होने की समस्या को प्रमुखता से उद्घाटन से पूर्व उजागर किया गया था। डीएम ने मामले की जांच का आदेश भी दिया था। सांस्कृतिक केंद्र का नाला लेबल नहीं होने की बात जांच में सामने आई थी। लेकिन अब तक समस्या का ठीक से समाधान नहीं हो सका। नतीजतन उद्घाटन के दो वर्ष बाद भी महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में जलजमाव की समस्या सामने आई है। लोगों का कहना है कि गुरुवार शाम 4 बजे से भारी बारिश ने भ्रष्टाचार का पोल खोल कर रख दिया।

# मांझी ने की गया में AIIMS की मांग

निज संवाददाता। गया



सांसद और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात कर बिहार में केंद्रीय कैंसर संस्थान और गया में AIIMS की स्थापना की मांग की है। मांझी ने कहा कि गया जिला उग्रवाद से प्रभावित रहा है और यहां अधिक संख्या में सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के लोग दैनिक रूप से संघर्षरत रहते हैं। ऐसे में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) जैसे आधुनिक चिकित्सा संस्थान का होना आवश्यक है। संबंधित संस्थान के अभाव में बड़ी संख्या में लोगों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में बिहार राज्य में पटना में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान संचालित है, लेकिन गया क्षेत्र विशेष रूप से ध्यान आकर्षण योग्य है। क्योंकि यह उग्रवाद से गंभीर रूप से प्रभावित रहा है। AIIMS के होने से बिहार झारखंड की सीमा पर अवस्थित होने के कारण दोनों राज्यों के जरूरतमंद व अस्वस्थ जन सामान्य के लिए जीवन उपयोगी प्रमाणित होगा। इस मसले पर सहमति व्यक्त करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही यह दोनों कार्य धरातल पर उतारे जाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और गया जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ने इस पर पूरे जिले वासियों की ओर से और पूरे गठबंधन के साथियों की ओर से जीतन राम मांझी के प्रति आभार व्यक्त किया है। कहा कि निश्चित तौर पर बिहार के लिए और गया के लिए AIIMS मिल का पत्थर साबित होगा। मौके पर मुकेश चौधरी, दीना मांझी, शंकर मांझी, आयुष पासवान, दिवाकर सिंह, पंकज सिंह, सुषमा डांगी, सुधीर यादव, विजय कुमार, सुनील कुमार मांझी, रामसनेही मांझी, राकेश कुमार विनय कुमार, उमेश दास आदि उपस्थित थे।

# नालंदा में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, चालक की मौत

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सारे थाना क्षेत्र के झरहा गांव निवासी नंदे यादव के पुत्र सोनी यादव(25) के तौर पर हुई है। मौत की खबर सुनते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि सोनी यादव ट्रैक्टर लेकर मानपुर स्थित ईंट भट्ठे पर जा रहा था। इसी बीच बिलासपुर गांव के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। गाड़ी के नीचे दबने से वो बुरी तरह से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से बिहारशरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में एक ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तक परिजनों की ओर से आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है।

# वज्रपात से तीन लोगों की मौत, महिला-बुजुर्ग, बच्ची झुलसी

♦ दो खेत में कर रही थी काम और एक छत पर स्नान कर रही थी

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में गुरुवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में वज्रपात से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला, एक बुजुर्ग और एक बच्ची शामिल है। घटना गोखुलपुर, कतरीसराय और अस्थावां थाना क्षेत्र में हुई है। देर शाम परिजन शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। पहली घटना गोखुलपुर थाना क्षेत्र के पकड़िया बिगहा गांव की है है। जहां 30 वर्षीय पिंकी देवी खेत में घास काट रहीं थीं, तभी बारिश के बीच वज्रपात हुआ। जिसकी चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। गोखुलपुर थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

**दूसरी घटना**: दूसरी घटना कतरीसराय थाना क्षेत्र के बरांदी गांव में हुई है जहां 60 वर्षीय सचित सिंह खेत में काम कर रहे थे, तभी वे वज्रपात की चपेट में आ गए। पंचायत समिति सदस्य ने बताया कि सचित सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोग ठनका गिरने के बाद मौके पर पहुंचे, लेकिन उसके पूर्व ही बुजुर्ग की मौत हो चुकी थी।

**तीसरी घटना**: तीसरी घटना अस्थावां थाना क्षेत्र के चकदीन गांव की है। जहां 8 वर्षीय सुष्मिता कुमारी बारिश के बीच छत पर नहा रही थी। तभी वह वज्रपात की चपेट में आ गई। स्थानीय डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले जाया गया, हालांकि उसके पूर्व ही बच्ची की मौत हो चुकी थी। प्रभारी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# हमारी सरकार काम करने में विश्वास रखती है, बिहारशरीफ में विकास कार्यों का उद्घाटन

**मंत्री श्रवण कुमार बोले- विकास के मामले में बिहार अग्रणी राज्य है**

निज संवाददाता। नालंदा



मंत्री श्रवण कुमार ने बिहारशरीफ के ग्राम पंचायत राज वियावानी में नवनिर्मित नाला और छठ घाट पर सीढ़ी निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर स्थानीय सांसद कौशलेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत नाल का निर्माण किया गया है।

**हमारी सरकार बोलने में काम करने में ज्यादा विश्वास रखती है**: इस मौके पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि अब गांव में जल जमाव की समस्या का निराकरण हो गया है। ग्रामीणों ने नाला निर्माण के लिए आवेदन दिया था। जिसे पूरा किया जा चुका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में न्याय के साथ राज्य में विकास हो रहा है। हमारी सरकार बोलने में कम और काम करने में ज्यादा विश्वास रखती है।

**विकास के मामले में बिहार अग्रणी राज्य है**: उन्होंने आगे कहा कि बिहार में चल रही योजनाओं का अनुसरण अन्य प्रदेश की सरकारें कर रही है। विकास के मामले में बिहार आज अग्रणी राज्य है। यह मुख्यमंत्री के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व का कमाल है। 2005 से ही लोगों का अटूट प्रेम, आशीर्वाद, विश्वास, नीतीश कुमार को मिलता रहा है।

**रोजगार देने के मामले में बिहार सरकार देश में अव्वल है**: सात निश्चय योजनाओं के माध्यम से गांव को स्मार्ट बनाया जा चुका है। सात निश्चय योजना पार्ट 2 में युद्धस्तर पर काम चल रहा है। नीतीश कुमार ने विधानसभा चुनाव के समय 10 लाख नौकरी और 10 लाख युवाओं को रोजगार से जोड़ने का वादा किया था। जो आज पूरा होता दिख रहा है। रोजगार देने के मामले में बिहार सरकार देश में अव्वल है। वहीं, नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि न्याय के साथ विकास और सुशासन का मॉडल का डंका आज पूरे देश में बज रहा है। देश को इसकी जरूरत है।

**जेडीयू के नेता और कार्यकर्ता रहे मौजूद**: कार्यक्रम में जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंजन दत्ता, मंटू कुशवाहा, किशोरी महतो, बिंदेश्वरी महतो, रामजन्म रविदास, रामचंद्र प्रसाद, संजय प्रसाद वर्मा, गंगा यादव, वीरेंद्र प्रसाद, आकाश कुमार काजल, युगल किशोर मुखिया, ललन कुशवाहा, बिट्टू कुशवाहा, जयंत शर्मा, मुन्ना कुशवाहा, प्रशांत कुमार, धनंजय मुखिया, प्रमोद यादव, योगेंद्र प्रसाद, शिवकुमार ठाकुर, उपेंद्र कुमार, दिलवाले, शिवनंदन प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजगीर में हवाई अड्डा निर्माण की कवायद फिर शुरू

निज संवाददाता। नालंदा




पर्यटक नगरी राजगीर में हवाई अड्डा बनाने की कवायद फिर से शुरू की गई है। कैबिनेट की ओर से प्रस्ताव पारित होने के बाद महादेवपुर और नालंदा विश्वविद्यालय के बगल में पहले से प्रस्तावित हेलीपैड बनाने की कवायद जिला प्रशासन ने शुरू किया था। उस जमीन और आसपास की जमीन की पैमाइश भी राजगीर अंचल की ओर से कराई गई थी, लेकिन उस स्थल की अपेक्षित लंबाई नहीं होने के कारण दूसरे जगह की तलाश अब शुरू की गई है। सीओ अनुज कुमार ने बताया कि हवाई अड्डा निर्माण के लिए 11 हजार फीट लम्बाई वाली जमीन की आवश्यकता है। लेकिन महादेवपुर और नालंदा विश्वविद्यालय के समीप के हेलीपैड की जमीन की लंबाई मात्र 7500 फीट है, जो हवाई अड्डा के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रखंड के मेयार और बढ़ौना मौजा के अलावे बरनौसा और लोदीपुर मौजा में भी स्थल का चयन किया गया है। अंचल अमीन से इसकी पैमाइश भी कराई गई है। नए प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण अपर समाहर्ता मंजीत कुमार, एसडीओ कुमार ओमकेश्वर, भूमि सुधार उपसमाहर्ता उपेंद्र सिंह ने किया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को डीएम शशांक शुभंकर हवाई अड्डा के प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण करेंगे। डीएम के निरीक्षण बाद ही हवाई अड्डा के चयन पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेयार और बढ़ौना मौजा के बीच 550 एकड़ जमीन का चयन किया गया है। यह प्रश्नगत भूमि 3.33 किलोमीटर लंबी और 709 मीटर चौड़ी है। इस प्रस्तावित हवाई अड्डा की लंबाई 11000 फीट और चौड़ाई 2000 फीट है।

# पुरुष परिवार नियोजन की समझ को बढ़ाएं, महिलाओं पर नहीं हो पूरा भार

निज संवाददाता। गया



महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य के लिए परिवार नियोजन के विचार को समझना जरूरी है। परिवार नियोजन की समझ को विकसित करने के लिए पुरुषों को भी आगे आने की जरूरत है। परिवार नियोजन का भार सिर्फ महिलाओं पर छोड़ देना सही नहीं है। परिवार नियोजन से स्वस्थ्य परिवार का निर्माण होता है। किसी महिला को लगातार बच्चे होने की तुलना में अंतराल रखने वाली महिलाओं का स्वास्थ्य और उनके बच्चे भी सेहतमंद होते हैं। मां और बच्चे के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर इसका सकारात्मक असर पड़ता है। मेडिकल साइंस ने माना है कि कम से कम तीन साल का अंतराल मां और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। पति-पत्नी दोनों को परिवार नियोजन के स्थायी और अस्थायी साधनों के इस्तेमाल की जानकारी होनी चाहिए। इस विषय पर पर झिझक नहीं बल्कि खुल कर जानकारी लेने की कोशिश होनी चाहिए। ताकि एक स्वस्थ्य समाज का निर्माण किया जा सके। उक्त बातें विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर सिविल सर्जन के निर्देश पर आयोजित परिवार नियोजन मेला के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान डीआईओ डॉ. राजीव अम्बष्ठ ने कही। उन्होंने कहा कि जिला में 11 जुलाई से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष जनसंख्या स्थिरता पखवारा का थीम विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपत्ति की शान है। परिवार नियोजन सेवा पखवारा का उद्देश्य गर्भावस्था के स्वस्थ्य समय और अंतराल को बढ़ावा देना है। परिवार नियोजन मेले का हुआ उद्घाटन गुरुवार को शहर के जय प्रकाश नारायण अस्पताल सहित जिला के सभी प्राथमिक तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान परिवार नियोजन मेला लगा कर वहां आये लोगों को परिवार नियोजन के साधनों की जानकारी दी गई। जेपीएन अस्पताल परिसर में परिवार नियोजन मेले का उद्घाटन डॉ. राजीव अम्बष्ठ तथा डीपीएम नीलेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर उनके साथ यूनिसेफ से संजय कुमार, पीरामल संस्था से अभिनव, पीएसआई से अजय कुमार, डीसीएम मनीष सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी तथा कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम के बाद परिवार नियोजन के प्रति जागरुकता लाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों ने सारथी रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

# शांति समिति की बैठक में डीएम ने दिया आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता



**नवादा।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा एवं अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक, नवादा की संयुक्त अध्यक्षता में आज समाहरणालय के सभाकक्ष में अधिकारियों और जिला स्तरीय शांति समिति के सम्मानित सदस्यों के साथ मुहर्रम पर्व 2024 को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा विधि-व्यवस्था संधारण करने के लिए महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस अवसर पर सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों से फीडबैक प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी नवादा ने कहा कि शांति समिति के सदस्य मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला के शांति दूत हैं। इस पर्व को सम्पन्न कराने के लिए सभी लोगों को तत्परता से कार्य करना होगा। इसके लिए जिला, अनुमंडल और भीड़ वाले स्थलों पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जायेगी। सभी शांति समिति के सदस्य युवा वर्ग को शांतिपूर्ण ढ़ंग से पर्व सम्पन्न कराने के लिए सही मार्गदर्शन देंगे। सभी प्रकार की आधारभूत सुविधा इस पर्व के अवसर पर नागरिकों को उपलब्ध करायी जायेगी। लाईसेंसधारी भी अपने स्तर से वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी कराना सुनिश्चित करेंगे। ड्रोन के माध्यम से भी मेला और भीड़ पर निगरानी की जायेगी। मेला स्थल एवं कर्बला जाने के रास्ते में लाईटिंग और सीसीटीवी अधिष्ठापन एवं स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई एवं चलन्त शौचालय आदि की व्यवसथा सुलभ करायी जायेगी। अम्बरीश राहुल पुलिस अधीक्षक नवादा ने कहा कि अभी तक सभी पर्व त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से से सम्पन्न कराने में शांति समिति के सम्मानित सदस्यों का काफी सहयोग रहा है। इस मोहर्रम पर्व में भी शांति समिति के सदस्यों का सहयोग अपेक्षित है। सोशल मीडिया पर भी जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। अफवाह फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार के अफवाह को संबंधित अधिकारियों से जांच करा लें। जुलूस में शामिल बच्चे किसी भी घटना पर रिएक्ट नहीं करें। डीजे पर पूर्णरूपेण प्रतिबंध है। मोटरसाईकिल का प्रयोग जुलूस में नहीं किया जायेगा। राजनीतिक दलों का पोस्टर, बैनर आदि नहीं रहेगा। नशा में कोई नागरिक शामिल नहीं होंगे। अस्त्र-शस्त्र, डीजे एवं लाठी का उपयोग नहीं होगा। सभी लाईसेंसधारी कार्यकर्ता एवं कुछ वोलेंटियर पहचान पत्र के साथ प्रतिनियुक्त करेंगे जिसकी सूचना प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को देंगे। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए जगह-जगह पर ड्रॉप गेट लगाया जायेगा। सीसी टीवी, वीडियोग्राफी एवं उँचे भवनों पर सशस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। उन्होंने कहा कि मुख्य जुलूस बुन्देलखण्ड से डीएम आवास तक जाती है, जहां ड्रोन कैमरा से भी निगरानी रखी जायेगी। संबंधित स्थलों पर पूर्व की भांति अस्थायी नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। जुलूस दूसरे धर्म के स्थान पर नहीं रोकना है एवं किसी के भावनाओं को आहत नहीं पहुंचाना है।

एसडीओ रजौली श्री आदित्य कुमार पियूष ने कहा कि सभी लाईसेंसधारी को ही जुलूस में सम्मिलित किया जायेगा। निर्धारित रूट मार्ग से ही जुलूस चलेगा। लाउडीस्पीकर की अनुमति एसडीओ कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 10:00 बजे रात्रि के बाद लाउडीस्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। जुलूश मार्ग में स्थित सभी बिजली के तारों को ठीक किया गया है। वोलेंटियर अपने साथ आधार कार्ड आदि पहचान पत्र अवश्य रखेंगे। अफवाह फैलाने वालों पर सख्ती से निपटाया जायेगा। पिंकी देवी मुख्य पार्षद नगर परिषद नवादा ने कहा कि जुलूस और मेला में सभी प्रकार की आधारभूत सुविधा उपलब्ध हो और ड्रोन के माध्यम से मेला पर निगरानी रखने की आवश्यकता है। शांति समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील स्थल के संबंध में फिडबैक दिया, जो शांति व्यवस्था कायम रखने में कारगर साबित होगा। सभी सम्मानित सदस्यों ने कहा कि मोहर्रम के जुलूस में डीजे, अस्त्र-शस्त्र आदि का प्रदर्शन नहीं होगा। जिला प्रशासन भी इसको सख्ती से अनुपालन कराये। पिछले वर्ष भी इसपर प्रतिबंध लगाया गया था। सभी स्थलों पर जुलूस मार्ग एवं मेला स्थल पर पूर्ण साफ-सफाई, लाईटिंग, पेयजल एवं चलन्त शौचालय की सुविधा सुलभ करायी जायेगी। समय के अनुसार संबंधित क्षेत्रों में जुलूस मार्ग में बिजली काटी जायेगी। शांति समिति के सदस्यों ने कहा कि पैकारी/परिभ्रमण करने वाले जो संबंधित ईमामबाड़ा तक जाते हैं, उनको आधारभूत सुविधा उपलब्ध करायी जाय। मो. अनवर भट्ट ने कहा कि लाईटिंग एवं साफ-सफाई की व्यवस्था नगर परिषद के द्वारा किया जाना चाहिए। शैलेन्द्र कुमार एमएलए प्रतिनिधि ने कहा कि मिल्की गांव में चार जगहों से ताजिया निकलती है।

# किसान का बेटा बना सब इंस्पेक्टर, परिजनों में खुशी



निज संवाददाता

**पकरीबरावां (नवादा)।** प्रखंड के डुमरी गांव निवासी गृहिणी प्रतिमा कुमारी एवं किसान मनोज कुमार के पुत्र सन्नी कुमार का बिहार पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर चयन हुआ है। उन्होंने पुलिस कांस्टेबल रहते हुए सब इंस्पेक्टर की परीक्षा पास की है। तीसरे प्रयास में उन्होंने यह सफलता प्राप्त कर लोगों के बीच यह संदेश दे गए कि एक - दो बार असफल होने के बाद भी निराश नहीं होना चाहिए। अपितु और अधिक मेहनत व लगन से तैयारी में जुट जाना चाहिए। उनकी यही दृढ़ इच्छा शक्ति का सुखद परिणाम सबके सामने है। पुलिस कांस्टेबल सन्नी का अंतिम परीक्षा परिणाम के उपरांत सब इंस्पेक्टर पद पर चयन होने की खबर मिलते ही परिजनों एवं उनके चाहनेवालों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। सन्नी की प्रारंभिक पढ़ाई घर पर ही हुई। इसके बाद बारहवीं एवं स्नातक के बाद प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुट गए। इस बीच बिहार पुलिस में जाने की इच्छा हुई। वर्ष 2015 में उन्होंने बिहार पुलिस की परीक्षा पास कर अपने सपनों को उड़ान दी। उन्होंने नौकरी तो ज्वाइन कर ली, परंतु वे इससे संतुष्ट नहीं थे। वे तैयारी में जुट गए। ड्यूटी के बाद जो समय मिलता था, उन्होंने इसका सदुपयोग करते हुए सब इंस्पेक्टर परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी। इनके अथक प्रयास व मेहनत रंग लाया और इन्होंने परीक्षा में सफलता हासिल की। सन्नी ने बातचीत में बताया कि वे चार से पांच घंटे का समय निकालते हुए पढ़ाई जारी रखी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन क्लासेस के माध्यम से तैयारी की। उन्होंने समाज के युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि अगर सच्ची लगन व मेहनत हो, तो सफलता जरूर मिलती है। बता दें कि सन्नी वर्तमान में सहरसा में पोस्टेड हैं। सब इंस्पेक्टर बनने पर सन्नी को कोशी क्षेत्र के डीआईजी मनोज कुमार एवं एसपी हिमांशु द्वारा एक समारोह आयोजित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इधर, सन्नी को बधाई देने वालों का तांता लगा है। घर वाले सफलता पर खासे उत्साहित हैं।

# रंगशाला के निर्माण से जिले के कलाकार राष्ट्रीय स्तर पर दिखा सकेंगे अपनी प्रतिभा

निज संवाददाता



**नवादा।** वर्षा फाउंडेशन के द्वारा जिलाधिकारी को आवेदन देकर अवगत कराया और जिले में रंगशाला बनवाने को लेकर अपनी मांग रखी । सागर इंडिया पिछले कई सालों से जिले में कलात्मक गतिविधि कर रहे हैं और यहां के बच्चों को रंगमंच से जोड़कर कलात्मक गतिविधियों के माध्यम से, यहां के बच्चों की प्रतिभा को निखार रहे हैं। सागर से अभिनय सीखकर जिले के कई बच्चे फिल्म और रंगमंच में, मुंबई, दिल्ली में काम कर रहे हैं। जिले के स्थानीय प्रतिनिधि से लेकर, वर्तमान, पूर्व - विधायक, सांसद महोदय को भी रंगशाला बनवाने के लिए, आवेदन देकर उन्हें इस विषय से अवगत करा चुके हैं, और पूर्व के दिनों में बिहार सरकार के कला संस्कृति मंत्री को भी सागर इंडिया के नेतृत्व में जिले के 12 कलाकारों का प्रतिनिधिमंडल आवेदन देकर रंगशाला बनवाने को लेकर अपनी मांग रख चुका है, पर मिला तो सिर्फ आश्वासन। अधिकारियों का कहना है कि जिले के टाउन में सरकारी जमीन कहां है, जहां रंगशाला बन सके। जिले में रंगशाला बनने से, कई फायदे होंगे जिसमें यहां के कलाकारों को अपने प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा और वह देश विदेश में अपनी कला की प्रस्तुति कर जिले का नाम रोशन करेंगे। दूसरी ओर देश के बड़े कलाकार नवादा पहुंचकर, यहां अपनी प्रस्तुति देंगे। जिले में कलात्मक माहौल बनेगा और नवादा में मगध की लोकनाट्य, लोकगीत, लोकसाहित्य आदि को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का मौका मिलेगा। जिले में सिर्फ एक टाउन हॉल है, जहां अब तक सरकारी मीटिंग, कोई भी सांस्कृतिक, प्राइवेट कार्यक्रम होते रहते हैं, यहां नाटक होना संभव नहीं है, ना ही कलात्मक प्रस्तुति होना संभव है, क्योंकि ना तो यहां मंच की कोई उचित व्यवस्था है, न ही प्रस्तुति ,स्तर का लाइट पर्दा और ग्रीन रूम है। पिछली बार जिला युवा महोत्सव में, नाटक में 'मंगरुआ बनल दरोगा' को प्रथम स्थान मिला था सागर इंडिया के लेखन, निर्देशन में नाटक को जिलाधिकारी महोदय उदिता सिंह द्वारा राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में भेजा गया था। पर बिना बेहतर अभ्यास के, नवादा नाटक विधा में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाने से चूक गया। सागर इंडिया और उनके टीम में शामिल कलाकार निराश होकर लौटे। उन्होंने जिलाधिकारी को, बताया कि हम अगर बेहतर अभ्यास कर के गए होते, तो नवादा जिला नाटक में प्रथम आता, लेकिन अभ्यास करने के लिए रंगशाला या उचित जगह न होने के कारण, हम पुरस्कार जीतने से चूक गए। सागर बताते हैं, मैं पिछले कई सालों से जिले में रंगशाला बनवाने को लेकर प्रयासरत हूं। विभागीय अधिकारी, जिले के विधायक, सांसद, नेता, राज्य के मंत्री, सबसे मिल चुका हूं, पर मिला है सिर्फ आश्वासन। जिले के बुद्धिजीवी और व्यापारिक, समाजिक, कलाकार वर्ग सबका सहयोग जरुरी है। सब मिलकर आवाज उठाएंगे, तभी यहां रगंशाला बन पाएगा और जिले से भी देश के बड़े कलाकार निकल पाएंगे। वर्तमान जिलाधिकारी महोदय को आवेदन देने के बाद, उन्हें रंगशाला के, विषय वस्तु से अवगत कराया गया, उन्होंने भरोसा दिलाया जल्द ही हम रंगशाला के बिषय को लेकर काम करेंगे, उन्होंने विभागीय अधिकारी, कला एवं संस्कृति जिला पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी को रंगशाला बनाने के विषय से अवगत कराया और उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। फिल्म अभिनेता सागर इंडिया और जिला कला एवं संस्कृति अधिकारी, प्रतिभा कुमारी का बैठक हुआ जिसमें जिले में रंगशाला बनने के विषय में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुआ, जैसे जिले में खाली जगह कहां है जहां रंगशाला बनाया जा सकता है इत्यादि। मौके पर वर्षा फाउंडेशन के सचिव फिल्म अभिनेता सागर इंडिया, संस्था सदस्य मेकअप आर्टिस्ट शर्मीली शाह मौजूद रही।

# मंजौर गांव निवासी अश्विनी बना दरोगा अपने दूसरे प्रयास में किया सफलता हासिल

निज संवाददाता

**नवादा।** जिले के वारिसलीगंज प्रखंड अंतर्गत मंजौर गावं निवासी अश्विनी कुमार ने दरोगा बनकर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। वह अपने दूसरे प्रयास में यह सफलता हासिल किया है, जिससे परिवार और गांव के लोग काफी खुश है। अश्विनी कुमार मंजौर ग्राम के झरी बिगहा ग्राम निवासी सुखदेव मेहता और मंजू देवी के पुत्र हैं, जो वर्तमान में शिव नगर नवादा में अपने पुरे परिवार के साथ रहकर पढ़ाई कर रहे थे। अश्विनी के पिता सुखदेव मेहता गिरियक प्रखंड में कृषि पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं ,और उनकी मां मंजू देवी गृहणी हैं। तीन भाई और चार बहनों में मझले भाई अश्विनी कुमार के बड़े भाई नवादा के हीं रोह प्रखंड में उद्यान पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। बचपन से मेधावी रहे अश्विनी कुमार ने यह सफलता दूसरी प्रयास में प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि पहली परीक्षा में हम दौड़ नहीं निकाल पाए थे, जिसके बाद फिटनेस पर ध्यान दिया और दौड़ पर मेहनत किया। उन्होंने कहा कि पटना में रहकर सेल्फ़ स्टडी करते हुए सेट प्रैक्टिस जीडी क्लब पटना में किया और दौड़ का प्रैक्टिस कृति डिफेंड एकेडमी नवादा के मिर्जापुर में किया ,जिसके बाद यह सफलता



हमें मिली। मुझे बचपन से पुलिस विभाग में जाकर देश और जनता की सेवा करने की चाह थी, जो आज पुरा हो गया। उन्होंने कहा सतत प्रयास से हर सफलता हासिल किया जा सकता है।

# 24 घंटे के अंदर 35 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी-एसपी

**नवादा (नि.सं.)।** अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 10 जुलाई 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, लूट में 01, पोक्सो एक्ट में 01, अनुसूचित जाति/जनजाति एक्ट में 05, मद्य निषेध में 08, हत्या के प्रयास में 01 एवं अन्य गिरफ्तारी 19 कुल 35 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 53 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट का निष्पाद की संख्या 67 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 03 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 379 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 500 रूपया वसूला गया है। अन्य बरामदगी अन्तर्गत स्कूटी 01 बरामद किया गया।

## सबमर्सिबल चोरी

**कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)।** गुरुवार की रात थाना क्षेत्र के मंझिला पंचायत अंतर्गत सलैया गांव के किसान बुंदी चौधरी के बोरिंग में लगे सबमर्सिबल अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। पीड़ित किसान ने बताया कि गांव के पास ही सड़क के किनारे उनके खेत में लगे सबमर्सिबल को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। तथा बोरिंग में ईंट, पत्थर,मिट्टी आदि भर दिए गए।

# कृषक उत्पादक संगठन के निदेशक मंडल को दिया गया प्रशिक्षण

निज संवाददाता




**कौआकोल (नवादा)।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर अवस्थित प्रशिक्षण भवन में शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा, नवादा के बैनर तले कृषक उत्पादक संगठन के निदेशक मंडल का प्रशिक्षण सह वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविन्द कुमार एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए जीएनएम के प्रधान मंत्री अरविंद कुमार ने देश के पीएम नरेन्द्र मोदी के 100 दिवसीय कार्य योजना के बारे मे जानकारी देते हुए किसान उत्पादक संघ के विकास में कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा उपलब्ध तकनिकी ज्ञान के महत्व एवं बाजार उपलब्धता पर जानकारी देते हुए कृषि तकनिकों का अधिक से अधिक प्रयोग करने एवं लाभ देने पर जोर दिए। वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने सभी किसान उत्पादक संघ को सरकारी सहायता प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार के लाईसेंस के बारे में अवगत कराते हुए इसे लेने में होने वाले समस्याओं का समाधान के बारे में जानकारी दी। मौसम वैज्ञानिक रौशन कुमार ने एफपीओ के सही संचालन के तरीके व क्रियान्वयन के तरीका पर प्रशिक्षण दिये। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक रविकांत चौबे, अंगद कुमार, डॉ. शशांक शेखर सिंह, सुमिताप रंजन, अनिल कुमार समेत अन्य सम्बंधित लोग मौजूद थे।

# पैक्स सदस्यों की बैठक आगामी 19 जुलाई को

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)।** प्रखंड के परमा पैक्स के सभी सदस्यों की बैठक आगामी 19 जुलाई 2024 को होगी। यह बैठक परमा पैक्स गोदाम में आयोजित किया गया है। पैक्स अध्यक्ष उर्मिला देवी ने बताया आगामी 19 जुलाई को 12 बजे दिन में सभी पैक्स सदस्यों की बैठक पैक्स गोदाम परमा होना है। यह बैठक बीते नौ जुलाई को आम सभा से प्रस्तावित था, लेकिन कोरम के अभाव में स्थगित करने के वजह से यह बैठक हो रही है। इस बैठक में समिति का मुख्यालय बदलने पर और पूर्व वितीय वर्ष में दिए गए।

# अंधेर नगरी, चौपट राजा वाली स्थिति है वन विभाग की

- **झारखंड राज्य के पुलिस पदाधिकारी ने थाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें वन विभाग के फॉरेस्टर और गार्डों पर मारपीट और लूट का आरोप लगाया गया है।**

निज संवाददाता

**नवादा।** वन प्रमंडल में अंधेर नगरी, चौपट राजा की कहानी चरितार्थ हो रही है। ऐसे में वन पदाधिकारी के कार्य कलापों पर उंगलियां उठनी शुरू हो गयी है। फिर नियम-कानून की बात करनी ही बेमानी है। यहां हम बात कर रहे हैं ककोलत वन में कार्यरत फोरेस्ट व गार्डों पर थाली थाना में दर्ज प्राथमिकी की। नियमतः प्राथमिकी दर्ज होते ही संबंधित को कार्य से अलग करने का प्रावधान है लेकिन प्राथमिकी के करीब एक माह बाद भी सभी आठ नामजदों से पूर्ववत कार्य कराया जा रहा है। मामला झारखंड राज्य में कार्यरत पुलिस पदाधिकारी से वन कर्मचारियों द्वारा मारपीट व छिनतई से जुड़ा है। झारखंड राज्य में कार्यरत पुलिस पदाधिकारी गोविन्दपुर प्रखंड क्षेत्र के सोरहा गांव के मुसाफिर यादव के पुत्र पवन कुमारअवकाश में घर आये थे। 24 जून पड़ रही भीषण गर्मी में अपने कुछ दोस्तों के साथ वाहन को वन विभाग के बैरियर के पास खड़ा कर जलप्रपात पर स्नान करने गये थे। वापसी में बैरियर पर कार्यरत वन कर्मियों द्वारा नाजायज राशि की मांग की थी। इंकार करने पर मारपीट कर उनके पास रहे नकदी समेत अन्य सामानों की लूट के साथ वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया था। नियम के विपरीत कार्य करने व मारपीट से आहत पुलिस पदाधिकारी ने इस बावत थाली थाने में संबंधित फौरेस्टर अरविंद कुमार उर्फ अरविंद रजक, फौरेस्ट गार्ड प्रवीण कुमार, मनोज कुमार, रीतेश कुमार, मंटू कुमार, तारा कुमार, विपीन कुमार, सुरेश कुमार व अन्य के विरुद्ध भादवि 147, 148,149,342,323,324,385,379,504,506 के तहत कांड संख्या 124/24 दर्ज कराया था। बावजूद संबंधित ख को वहां से हटाने के बजाय वहीं काम लिया जा रहा है। वैसे में वन विभाग के कार्य कलापों पर उंगलियां उठनी शुरू हो गयी है।

# शैल मेमोरियल कार्डियक सेंटर का शुभारंभ

निज संवाददाता



**पटना।** राजीवनगर (आशियाना -दीघा रोड में राजीव नगर थाने के पास) पटना, में शैल मेमोरियल कार्डियक सेंटर का उद्घाटन स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री, मंगल पाण्डेय, बिहार सरकार के द्वारा किया गया। वरीय हृदय रोग विशेषज्ञ डा. बी. पी. सिंह, डी. एम. द्वारा स्थापित इस जांच केन्द्र में तमाम तरह के हृदय रोगो के सटीक जांच और ईलाज की सुविधा, जैसे ई.सी.जी., टी.एम.टी, इको, होल्टर आदि उपलब्ध रहेगा। डा. सिंह पूर्व में आई.जी. आई. एम. एस. में हृदय रोग विभाग के हेड रहे है, उन्ही के मार्गदर्शन में वहां इस विभाग का शुरूआत हुआ और करीब 28 वर्षो तक अपनी सेवा संस्थान में प्रोफेसर पद पर कार्यरत रहते हुए दिए, डी.एम. कार्डियो कोर्स की शुरूआत सह अत्याधुनिक कैथ लैब की स्थापना करवाए। उद्घाटन समारोह में स्वास्थ्य मंत्री ने इस आधुनिक कार्डियक सेंटर के शुभारंभ की शुभकामनाएं दीं और कहा कि बिहार के लोगों को डॉक्टर बी. पी. सिंह के इतने लंबे अनुभव का लाभ मिलेगा और बेहतरीन इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर प्रमुख गृह सचिव अरविंद चौधरी ने कहा कि हृदय रोग के मरीजों के लिए रियायती दरों पर डॉक्टर सिंह जैसे वरिष्ठ चिकित्सक की सेवा मिलना उनके लिए बहुत लाभकारी होगा। डॉक्टर बी.पी. सिंह ने बताया कि लगभग 3 दसकों तक लोगों की सेवा करने के बाद रिटायरमेंट के बाद पुनः लोगों के लिए सेवा प्रदान करने के लिए इस कार्डियक सेंटर की शुरुआत की गई है, इस सेंटर में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं जिससे मरीजों को कही बाहर जाने की परेशानियों से बचा जा सकेगा। इस मौके पर सैकड़ो चिकित्सक एवं गणमान्य जन उपस्थित थे और उन्होंने डॉक्टर सिंह को शुभकामनाएं दीं। उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में डा. सिंह सुबह 10 से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहेगें।

# कन्या उच्च विद्यालय की छात्राओं को नए कानून को लेकर किया गया जागरूक

निज संवाददाता

**नवादा।** नये कानून को लेकर लोगों को जागरूक करने की कड़ी में पुलिस प्रशासन ने गुरुवार को हिसुआ नगर परिषद क्षेत्र के +2- प्रोजेक्ट एमपीएस कन्या उच्च विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में एक जुलाई से लागू हुए नये कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गयी। मौके पर मौजूद हिसुआ थाना एसआई रूपा कुमारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया। छात्राओं के लिए जागरूक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि दंड से न्याय की ओर अग्रसर होते हुए एक जुलाई से नये कानून लागू हुए हैं। देशभर में लागू हुए नये कानून का सभी को पालन करना होगा। नया आपराधिक कानून औपनिवेशिक युग के पुराने कानूनों की जगह पर लाया गया है। उन्होंने बताया कि नये कानून में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के लिए सख्त सजा के प्रावधान किये गये हैं। नये कानून को लाने का उद्देश्य जांच और न्याय प्रणाली को पारदर्शी, सहज और सुलभ बनाना है। आमजन को नये कानून के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से स्कूल में इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ताकि स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी सहित आमजन नये कानून से परिचित हो सकें। गौरतलब है कि एक जुलाई 2024 से नये आपराधिक अधिनियम भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लागू हुए हैं। तीनों कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों और उनकी सजाओं को परिभाषित कर देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह बदलना है। यह कानून दंड नहीं बल्कि न्याय केंद्रित है। एसआई सुजाता कुमारी ने कहा कि यदि छात्र या छात्राओं के आस-पास अपराध घटित हो रहा है, तो उसकी जानकारी पुलिस को देनी चाहिए। छात्र-छात्राएं चाहे तो प्रतिदिन होने वाले सड़क हादसों में कमी लायी जा सकती है। यातायात नियमों का पालन करने एवं अन्यों को भी प्रेरित करने की बात कही।


COMFED

**शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड**

आरा डेयरी, कतीरा, जिला-आरा-802301(बिहार)

फोन नं॰: 06182-236694, ईमेल : aradairyara@gmail.com

शादुसःअभि0ःनिविदाः2409 | दिनांकः—11.07.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा की इकाई-आरा डेयरी अन्तर्गत निम्नलिखित असैनिक कार्य के लिए वैसे संवेदक से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं, जिनका निबंधन, बिहार सरकार के आर. ई. ओ./भवन-निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग एवं काम्फेड के समुचित श्रेणी में है, काम्फेड को छोड़कर अन्य विभागों से निबंधित संवेदकों को परिमाण-विपत्र क्रय करने के समय यह साक्ष्य दिखाना होगा कि उनके द्वारा विगत चार वर्षों में निम्नांकित प्रकृति के कार्य के लिए प्राक्कलित राशि से अधिक के दो कार्य अवश्य पूरा कराये हों। साक्ष्य के अभाव में परिमाण-विपत्र निर्गत नहीं किया जाएगा। परिमाण-विपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से **दिनांक 13.07.2024 के पूर्वा0 10.30 बजे से दिनांक 27.07.2024 के अपराहन् 3.00 बजे** तक क्रय किया जा सकता है।

निविदा-प्रपत्र के साथ अग्रधन के रुप में प्राक्कलित राशि के दो प्रतिशत राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 के नाम से आरा में भुगतेय हो, निविदा में संलग्न कर भेजना होगा। तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड से संबंधित कागजात संलग्न कर अलग-अलग दो लिफाफे में भरकर इन दोनों लिफाफा को एक बड़े लिफाफा में भरकर इस मुहरबंद लिफाफे को **"शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा डेयरी, कतीरा मोड़ आरा-802301** के पता पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर द्वारा भेजे जाने पर ही स्वीकार किया जाएगा। बड़े लिफाफे के ऊपर "निविदा - जिसके लिए निविदा डाल रहें हैं, का नाम लिखा होना अनिवार्य है। विलम्ब से प्राप्त निविदा के लिए शाहाबाद दुग्ध संघ जिम्मेवार नहीं होगा।

| विवरणी | प्रक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| Construction of new boundary wall (85 Mtr Length) left side of Main Gate at Milk Chilling Centre Dumraon | 9,06,738.00 | 1,250.00 | 18,135.00 | Two month |

निविदा पहुँचने की अंतिम तिथि **दिनांक 29.07.2024 के अपराहन् 3.00 बजे** तक है। आमंत्रित निविदा, निविदा खोले जाने की आधा घंटा पूर्व अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। प्राप्त निविदाएँ, निविदादाता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष **दिनांक 29.07.2024 के अपराहन् 3.30 बजे** खोली जाएगी।

**निविदा की तिथि में परिवर्तन /रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा**

**प्रबंध निदेशक**

## संक्षिप्त समाचार

### हबीबपुर में दो वारंटी हुए गिरफ्तार

**भागलपुर।** हबीबपुर पुलिस ने दो वारंटियों को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसमें गोपाल वर्मा और नंदू चौधरी शामिल हैं। गोपाल को शिवाजी नगर मोहल्ले और नंदू को करोड़ी बाजार से गिरफ्तार किया गया। दोनों पर पहले से कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि इस इलाके में शराब के कारोबार के आरोप में पहले भी छापेमारी में कई लोग पकड़े जा चुके हैं।

### सैंड आर्टिस्ट पीपल पत्र से जनसंख्या नियंत्रण संदेश

**मुंगेर।** विश्व जनसंख्या दिवस पर सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने गुरुवार को पीपल के हरे पत्तियों पर सर्जिकल ब्लेड के सहारे अपनी एक अनोखी कलाकृति बनायी है तथा जनसंख्या विस्फोट से लोगों को आगाह किया हैं। सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने अपनी अनुपम कलाकृति जनसंख्या नियंत्रण दिवस को समर्पित किया है। उन्होंने लिखा है स्टॉप पॉपुलेशन। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई 1989 को यूनाइटेड नेशंस ने पहली बार विश्व जनसंख्या दिवस मनाया था। मैं भी जनसंख्या के बढ़ते विस्फोट से बचने के लिए आम लोगों को आगाह करने के उद्देश्य से अपनी कलाकृति बनाया हूं। जनसंख्या विस्फोट को काबू रखना हमारे अगले पीढ़ी के लिए हितकारी होगा।

### भागलपुर में गंगा नदी में डूबा युवक, स्नान करने के दौरान हुआ हादसा, मुहर्रम में अपनी नानी के घर आया था

**भागलपुर।** भागलपुर के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में गंगा में स्नान करने के दौरान एक युवक डूब गया। मौके पर मौजूद लोगों ने काफी प्रयास किया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। मामले की सूचना पर एसडीआरएफ टीम घटनास्थल पर पहुंची। तलाशी अभियान जारी है। घटना तिलकपुर पंचायत के कोलगामा स्थित गंगा घाट की है। गंगा में डूबे लड़के की पहचान मुंगेर जिला निवासी मोहम्मद हलीम के पुत्र आफताब आलम (17) के तौर पर हुई है। आफताब मुहर्रम में अपनी नानी के घर आया था। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वार्ड सदस्य चांद कुमार ने बताया कि आफताब गंगा में स्नान करने के गया था। स्नान करने के दौरान वो गहरे पानी चला गया। अभी तक उसका कुछ पता नहीं चला है। एसडीआरएफ टीम तलाश में जुटी हुई है।

### पति-पत्नी दोनों शिक्षक हैं, तो दोनों की पोस्टिंग एक ही स्कूल में होगी

**भागलपुर।** पटना पति-पत्नी दोनों शिक्षक हैं, तो दोनों की पोस्टिंग एक ही स्कूल में होगी; अगर ऐसा संभव न हुआ तो दोनों आसपास के स्कूल में रहेंगे। स्कूली शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग की बन रही नई नीति में ऐसी व्यवस्था की उम्मीद है। गुरुवार को नीति बनाने वाली उच्च-स्तरीय कमेटी की पहली बैठक हुई। नई नीति में वैसे शिक्षकों को राहत मिलेगी, जो खुद या जिनके आश्रित असाध्य रोग से पीड़ित हैं। कमेटी सभी तरह के स्कूली शिक्षकों के लिए समेकित नीति बनाएगी और विभाग को रिपोर्ट देगी। अंतिम फैसला मंत्री व विभाग के अपर मुख्य सचिव के स्तर होगा। कमेटी ने पहली बैठक में ट्रांसफर-पोस्टिंग की मौजूदा नीति को देखा। फिलहाल राज्य में 3 तरह के शिक्षक हैं। सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों की पोस्टिंग के बाद 4 तरह के शिक्षक हो जाएंगे। पुराने वेतनमान वाले सहायक शिक्षक हैं। इनमें 34 हजार 540 कोटि के शिक्षक भी हैं। इनमें प्राइमरी स्कूलों के सहायक शिक्षकों का जिला संवर्ग है। माध्यमिक स्कूलों के सहायक शिक्षकों का प्रमंडलीय संवर्ग है। जिला संवर्ग के सहायक शिक्षकों की पोस्टिंग वाले जिले के अंदर तथा माध्यमिक स्कूलों के सहायक शिक्षकों के पदस्थापन वाले प्रमंडल के जिलों में ट्रांसफर की व्यवस्था है। जिला एवं प्रमंडल से बाहर ट्रांसफर लेने पर शिक्षक को सीनियॉरिटी गंवानी पड़ती है। दूसरे तरह शिक्षक नियोजित शिक्षक हैं।

### पत्नी से विवाद होने पर दो बेटी के पिता ने दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

**मुंगेर।** कासिम बाजार थाना क्षेत्र के लल्लू पोखर काली स्थान निवासी दिलीप मंडल का पुत्र 34 वर्षिय अजीत कुमार ने अपने घर में ही फांसी का फंदा लगाकर इहलीला समाप्त कर ली। परिजनों की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। शव को फंदा से उतारा और पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा होल है। मृतक चार भाई में दूसरे नंबर पर था। इधर घटना के संबंध में जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि अजीत की शादी चार वर्ष पूर्व 2021 में हुई थी। दो वर्ष बाद से ही पत्नी जुली कुमारी से मामूली विवाद होता रहता था। जिसमें अजीत के ससुराल पक्ष के लोग हमेशा जुली को सपोर्ट किया करते थे। जिस कारण अजीत डिप्रेशन में रहता था। वह हमेशा अपनी पत्नी और बच्चों से कहता था कि वह मर जाएगा। सोमवार को वह अपनी दोनों बेटियों को बिस्कुट लाकर दिया और अपने छत पर कमरे में चला गया। इस बीच उसकी मां ने कहा कि चाय बना रहे हैं पी लो। अजीत ने कहा कि छत से वापस आते हैं, तो पी लेंगे। इस बीच जब कुछ देर तक वह नीचे नहीं आया, तब उसकी मां रूपा देवी चाय पहुंचाने उसके कमरे में गई। स्थिति देखकर वह अवाक रह गई। मां ने देखा कि उसका पुत्र दुपट्टा से फांसी लगा लिया है। मां के रोने की आवाज सुन अन्य परिजन भी छत पर पहुंच गए। माजरा समझते देर ना लगी। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। लल्लू पोखर से सूचना आया कि एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर हमलोग पहुंचे और मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों के मुताबिक युवक का दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। जिस कारण उसने फांसी लगाया। आगे की जांच जारी है।



### एमालटा के प्रतिनिधि मंडल ने सीएस को सौंपा ज्ञापन, सिनर्जी वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी बरत रही कार्य में शिथिलता



**मुंगेर।** अपनी तीन सूत्री मांगों के समर्थन में ऑल इंडिया मेडिकल लेबोरेटरीज टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन (एमालटा) मुंगेर के पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिन्हा से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इसका नेतृत्व कर रहे मुंगेर एमालटा के सचिव मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि जिला में सिनर्जी वेस्ट कंपनी के द्वारा प्रतिदिन कचरा का निष्पादन नहीं किया जाता है। बावजूद इसके प्रत्येक महीने उनके द्वारा दिए गए भारी भरकम बिलों का भुगतान हमलोगों को ससमय करना पड़ता है। बेसिक कटेगरी के जांच घरों में कम कचरा होता है इसलिए उचित मानक तय करते हुए सिनर्जी वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी पर उचित करवाई करने कि मांग की गई है। वहीं सिविल सर्जन से मिलकर जिला के सभी पैथोलॉजी, एक्स-रे सेंटर के हितों के लिए रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र/ नवीनीकरण कि अवधि को कम से कम पांच वर्षों के लिए बढ़ाने कि मांग की गई है। इसके अलावा बेसिक कटेगरी के जांच घरों में गजट-2018 के अनुसार अग्निशमन यंत्र कि कोई आवश्यकता नहीं है। इसलिए वांछित करने कि मांग की गई है। उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल में संयुक्त सचिव राज कुमार प्रसाद, रजाद्दीन, जैनेंद्र कुमार और विकास कुमार शामिल थे।

# भागलपुर में NHM कर्मियों का प्रदर्शन, फेस अटेंडेंस का विरोध

## समान काम के लिए समान वेतन की मांग, मरीजों की बढ़ी परेशानी

निज संवाददाता। भागलपुर




भागलपुर में संविदा एनएचएम कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। समान काम के लिए समान वेतन की मांग को लेकर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के बैनर तले सैकड़ों कर्मियों ने रैली निकालकर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

**दैनिक मानदेय और भत्ता में बढ़ोतरी होनी चाहिए:** प्रदर्शन में शामिल कर्मियों ने बताया कि सरकार की यह दोहरी नीति है। फेस अटेंडेंस मांगा जा रहा है। यह सब पर लागू होना चाहिए। दैनिक मानदेय और भत्ता में बढ़ोतरी होनी चाहिए। कई ऐसे अस्पताल हैं, जहां मोबाइल नेटवर्क की समस्या बनी रहती है। जिससे फेस अटेंडेंस में काफी परेशानी होती है। समस्या नेटवर्क के कारण होती है, लेकिन इसका खामियाजा हमलोगों को भुगतान पड़ रहा है।

**इस सैलरी से घर चलाना भी मुश्किल हो गया है:** वहीं, NHM रिया कुमारी ने बताया कि रेफरल अस्पताल में सुविधा के नाम पर जीरो है। पीने तक के लिए पानी नहीं है। पूरे दिन भूखे-प्यासे काम करना पड़ता है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीकाकरण से लेकर के सभी सरकारी कार्यों को हमलोग अच्छे से करते हैं। उसके बाद भी मानदेय एक दैनिक मजदूर से भी कम है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जाने के लिए सरकार की ओर से भत्ता तक नहीं मिलता है। इतनी कम सैलरी में घर चलाना भी मुश्किल हो गया है।

**8 जुलाई से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर एनएचएम कर्मी:** बता दें, अपनी मांगों को लेकर एनएचएम कर्मी 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के चलते RI, NCD, TELIMEDICINE, RCH सहित उपस्वास्थ केंद्रों पर ओपीडी सेवा बंद हो गई है। जिससे अस्पताल आने वाले मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# गंगा का बढ़ने लगा जल स्तर, कटाव से किसान परेशान

निज संवाददाता। मुंगेर



♦ मुंगेर में महेशपुर और टिकारामपुर में बहाव तेज, प्रशासन के कार्रवाई की मांग

मुंगेर में एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश के कारण गंगा के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। गुरुवार को आपदा विभाग की ओर से जारी किए गए आंकड़े के अनुसार गंगा का जल स्तर दोपहर दो बजे तक 35.37 सैंटीमीटर दिखाया गया, जबकि खतरे का स्तर 39.33 सैंटीमीटर है और वॉर्निंग का स्तर 38.33 सैंटीमीटर है। फिलहाल गंगा का जल स्तर खतरे के निशान से मात्र 3.96 सैंटीमीटर ऊपर है। वहीं वॉर्निंग लेबल से मात्र 2.96 सैंटीमीटर नीचे गंगा बह रही है। गंगा का जल स्तर अत्यधिक बढ़ने के कारण तेज धार रहने की वजह से अब दियारा क्षेत्र में किसानों के जमीन भी कटने लगे हैं। गंगा में तेज धार बहने के कारण सदर प्रखंड क्षेत्र में दो जगहों पर बीते दो दिनों से कटाव शुरू हो गया है। दियारा में कटाव होने के कारण किसानों के चेहरे पर मायूसी आने लगी हैं। किसानों का कहना हा कि जिला प्रशासन की ओर से ऐसे समय में जल्द से जल्द संज्ञान लेना चाहिए। इससे कि हम किसानों के खेत गंगा में जाने से बच सकेंगे।

**महेशपुर और टिका रामपुर में हो रहा कटाव:** गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए भास्कर संवाददाता ने ग्राउंड लेवल पर लगभग 10 किलोमीटर तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया। इसमें सबसे पहले तारापुर दियारा पंचायत के महेशपुर घाट पर जब संवाददाता पहुंचे। तो देखा गया कि वहां पहले तो अवैध मिट्टी खनन के कारण गड्ढा बना हुआ है। इसके साथ ही लगातार कटाव होने से किसानों की जमीन गंगा में समा रही है। इस दौरान चंडिका स्थान टिकारामपुर गंगा घाट पर देखा गया कि खेत में लगी फसल गंगा में समा रही है।

## ऋण वसूली अभियान

# 2 वारंटी केसीसी डिफॉल्टर गिरफ्तार

निज संवाददाता। मुंगेर

दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक शाखा कौड़ा मैदान द्वारा गुरूवार को पुलिस टीम के साथ हठी बकायेदारों के यहां ऋण वसूली अभियान तीन गांव हेरुदियारा, फरदा और डकरा में चलाया गया। इसमें कुल 2 वारंटी को गिरफ़्तार किया गया। रिकवरी ड्राइव का नेतृत्व ज़िला मुंगेर के डीओसीसी इंचार्ज शशि अग्रवाल, कौड़ा मैदान शाखा के शाखा प्रबंधक रंजित कुमार, अधिकारी मुकेश कुमार गुप्ता कर रहे थे। इस अभियान में 13 जुलाई तक ऋण चुकाने हेतु बकायादारों ने आश्वासन दिया। बैंक के अधिकारी ने बताया कि बैंक का ऋण लेकर जान बूझकर चुकता नहीं करने वालों की अब खैर नहीं है। क़ानूनी प्रक्रिया के तहत उनके विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इन सभी के द्वारा 2011-12 में कौड़ा मैदान शाखा से केसीसी ऋण लिया गया था जो लगातार नोटिसों के बावजूद भी अभी तक बैंक को वापस नहीं किया गया। शाखा के द्वारा पूर्व में ही पीडीआर एक्ट के तहत 456 ऋण डिफॉल्टर के खिलाफ केस दर्ज कराया जा चुका है। इसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए सभी डिफॉल्टर ऋणियों पर नीलाम पदाधिकारी द्वारा बॉडी वारंट निर्गत किया जा चुका है। क्षेत्रीय प्रबंधक श्री पीके घोष ने एक बार पुनः सभी डिफॉल्टर ऋणियों को आग्रह किया है की वे अविलंब बैंक शाखा पहुंचकर बकाया ऋण चुकता कर लें।

# 151 महिलाओं ने निकाली भव्य कलश शोभा यात्रा

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर के फरदा पूर्वी टोला गांव में आज शुक्रवार की सुबह अखंड रामधुन यज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं के द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। इस दौरान रास्ते में श्रद्धालु ढोल नगाड़ा और निशान हाथों में लेकर चल रहे थे। जय श्री राम का नारा लगा रहे थे। कलश शोभा यात्रा के दौरान रास्ते में कई जगह समाजसेवियों के द्वारा ठंडा पानी और शरबत की व्यवस्था की गई थी। कलश शोभायात्रा कार्यक्रम मंदिर प्रांगण से पूरे विधि विधान के साथ 151 कुमारी कन्या एवं महिलाओं ने निकाला। गंगा नदी से जल भरकर माथे पर कलश लेकर गाजे बाजे के साथ भगवा ध्वज लहराते हुए हुए परहम, फरदा ठाकुरबारी का भ्रमण करते हुए शोभायात्रा फरदा दुर्गा मंदिर पहुंची। वहीं आयोजक समिति के सदस्य के द्वारा बताया गया कि अखंड रामधुन नवाह यज्ञ नौ दिन तक चलेगा, जो कि 21 जुलाई को समाप्त होगा। मौके पर विनोद कुमार, विभाश यादव, रामप्रसाद मंडल, आशीष कुमार, टुनटुन मण्डल, मंटू राम, सोनेलाल मंडल, कामदेव चौधरी, सुनील मण्डल, चिंटू कुमार आदि मौजूद थे।

## स्कूल के छत की रेलिंग गिरने से 3 बच्चे घायल, मधेपुरा से गंभीर स्थिति में भागलपुर रेफर

निज संवाददाता। मधेपुरा



मधेपुरा के उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल के पुराने भवन की छत का रेलिंग गिरने से 3 बच्चे घायल हो गए है। घायलों को पीएचसी से प्राथमिक इलाज के बाद भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया है। तीनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह हॉस्टल के रहने वाले तीन बच्चे स्कूल परिसर में पुराने भवन के नीचे चापाकल के पास स्नान कर रहे थे। स्नान करने के दौरान स्कूल की दूसरी मंजिल की छत का रेलिंग टूट कर गिर गया। इसमें तीनों बच्चे बुरी तरह से जख्मी हो गए।

**जांच के बाद स्कूल के संचालक पर होगी कार्रवाई:** आनन-फानन में तीनों बच्चे को स्थानीय पीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए भागलपुर रेफर कर दिया। घायलों में बिकोठी निवासी संतोष यादव के बेटे रिशु राज (8 साल), योगीराज निवासी देवानंद यादव के बेटे स्वामी देव (9 साल) और पुरुषोत्तम कुमार (9 साल) शामिल है। पीएचसी के डॉक्टर ने बताया कि तीनों की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया है। इसमें से स्वामी देव और पुरुषोत्तम कुमार को सिर में चोट लगी है। दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जबकि, रिशु कुमार का पैर पूरी तरह से फ्रैक्चर हो गया है। सूचना मिलते ही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निर्मला कुमारी ने अस्पताल पहुंचकर बच्चे का हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि तीनों बच्चे का इलाज चल रहा है। मामले की जांच कर स्कूल संचालक पर कार्रवाई की जाएगी।

# TMBU का 65वां स्थापना दिवस समारोह आज, बैठक कर वीसी ने की तैयारियों की समीक्षा

निज संवाददाता। भागलपुर

## कमेटी के सदस्यों को दिए गए निर्देश



टीएमबीयू का 65वां स्थापना दिवस समारोह आज मनाया जाएगा। गुरुवार शाम कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। पीआरओ डॉ. दीपक कुमार दिनकर ने बताया कि विश्वविद्यालय की स्थापना दिवस समारोह को लेकर सारी तैयारी देर शाम तक पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर गठित कमेटी के सदस्यों और अधिकारियों के साथ कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने गुरुवार की शाम लालबाग स्थित अपने आवासीय कार्यालय में समीक्षा बैठक की। वीसी ने खुद सभी स्तरों की तैयारियों का जायजा लिया और कमेटी के सदस्यों को जरूरी निर्देश दिए।

**कई बिंदुओं की बारिकी से समीक्षा की:** टीएमबीयू के स्थापना दिवस समारोह में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय और एलएनएमयू दरभंगा के कुलपति के साथ-साथ भागलपुर के सांसद, स्थानीय विधायक, एमएलसी, मेयर, एसएसपी, पूर्व कुलपति आदि वीआईपी गेस्ट को आमंत्रित किया गया है। कुलपति के निर्देश पर डीएसडब्ल्यू प्रो. बिजेंद्र कुमार अधिकारियों और कर्मियों के साथ कार्यक्रम को मूर्त रूप देने में देर शाम तक लगे रहे।

बैठक के दौरान कुलपति ने मंच पर सिटिंग व्यवस्था, मंच संचालन, प्रकाशन, मुद्रण, कार्ड वितरण, ध्वजारोहण, तिलकामांझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि, सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि कार्यों की बारिकी से समीक्षा की। समीक्षा बैठक में डीएसडब्ल्यू प्रो. बिजेंद्र कुमार, कुलसचिव डॉ. विकाश चंद्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आनंद कुमार झा, पीआरओ डॉ. दीपक कुमार दिनकर, एनएसएस कॉर्डिनेटर डॉ. राहुल कुमार, डॉ. प्रज्ञा राय, डॉ. स्वस्तिका दास, डॉ. निर्मला कुमारी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. जनक श्रीवास्तव, डॉ. दिव्यानंद, डॉ. मंजीत कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

पूर्व रेलवे

मंडल इंजीनियर (IV), पूर्व रेलवे, मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **डीईएन/4/हावड़ा।** **ई-निविदा सं.:** 106_ 2024-25, **डीईएन/4/हावड़ा। कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा एवं डीईएन/4/हावड़ा के अधीन आरडीएसओ टेक. स्पेसि. 23 नं. के अनुसार कर्व (इलेक्ट्रॉनिक) पर ट्रैक माउंटेड गेज फेस लुब्रिकेटरों का संस्थापन। **अनुमानित मूल्य:** रु. 1,31,62,206.78, **बयाना राशि:** रु. 2,15,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** शून्य, **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 66 (छियासठ) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 01.08.2024 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-163/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

मंडल इंजीनियर (IV), मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **डीईएन/4/हावड़ा।** **क्रम सं. 1, ई-निविदा सं.:** 108_2024-25, **डीईएन/4/हावड़ा। कार्य का विवरण** : एईएन/रामपुरहाट के अधीन रामपुरहाट-दुमका के बीच एसएसई/पी.वे/रामपुरहाट के अधीन पी. वे रखरखाव कार्य (किमी. -101/0-162/2)। **अनुमानित मूल्य:** रु. 1,76,25,699.11, **बयाना राशि:** रु. 2,38,100/- **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं.:** 109_ 2024-25, **डीईएन/4/हावड़ा । कार्य का विवरण:** एईएन/रामपुरहाट के कार्यक्षेत्र में रामपुरहाट में रनिंग रूम का समुन्नयन। **अनुमानित मूल्य:** रु. 38,01,079.14, **बयाना राशि:** रु. 76,000/-, **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **क्रम सं. 3, ई-निविदा सं.:** 110_2024-25, **डीईएन/4/हावड़ा । कार्य का विवरण:** बोलपुर में रनिंग रूम और क्रू बुकिंग लॉबी। **अनुमानित मूल्य :** रु. 33,47,242.98, **बयाना राशि:** रु. 67,000/-, **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **क्रम सं. 4, ई-निविदा सं.:** 111_2024-25-जोन, **डीईएन/4/हावड़ा। कार्य का विवरण** : एईएन/रामपुरहाट के अधीन जोन नं. 23 (जनरल जोन एवं रोड जोन) समापन अवधि 30.06.2025, कार्यक्षेत्र किमी. 135/0 से किमी. 172/2 तक - बांसलोई ब्रिज से गुमानी (बोनीडांगा लिंक केबिन छोड़कर) राजग्राम और पाकुड़ क्वैरी सहित। इस कार्य में शामिल है एईएन/रामपुरहाट के कार्यक्षेत्र में सामान्य कार्य, सैनिटरी कार्य, लकड़ी कार्य, सड़क कार्य आदि। **अनुमानित मूल्य:** रु. 80,00,000/-, **बयाना राशि:** रु. 1,60,000/-, **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** शून्य (क्रम सं. 1, 2 3 एवं 4 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 01.08.2024 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-165/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं.:** 29-एसडीएसटीई-एएसएन-2024-25, **दिनांक** 10.07.2024, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल-जसीडीह-दुमका शाखा में ओएफसी के माध्यम से बीपीएसी मीडिया रिडंडेंसी का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 2,07,63,976.64, **बयाना राशि:** रु. 2,53,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 05.08.2024 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** **http://www.ireps. gov.in/** इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। निविदाकार/ बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर निश्चित रूप से पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं।
ASN-117/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं.:** 30-एसडीएसटीई-एएसएन-2024-25, **दिनांक** 11.07.2024, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल-निम्नलिखित के सिलसिले में एस एंड टी कार्य-(1) तापसी-बाराबानी मेन लाइन शाखा में एल.सी. गेट नं. 6एबी/ई का इंटरलॉकिंग एवं समुन्नयन (2) तापसी-बाराबानी कॉर्ड लाइन शाखा में एल.सी. गेट नं. 3/सी/ई का इंटरलॉकिंग एवं समुन्नयन और (3) अण्डाल-सांइथिया शाखा में एल.सी. गेट नं. 27/सी/ई का इंटरलॉकिंग एवं समुन्नयन **विज्ञापित मूल्य:** रु. 3,90,80,894.73, **बयाना राशि:** रु. 3,45,400/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 05.08.2024 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/** इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। निविदाकार/ बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर निश्चित रूप से पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं।
ASN-118/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



# सहरसा से सुपौल और मधेपुरा के लिए नई ट्रेन, 16 जुलाई से परिचालन



**सहरसा , एजेंसी।** बिहार के रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। सहरसा से सुपौल और मधेपुरा के लिए 16 जुलाई से नई मेमू पैसेंजर ट्रेन चलेगी। मेमू पैसेंजर ट्रेन की सुविधा दोनों तरफ से यात्रियों को मिलेगी। इस ट्रेन से सहरसा से सुपौल का सफर 55 मिनट में पूरा होगा। वहीं सहरसा से मधेपुरा का सफर 45 मिनट में तय होगा। हालांकि, मधेपुरा से सहरसा पहुंचने में ट्रेन को 50 मिनट लग जाएंगे। खास बात यह कि सुपौल-सहरसा मेमू ट्रेन से 15 मिनट पहले सहरसा पहुंचकर सुपौल जिले के लोगों को पटना जाने वाली राज्यरानी एक्सप्रेस से यात्रा करने की सुविधा मिल जाएगी। वहीं सुपौल और मधेपुरा आने-जाने वाली यह पहली मेमू ट्रेन होगी।

पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि सहरसा से नई मेमू पैसेंजर ट्रेन(05279) सुबह पौने पांच बजे खुलेगी और 5.40 बजे सुपौल स्टेशन पहुंचेगी। यह ट्रेन सुबह 4.58 बजे पंचगछिया और 5.10 बजे गढ़ बरुआरी स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में सुपौल से नई पैसेंजर ट्रेन(05280) सुबह 6.05 बजे खुलेगी और सात बजे सहरसा जंक्शन पहुंचेगी। यह ट्रेन सुबह 6.16 बजे गढ़ बरुआरी और 6.28 में पंचगछिया स्टेशन पहुंचेगी।

सहरसा से नई मेमू पैसेंजर ट्रेन(05251) दिन के साढ़े 12 बजे खुलेगी और मधेपुरा दोपहर 1.15 बजे पहुंचेगी। ट्रेन दिन के 12.38 बजे कारु खिरहरी, 12.44 में बैजनाथपुर और 12.52 बजे मिठाई हॉल्ट पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन(05252) मधेपुरा से दोपहर 2.40 बजे खुलेगी और साढ़े तीन बजे सहरसा जंक्शन पहुंचेगी।

## सहरसा-फारबिसगंज डेमू 16 से 20 मिनट बाद खुलेगी

सहरसा-फारबिसगंज डेमू पैसेंजर ट्रेन(05516) 16 जुलाई से 20 मिनट पहले सहरसा से खुलेगी। यह ट्रेन सुबह 6.45 की बजाय सुबह 7.15 बजे सहरसा से फारबिसगंज के लिए खुलेगी। समय में बदलाव किए जाने के बाद भी यह ट्रेन अपने पूर्ववत समय दिन के 11 बजे फारबिसगंज स्टेशन पहुंचेगी। ऐसे में इस ट्रेन से सफर में 16 जुलाई से यात्रियों के 20 मिनट समय बचेंगे। ईसीआर के सीपीआरओ ने कहा कि सहरसा-सुपौल नई मेमू ट्रेन के 16 जुलाई से परिचालन के कारण सहरसा-फारबिसगंज डेमू पैसेंजर ट्रेन(05516) के सहरसा-सरायगढ़ के बीच परिचालन समय में बदलाव किया जा रहा है। सरायगढ़ और फारबिसगंज के बीच ट्रेन की समय सारिणी में कोई बदलाव नहीं किया गया है और वह पूर्ववत रहेगी। उन्होंने कहा कि नई समय सारिणी मुताबिक ट्रेन 05516 सहरसा से सुबह 7.05 बजे खुलेगी और 7.14 में सहरसा कचहरी, 7.20 में नंदलाली, 7.26 में पंचगछिया, 7.33 में गढ़ बरुआरी, 7.39 में वीणा एकमा, 7.44 में सुंदरपुर, 7.50 में सुपौल, 8 बजे कदमपुरा, 8.09 में थरबिटिया, 8.18 में बैजनाथपुर अन्दौली, 8.24 में चांद पीपर और साढ़े आठ बजे सरायगढ़ स्टेशन पहुंचेगी।

ट्रेन दोपहर 2.47 बजे मिठाई, 2.55 में बैजनाथपुर और 3.01 में कारु खिरहरी पहुंचेगी। बीच के स्टेशन या हॉल्ट पर ट्रेन का ठहराव एक-एक मिनट दिया गया है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए सहरसा-सुपौल और सहरसा-मधेपुरा अप डाउन एक-एक जोड़ी नई मेमू पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन 16 जुलाई से करने का निर्णय लिया है। मेमू ट्रेनों के परिचालन में समस्तीपुर-सहरसा के बीच चल रही मेमू ट्रेन के रैक का उपयोग किया जाएगा। सहरसा-सुपौल अप डाउन नई मेमू पैसेंजर ट्रेन का परिचालन पहले से चल रही समस्तीपुर-सहरसा अप डाउन मेमू ट्रेन 05275/76 के रैक से ही किया जाएगा। ठीक उसी तरह से सहरसा-मधेपुरा अप डाउन नई मेमू ट्रेन का परिचालन समस्तीपुर-सहरसा अप डाउन मेमू ट्रेन के रैक 05243/44 से किया जाएगा। देखा जाय तो रेलवे ने सहरसा-समस्तीपुर के बीच चल रही मेमू ट्रेन के रैक को नया नंबर देकर सुपौल व मधेपुरा के लिए चलाने का निर्णय लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### चेतावनी स्तर से मात्र 139 सेंटीमीटर नीचे इस्माईलपुर-बिंद टोली में गंगा नदी का जलस्तर

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** इस्माईलपुर-बिंद टोली में गंगा नदी चेतावनी स्तर 30.60 मीटर से 139 सेंटीमीटर नीचे बह रही है। मिली जानकारी के अनुसार पिछले बारह घंटे में गंगा के जलस्तर में 28 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि होने पर दियारा किसान अगले कुछ दिनों में गांव की लोर लौटने लगेंगे। फिलहाल स्थिति पूरी तरह से सामान्य है। गुरुवार की सुबह इस्माईलपुर-बिंद टोली में गंगा नदी 29.21 मीटर पर बह रही है। खतरे का निशान 31.60 मीटर है। दूसरी ओर मदरौनी में कोसी नदी पिछले 12 घंटे में 19 सेंटीमीटर की वृद्धि के साथ 28.51 मीटर पर बह रही है।

### नए कानूनों को लेकर पुलिस ने छात्राओं के साथ की चर्चा

**गया, एजेंसी।** देश भर में एक जुलाई से लागू हुए नए आपराधिक कानूनों को लेकर पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को शेरघाटी के प्रोजेक्ट कन्या स्कूल में छात्राओं और शिक्षकों के साथ ताजा बदलावों को लेकर चर्चा की। शेरघाटी के थानेदार अजीत कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय दंड विधान की जगह अब भारतीय न्याय संहिता ने ले ली है। इसके साथ ही अपराध की धाराएं भी बदल गई हैं। उन्होंने कहा कि अपराधिक कांडों की जांच में भी कई तब्दीलियां की गई हैं, और अनुसंधान अधिकारी को ज्यादा जवाबदेह बनाया गया है। चर्चा में शामिल शेरघाटी थाने की सब इंस्पेक्टर कुमारी शिवानी ने महिलाओं से जुड़े अपराध पर फोकस करते हुए छात्राओं को छेड़छाड़, जबरदस्ती और दूसरे किस्म के अपराधों की बारीकियां तथा इससे निपटने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने ऐसे अपराधों में बदमाशों के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाइयों से भी छात्राओं को अवगत कराया। चर्चा में प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल के हेडमास्टर राजकुमार सिंह के अलावा कई शिक्षक और शिक्षिकाएं भी मौजूद थीं।

### एक पखबारा से उखड़कर सड़क पर गिरा है पेड़, जिम्मेदार मौन

**गया, एजेंसी।** शहर के चांदचौरा-देवी मंडप स्थान तीन मुहान से पुलिस लाइन की ओर गुजरी पक्की सड़क पर पिछले एक पखबारा से एक बड़ा वृक्ष उखड़कर सड़क पर गिरा है। लेकिन इसे एभी तक हटाने का कोई कारगर प्रयास नहीं किया गया। इसके कारण सड़क से होकर आवाजाही में लोगों के बीच परेशानी बढ़ी हुई है। शहर के पुलिस लाइन मुख्य सड़क पर पीपल का विशाल वृक्ष का बड़ा हिस्सा पड़े रहने से आवाजाही में जहां लोगो को परेशानी हो रही है वहीं दुर्घटना का भी भय बना हुआ है। पुलिस लाइन रोड से प्रति दिन स्कूली वाहनों के अलावे बड़ी संख्या में बड़ी व छोटी वाहन गुजरती है। सड़क पर बड़ा पेड़ के गिरे रहने से लोग काफी संभलकर सड़क पार कर रहे है। मोहल्ले वासियों ने बताया कि तेज हवा की चपेट में आने से विशाल पेड़ उखड़कर सड़क जा गिरा था। उस समय पूरे सड़क अवरुद्ध हो गया था। कुछ टहनियों को हटाने के बाद आवागमन के लिए कुछ भाग खुला। लेकिन अभी भी सड़क का काफी भाग अवरुद्ध है। लोगो ने डीएम, नगर आयुक्त सहित डीएफओ से सड़क पर पड़े पेड़ के अवशेष को जल्द से जल्द हटवाने का पहल तेज कराने की मांग की है।

### वृक्ष लगाओ सभी रोगों से मुक्ति पाओ : संत त्रिवेणी दास

**हाजीपुर/सोनपुर, एजेंसी।** सोनपुर में पर्यावरण बचाने के मद्देनजर विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से अभियान चला कर जगह-जगह पौधारोपण किया जा रहा है। संत त्रिवेणी दास गुरूवार को अपने सहयोगियों के साथ हरियाणा से सोनपुर पहुंचे। उन्होंने यहां के प्रसिद्ध हरिहरनाथ मंदिर के पूरब काली घाट पर पौधारोपण कर श्रद्धालुओं को पर्यावरण बचाने का संकल्प दिलाया। संत त्रिवेणी दास ने अपने संबोधन में मानव जीवन में पर्यावरण की महता पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। ताकि हमारे आसपास हरियाली से वातावरण स्वच्छ रहे और हम स्वच्छ वातावरण में सांस ले सकें। उन्होंने वृक्ष लगाओ वृक्ष बचाओ और सभी रोगों से मुक्ति पाओ का लोगों को संदेश दिया। इस अवसर पर समाजसेवी लालबाबू पटेल समेत अनेक सहयोगी व महिला श्रद्धालु उपस्थित थे।

## गंगा का बढ़ने लगा जल स्तर, कटाव से किसान परेशान

**मुंगेर में महेशपुर और टिकारामपुर में बहाव तेज, प्रशासन के कार्रवाई की मांग**



**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर में एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश के कारण गंगा के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। गुरुवार को आपदा विभाग की ओर से जारी किए गए आंकड़े के अनुसार गंगा का जल स्तर दोपहर दो बजे तक 35.37 सैंटीमीटर दिखाया गया, जबकि खतरे का स्तर 39.33 सैंटीमीटर है और वॉर्निंग का स्तर 38.33 सैंटीमीटर है। फिलहाल गंगा का जल स्तर खतरे के निशान से मात्र 3.96 सैंटीमीटर ऊपर है। वहीं वॉर्निंग लेबल से मात्र 2.96 सैंटीमीटर नीचे गंगा बह रही है। गंगा का जल स्तर अत्यधिक बढ़ने के कारण तेज धार रहने की वजह से अब दियारा क्षेत्र में किसानों के जमीन भी कटने लगे हैं। गंगा में तेज धार बहने के कारण सदर प्रखंड क्षेत्र में दो जगहों पर बीते दो दिनों से कटाव शुरू हो गया है। दियारा में कटाव होने के कारण किसानों के चेहरे पर मायूसी आने लगी हैं। किसानों का कहना हा कि जिला प्रशासन की ओर से ऐसे समय में जल्द से जल्द संज्ञान लेना चाहिए। इससे कि हम किसानों के खेत गंगा में जाने से बच सकेंगे।

### महेशपुर और टिका रामपुर में हो रहा कटाव

तारापुर दियारा पंचायत के महेशपुर घाट पर अवैध मिट्टी खनन के कारण गड्ढा बना हुआ है। इसके साथ ही लगातार कटाव होने से किसानों की जमीन गंगा में समा रही है। इस दौरान चंडिका स्थान टिकारामपुर गंगा घाट पर देखा गया कि खेत में लगी फसल गंगा में समा रही है। किसान कटीमन सिंह, सुनील सिंह, अशोक मंडल, सुनील कुमार, दिनेश मंडल, सरोज सिंह ने बताया कि दो दिनों से गंगा की तेज धार बहने के कारण फसल लगी जमीन कट कर गंगा में समा रही है।

इस कारण हम सभी किसान परेशान है। किसानों ने सांसद और जिला प्रशासन से जल्द इस पर कोई कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं फोन पर जिला आपदा प्रभारी कुमार अभिषेक ने बताया कि मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है। जल्द ही इस पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा कटाव को रोकने के लिए भी कार्य किया जाएगा।





## बुरा फंसा जोधपुर एम्स का छात्र हुकमा राम, सॉल्वर गिरोह का है मेंबर

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** नीट परीक्षा धांधली मामले में राजस्थान में कार्रवाई हई है। प्रयागराज के परीक्षार्थी राज पांडेय की जगह परीक्षा देने वाले सॉल्वर हुकमा राम को सस्पेंड कर दिया गया है। हुकमा राम को मुजफ्फरपुर में डीएवी स्कूल सेंटर पर डमी परीक्षार्थी के रूप में हॉल में घुसने से पहले पकड़ लिया गया था लेकिन स्कूल और पुलिस की शिथिलता से वह फरार होने में कामयाब हो गया। सॉल्वर हुकमा राम को जोधपुर एम्स ने निलंबित कर दिया है। वह जोधपुर एम्स में एमबीबीएस तीसरे वर्ष का छात्र है। हुकमा राम के खिलाफ नीट परीक्षा में फर्जीवाड़ा को लेकर मिठनपुरा थाने में केस दर्ज है। एसआई मिथुन कुमार ने जोधपुर एम्स को एफआईआर की कॉपी के साथ पत्र दिया था। इसमें फरार चल रहे हुकमा की गिरफ्तारी के लिए जोधपुर एम्स से सहयोग मांगा था। जोधपुर एम्स के सूत्रों ने उसके निलंबित किए जाने की पुष्टि की है। जोधपुर एम्स में अगले 26 जुलाई से परीक्षा होनी है। इससे पहले ही हुकमा राम को निलंबित किया गया है। हुकमा राम राजस्थान के बाड़मेर जिले के भियंड थाना शिव चौकी इलाके के अमर सिंह के धानी मोहल्ले का निवासी है। नीट परीक्षा में सॉल्वर के रूप में परीक्षा देने का सौदा होने के बाद बीते दो मई से वह जोधपुर एम्स में अनुपस्थित था।

### बायोमेट्रिक जांच में वह पकड़ा गया

नीट परीक्षा में बीते पांच मई को हुकमा राम मिठनपुरा के मालीघाट स्थित डीएवी सेंटर पर प्रयागराज के परीक्षार्थी राज पांडेय की जगह शामिल हुआ था। एडमिट कार्ड पर नाम राज पांडेय और तस्वीर हुकमा राम की लगी थी। बायोमेट्रिक जांच में वह पकड़ा गया। हालांकि, नीट की महत्ता को देखते हुए उसे परीक्षा देने से नहीं रोका गया। परीक्षा समाप्त होने के बाद हुकमा राम से पूछताछ की गई, तब हकीकत सामने आई। उसने कबूलनामा दिया, जिसमें राज पांडेय की जगह परीक्षा देने की बात स्वीकारी।

### हुकमा की गिरफ्तारी पर रोक

जोधपुर एम्स के आरोपित छात्र हुकमा राम की गिरफ्तारी पर कोर्ट से रोक लगी है। उसने कोर्ट में बीते चार जुलाई को अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की थी, जिसमें 26 जुलाई से एम्स में परीक्षा का हवाला दिया था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी का वारंट भी कोर्ट से ले लिया था। लेकिन, उसकी अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने उसके खिलाफ किसी तरह की सख्त कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया था।

### ओएसिस स्कूल के प्राचार्य समेत चार गए बेऊर जेल

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई रिमांड पूरी होने के बाद हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्राचार्य एहसानउल हक, उपप्राचार्य इम्तियाज, पत्रकार जमालुउद्दीन और अमर कुमार को गुरुवार को सीबीआई की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश किया गया। सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह ने चारों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में लेते हुए बेऊर जेल भेज दिया। पेपर लीक मामले में सीबीआई की दिल्ली की टीम ने इन चारों आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इन्हें दिल्ली स्थित सीबीआई कार्यालय में पूछताछ के लिए ले जाया गया था। पूछताछ पूरी होने और रिमांड अवधि समाप्त होने पर सीबीआई ने चारों को विशेष कोर्ट में पेश किया था, जहां से इन्हें बेऊर जेल भेज दिया गया।

## गोली लगने से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



**बक्सर, एजेंसी।** बक्सर के औद्योगिक थाना क्षेत्र के सारीमपुर मोहल्ले में दो दिन पहले गोली लगने से घायल युवक की मौत गुरुवार की शाम इलाज के दौरान हो गई। युवक का इलाज पटना में चल रहा था। वहीं मामले में दो नामजद और कई अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर लिया गया है। हालांकि परिजनों का कहना है कि गांव में उनका कोई दुश्मन नहीं है। इसलिए किसने गोली मारी कुछ पता नहीं।

मृतक के पिता खालिद शाह ने बताया कि उनका बेटा मजहर उर्फ सोनू की हत्या घर लौटते वक्त कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि वह प्रशासन न्याय की मांग करते है। हालांकि हत्या के संभावित कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। एसडीपीओ धीरज कुमार ने कहा कि परिजनों के बयान पर दो नामजद अभियुक्तों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई गई है। इसमें एक को मुख्य अभियुक्त और दूसरे को सहयोगी बताया गया है।

इसके अलावा कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। माना जा रहा है कि वारदात लड़की से जुड़े मामले को लेकर है। हालांकि जांच पूरी होने तक कुछ भी स्पष्ट रूप से कहना मुश्किल है। इधर शव के बक्सर पहुंचने के बाद पोस्टमॉर्टम करा कर परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

## जनसंख्या दिवस पर निकाली रैली

**मोतिहारी, एजेंसी।** जन संख्या नियंत्रण दिवस पर गुरुवार से 31 जुलाई तक परिवार नियोजन पखवाड़ा शुरू किया गया।इस अभियान को सफल बनाने के लिय सुबह में सदर अस्पताल परिसर से ए एन एम, जी एन एम व सदर अस्पताल के स्टाफ के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयाी। प्रचार रथ को डी एम ने हरी झंडी दिखा कर विदा किया। इस अभियान का उद्घाटन सीएस डॉक्टर विनोद कुमार सिंह ने सदर अस्पताल मदर चाइल्ड केयर यूनिट में किया । मौके पर ए सी एम ओ डॉ. श्रवण पासवान,डी एस डॉक्टर अवधेश कुमार, डी आई ओ डॉक्टर शरद चंद्र शरण सदर अस्पताल प्रबंधक कौशल दूबे, डी सी एम नंदन झा राजेश पांडेय, रोहित राज, विवेक कुमार , पप्पू राउत सहित अन्य थे। इस मौके पर नंदन झा ने बताया कि दो हजार बंध्याकरण करने का टारगेट दिया गया है। इसके अलावा पुरुष नसबंदी है। इस अभियान को सफल करने के लिए सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के गांव के लोगों में प्रचार रथ से जागरूक किया जाएगा। आंगन वाणी केंद्र पर सास बहू सम्मेलन भी हुआ है। आज से बंध्याकरण शुरू कर दिया गया है।

# दर्जा नहीं तो पैकेज चाहिए, स्पेशल केस है बिहार

## बजट से पहले जेडीयू ने बढ़ाया दबाव



**पटना, एजेंसी।** बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज देने की जदयू की पुरानी मांग फिर से जोर पकड़ी है। देश के बजट के पूर्व जदयू के वरिष्ठ नेताओं ने केन्द्र से यह अपेक्षा व्यक्त की है कि वह बिहार को विशेष दर्जा या विशेष पैकेज दे ताकि बिहार विकास की अपनी रफ्तार और तेज कर सके। देश के विकसित राज्यों के समकक्ष खुद को खड़ा कर सके। विशेष राज्य का दर्जा जेडीयू की यह पुरानी मांग है जिसे बीजेपी अब तक खारिज करती आ रही है। ज्ञात हो कि संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलने वाला है। इस सत्र के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024-25 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। 29 जून को दिल्ली में हुई जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भी यह मांग उठी थी। बाकायदा जदयू ने इसको लेकर प्रस्ताव पारित किया जिसमें कहा गया था कि विशेष राज्य का दर्जा अथवा विशेष पैकेज मिलने पर बिहार के विकास की गति और तेज होगी। वहीं, अब जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने यह मांग दोहरायी है। जदयू के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने नालंदा में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज की आवश्यकता है। इसका कारण है कि बिहार के पास प्राकृतिक संसाधनों की कमी है। इसके ऐतिहासिक और भौगोलिक कारण हैं। हमारे यहां न तो खदानें हैं और ना ही समुद्री तट। बिहार अपने सीमित संसाधनों के बलबूते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में तेजी से विकास कर रहा है। नीतीश कुमार ने यह दिखा दिया है कि कम संसधान के बावजूद हमारा राज्य तरक्की की रफ्तार के मामले में किसी विकसित राज्य से कम नहीं हैं। इसके बावजूद बिहार गरीब बना हुआ है। यही कारण है कि हमलोग विशेष दर्जा अथवा पैकेज की मांग कर रहे हैं। यही हमारी मांग का आधार है। बिहार को केंद्र सरकार से विशेष मदद की जरूरत है।

**लंबे समय से रही है मांग :** ग्रामीण विकास मंत्री ने पटना में गुरुवार को मीडिया से बातचीत में कहा है कि बिहार को विशेष दर्जा देने की मांग लंबे समय से रही है। यह मांग सिर्फ सत्ता पक्ष की नहीं बल्कि, जनता की रही है। बिहार सरकार ने भी विधानमंडल के दोनों सदनों से इसका प्रस्ताव पारित कर तत्कालीन यूपीए सरकार को भेजा था। यूपीए सरकार ने इसको नजर अंदाज कर दिया था। पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिहार पर विशेष ध्यान रहा है। पहले भी बिहार को मदद मिली है। हमलोगों को पूरी उम्मीद है कि प्रधानमंत्री बिहार की तरक्की के लिए विशेष दर्जा या विशेष पैकेज देंगे।

## राजगीर में हवाई अड्डा निर्माण की कवायद फिर शुरू

**नालंदा, एजेंसी।** पर्यटक नगरी राजगीर में हवाई अड्डा बनाने की कवायद फिर से शुरू की गई है। कैबिनेट की ओर से प्रस्ताव पारित होने के बाद महादेवपुर और नालंदा विश्वविद्यालय के बगल में पहले से प्रस्तावित हेलीपैड बनाने की कवायद जिला प्रशासन ने शुरू किया था। उस जमीन और आसपास की जमीन की पैमाइश भी राजगीर अंचल की ओर से कराई गई थी, लेकिन उस स्थल की अपेक्षित लंबाई नहीं होने के कारण दूसरे जगह की तलाश अब शुरू की गई है। सीओ अनुज कुमार ने बताया कि हवाई अड्डा निर्माण के लिए 11 हजार फीट लम्बाई वाली जमीन की आवश्यकता है। लेकिन महादेवपुर और नालंदा विश्वविद्यालय के समीप के हेलीपैड की जमीन की लंबाई मात्र 7500 फीट है, जो हवाई अड्डा के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रखंड के मेयार और बढ़ौना मौजा के अलावे बरनौसा और लोदीपुर मौजा में भी स्थल का चयन किया गया है। अंचल अमीन से इसकी पैमाइश भी कराई गई है।

**डीएम के निरीक्षण बाद ही हवाई अड्डा के चयन पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा :** नए प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण अपर समाहर्ता मंजीत कुमार, एसडीओ कुमार ओमकेश्वर, भूमि सुधार उपसमाहर्ता उपेंद्र सिंह ने किया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को डीएम शशांक शुभंकर हवाई अड्डा के प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण करेंगे। डीएम के निरीक्षण बाद ही हवाई अड्डा के चयन पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेयार और बढ़ौना मौजा के बीच 550 एकड़ जमीन का चयन किया गया है। यह प्रश्नगत भूमि 3.33 किलोमीटर लंबी और 709 मीटर चौड़ी है। इस प्रस्तावित हवाई अड्डा की लंबाई 11000 फीट और चौड़ाई 2000 फीट है।





# चातुर्मास के दिनों में क्या करें क्या न करें

चार महीनों का चातुर्मास न केवल स्वास्थ्य रक्षा बल्कि भक्ति, ज्ञान के संचय के लिए अति महत्वपूर्ण समय अवधि है। धर्मशास्त्रों के अनुसार चातुर्मास के दौरान क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, आइए जानते हैं। चातुर्मास का प्रारम्भ आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष की एकादशी से प्रारम्भ होकर कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तक प्रभावी रहता है, इस बीच श्रावण, भाद्रपद, आश्विन मास भी आता है। चातुर्मास व्रत के नियमों का पालन – चातुर्मास में व्रत के साथ-साथ कुछ नियमों का पालन करना चाहिए –

- चार मासों तक व्रती को कुछ खाद्य पदार्थ त्यागने चाहिए, इस संबंध में सिद्धांत यह है कि स्वास्थ्य रक्षा के लिए श्रावण मास में शाक, भाद्रपद में दही, आश्विन मास में दूध और कार्तिक मास में दालों का सेवन यथा संभव कम से कम अथवा नहीं करना चाहिए।
- चातुर्मास्य का व्रत करने वाले को शय्या-शयन, मांस, मधु आदि का त्याग करना चाहिए। उसे जमीन पर शयन करना चाहिए, पूर्णतः शाकाहारी रहना चाहिए तथा मधु आदि रसदार वस्तुओं का सेवन नहीं करना चाहिए।
- गुड़, तेल, दूध, दही, बैंगन, शाकपत्र आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। उक्त खाद्य पदार्थों के त्याग का शास्त्रों में निम्नलिखित फल कहे गए हैं। गुड़ त्याग से मधुर स्वर प्राप्त होता है। तेल त्याग से पुत्र- पौत्र आदि की प्राप्ति होती है और अंग-प्रत्यंग सुंदर हो जाते हैं। कड़वा तेल त्याग से शत्रु का नाश होता है। घृत त्याग से सौंदर्य मिलता है। शाक त्याग से बुद्धि एवं संतान प्राप्त होते हैं। शाक एवं पत्रों के त्याग से पकवान की प्राप्ति होती है। दधि-दुग्ध त्याग से वंश वृद्धि होती है तथा व्रती गौओं के लोक में जाता है। चातुर्मास्य में जो व्यक्ति उपवास करते हुए नमक का त्याग करता है, उसके सभी कार्य सफल होते हैं।
- चातुर्मास्य में व्रत का विशेष महत्व है, धर्म शास्त्रों में व्रत के भिन्न-भिन्न स्वरूप बताए गए हैं, जैसे, दिन में एक बार भोजन करना, दिन में एक बार फलाहारी भोजन करना, योगिजन एवं महात्माओं द्वारा दो दिन में एक बार भोजन करना, तीन रात उपवास करके चौथे दिन भोजन करना, पाँच रात उपवास करकेचातुर्मास के दिनों में क्या करें क्या न करेंछठे दिन भोजन करना इत्यादि करने का शास्त्रों में वर्णन प्राप्त होता है।

## चातुर्मास व्रत उद्यापन

चातुर्मास्य के व्रत पूर्ण होने पर व्रती को ब्राह्मणों को निमंत्रित कर भोजन कराना चाहिए। उन्हें दक्षिणा देकर यह प्रार्थना करनी चाहिए, हे प्रभु! आपको प्रसन्न करने के लिए मेरे द्वारा यह व्रत लिया गया था, हे जनार्दन! जो भी दोष हो, उसे क्षमा कर अपनी कृपा से मेरे सभी कार्य पूर्ण हों।''

# 5 शुभ संयोग में है देवशयनी एकादशी, 4 माह तक शयन करेंगे भगवान विष्णु, जानें मुहूर्त, व्रत पारण समय

**देवशयनी एकादशी का व्रत आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को रखा जाता है. देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु योग निद्रा में 4 माह के लिए चले जाते हैं. तब से चातुर्मास प्रारंभ हो जाता है, जो चार माह तक रहता है. चातुर्मास में सभी देव सो जाते हैं और सृष्टि का संचालन भगवान शिव के हाथों में आ जाता है. इस बार देवशयनी एकादशी के दिन 4 शुभ योग बन रहे हैं. देवशयनी एकादशी पर व्रत रखकर भगवान विष्णु की विधि विधान से पूजा करते हैं. उनकी कृपा से मोक्ष की प्राप्ति होती है, पाप नष्ट होते हैं.**

इस साल देवशयनी एकादशी का व्रत 17 जुलाई दिन बुधवार को रखा जाएगा. आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवशयनी एकादशी होती है. उस दिन व्रत रखते हैं और भगवान विष्णु की पूजा करते हैं. इस बार देवशयनी एकादशी पर 5 शुभ संयोग बन रहे हैं. देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु 4 माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं. सामान्य बोलचाल की भाषा में आपने लोगों से सुना होगा कि भगवान विष्णु शयन करने चले गए या देवता सो गए हैं. उस दिन से ही चातुर्मास का प्रारंभ होता है. देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक का समय चातुर्मास में आता है. तब तक कोई भी शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं. देवशयनी एकादशी पर 5 शुभ संयोग बन रहे हैं?

## देवशयनी एकादशी पर बन रहे 5 शुभ संयोग

इस बार देवशयनी एकादशी के दिन शुभ योग, शुक्ल योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग के साथ अनुराधा नक्षत्र का सुंदर संयोग बना है.

- **शुभ योग** – प्रातःकाल से लेकर सुबह 07.05 ए एम तक
- **शुक्ल योग** – सुबह 07.05 ए एम से 18 जुलाई को 06.13 ए एम तक
- **सर्वार्थ सिद्धि योग** – सुबह 05.34 ए एम से 18 जुलाई को 03.13 ए एम तक
- **अमृत सिद्धि योग** – सुबह 05.34 बजे से 18 जुलाई को तड़के 03.13 बजे तक
- **अनुराधा नक्षत्र** – प्रातःकाल से लेकर 18 जुलाई को 03.13 ए एम तक

## देवशयनी एकादशी मुहूर्त और पारण समय

**आषाढ़ शुक्ल एकादशी तिथि का शुभारंभ** – 16 जुलाई, मंगलवार, रात 08 बजकर 33 मिनट से
आषाढ़ शुक्ल एकादशी तिथि का समापन – 17 जुलाई, बुधवार, रात 09 बजकर 02 मिनट पर
**विष्णु पूजा का शुभ मुहूर्त** – प्रातः 05.34 ए एम से
**देवशयनी एकादशी पारण समय** – 18 जुलाई, प्रातः 05.35 ए एम से 08.20 ए एम के बीच
पारण के दिन द्वादशी का समापन – रात 08 बजकर 44 मिनट पर

## देवशयनी एकादशी व्रत के नियम

- नए कपड़े पहनना चाहिए. उसके बाद हाथ में जल लेकर देवशयनी एकादशी व्रत और विष्णु पूजा का संकल्प करना चाहिए.
- एकादशी व्रत के समय में आपको ब्रह्मचर्य के नियमों का पालन करना है. पूरे दिन फलाहार और जल पर रहना है. अन्न का सेवन वर्जित है.
- एकादशी के दिन सर्फ, साबुन, तेल का उपयोग, तामसिक वस्तुओं का सेवन, बाल, दाढ़ी और नाखून काटना वर्जित है.
- देवशयनी एकादशी पर आप घर में झाड़ू न लगाएं. कहा जाता है कि व्रती को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उसके हाथों किसी जीव को पीड़ा न हो. झाड़ू लगाते समय छोटे जीवों को हानि पहुंच सकती है, इसलिए एकादशी पर झाड़ू लगाना वर्जित है.
- एकादशी के दिन भूलकर भी तुलसी के पत्ते न तोड़ें. किसी भी प्रकार से तुलसी, केला, पीपल, नीम, बरगद आदि देव वृक्षों को हानि न पहुंचाएं.
- देवशयनी एकादशी की पूजा विधि विधान से करें. पूजा के समय देवशयनी एकादशी की कथा जरूर सुनें. पूजा के बाद अपनी क्षमता के अनुसार दान करें.



# बेहद खास है देवशयनी एकादशी, जानें क्या करें और क्या न करें?

**आषाढ़ माह में देवशयनी एकादशी 17 जुलाई 2024 को है। मान्यता है कि इस दिन इस दिन से भगवान विष्णु क्षीर सागर में विश्राम करने चले जाते हैं और कार्तिक माह में पड़ने वाली देवउठनी एकादशी पर जागृत होते हैं। माना जाता है कि देवशयनी एकादशी पर कुछ कार्यों को करने से श्री हरि नाराज होते हैं। आइए जानते हैं कि देवशयनी एकादशी व्रत से संबंधित नियम के बारे में।**

हर महीने के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही शुभ फल की प्राप्ति के लिए व्रत भी किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि एकादशी व्रत करने से साधक के जन्म-जन्मांतर में किए सभी पाप कट जाते हैं। आषाढ़ माह में देवशयनी एकादशी व्रत किया जाता है। इस दिन नियमों पालन जरूर करना चाहिए।

## देवशयनी एकादशी पर क्या करें?

- इस दिन सुबह स्नान करने के बाद पीले वस्त्र धारण करने चाहिए, क्योंकि प्रभु को पीला रंग प्रिय है।
- भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए।
- एकादशी व्रत का संकल्प लेना चाहिए।
- इसके अलावा धन, अनाज और वस्त्र का दान करना चाहिए।
- प्रभु के भोग में तुलसी के पत्ते को अवश्य शामिल करना चाहिए।

## देवशयनी एकादशी पर क्या न करें?

- देवशयनी एकादशी के दिन तामसिक भोजन करने से बचना चाहिए।
- इसके अलावा चावल के सेवन से दूर रहें।
- एकादशी तिथि पर महिला और बड़े बुजुर्गों का अपमान न करें।
- एकादशी पर तुलसी के पत्ते तोड़ना वर्जित है।
- किसी के प्रति मन में गलत विचार धारण न करें।
- कब है देवशयनी एकादशी 2024

पंचांग के अनुसार, आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 16 जुलाई 2024 को रात्रि 08 बजकर 33 मिनट पर शुरू हो रही है। वहीं इसका समापन 17 जुलाई को रात 09 बजकर 02 मिनट पर होगा। ऐसे में इस वर्ष देवशयनी एकादशी 17 जुलाई 2024, बुधवार के दिन मनाई जाएगी।

# देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु को चढ़ाएं ये 3 फूल

हिन्दू धर्म में देवशयनी एकादशी का व्रत बेहद पुण्यदायी माना जाता है। यह आषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी को रखा जाता है। इस साल यह 17 जुलाई, 2024 दिन बुधवार को रखा जाएगा। ऐसी मान्यता है कि इस तिथि पर उपवास रखने से सभी पापों का नाश होता है। इसके साथ ही घर में देवी लक्ष्मी का आगमन होता है। जो साधक जीवन में विभिन्न प्रकार की समस्याओं से घिरे हुए हैं, उन्हें यह व्रत जरूर रखना चाहिए। इसके साथ ही इस शुभ अवसर पर भगवान विष्णु को कुछ विशेष फूलों को अर्पित करना शुभ माना जाता है, तो आइए उनके बारे में जानते हैं –

**कमल का फूल** – देवशयनी एकादशी के दिन श्री हरि को कमल के फूल चढ़ाएं। इससे जीवन में खुशहाली आती है। साथ ही सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। अगर आप भगवान विष्णु को प्रसन्न करने की कामना रखते हैं, तो आपको इस मौके पर उन्हें कमल का फूल अवश्य अर्पित करना चाहिए।

**शंखपुष्पी का फूल** – भगवान विष्णु को शंखपुष्पी के फूल बेहद प्रिय हैं। ऐसे में देवशयनी एकादशी के शुभ अवसर पर उन्हें यह फूल जरूर अर्पित करें। शंखपुष्पी का फूल चढ़ाने से जीवन की बाधाओं का अंत होता है। साथ ही घर में बरकत बनी रहती है।

**गेंदा का फूल** – भगवान श्री हरि विष्णु को गेंदा का फूल अर्पित करना बहुत फलदायी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन उन्हें गेंदा के फूलों की माला जरूर अर्पित करनी चाहिए। इससे जीवन में भक्ति, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

# देवशयनी एकादशी के दिन शास्त्रों में लिखी इन बातों को मानने से सुधरता है भाग्य

देवशयनी एकादशी यानि वो तिथि जिस दिन भगवान विष्णु सो जाते हैं. देवों के सो जाने के बाद 4 माह तक मांगलिक कार्य पर पाबंदी लग जाती है. इसे चातुर्मास कहा जाता है. मान्यताओं के अनुसार देवशयनी एकादशी का व्रत करने से कई गुना अधिक शुभ फलों की प्राप्ति होती है. इस साल देवशयनी एकादशी 17 जुलाई 2024 को है. आइए जानते हैं देवशयनी एकादशी पर क्या करना चाहिए, इस दिन का उपाय.
देवशयनी एकादशी पर क्या करें

**ऐसे करें अभिषेक** – अगर घर में सुख समृद्धि चाहते हैं तो देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु का दक्षिणावर्ती शंख में जल और केसर डालकर जलाभिषेक करें. इससे भगवान विष्णु के साथ मां लक्ष्मी का भी आशीर्वाद मिलता है और आपके घर में बरकत आती है.

**सिक्के का उपाय** – देवशयनी एकादशी की रात को एक रुपये का सिक्का भगवान विष्णु की तस्वीर के पास रख दें, रात भर यह सिक्का वहीं रहने दें. अगले दिन सुबह यह सिक्का लाल कपड़े में बांधकर अपने धन स्थान या तिजोरी में रख दें. मान्यता है इससे मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और धन की कभी कमी नहीं होती.

**तुलसी पूजा** – दांपत्य जीवन में खुशियां पाने के लिए देवशयनी एकादशी के दिन तुलसी के पौधे के पास देशी घी का दीपक जलाकर आरती करें और लाल चुनरी अर्पित करें. ऊं नमो भगवते वासुदेवाय नमः मंत्र का जाप करते हुए 11 बार परिक्रमा करें. इस उपाय से पति-पत्नी के रिश्ते मजबूत होते हैं.




# चातुर्मास में क्यों रहती है मांगलिक कार्यों पर रोक

सनातन धर्म के ज्यादातर लोग कोई भी शुभ कार्य करने से पहले मुहूर्त जरूर देखते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, शुभ मुहूर्त में किए गए कार्यों का फल हमेशा शुभ ही मिलता है। हालांकि साल में चार महीने ऐसे भी होते हैं, जब कोई भी शुभ व मांगलिक कार्य नहीं किया जाता है, जिसे चातुर्मास कहा जाता है। आज हम आपको बताएंगे कि इस साल चातुर्मास का आरंभ और समापन कब हो रहा है?

हिंदू पंचांग के अनुसार, इस बार 17 जुलाई 2024 को देवशयनी एकादशी है। इस दिन से ही चातुर्मास का आरंभ हो रहा है, जिसका समापन 12 नवंबर 2024 को होगा।

चातुर्मास में क्यों कोई मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं?

धार्मिक मान्यता के अनुसार, चातुर्मास में भगवान विष्णु शयन काल में चले जाते हैं यानी इस समय वह अपनी आंखें बंद करके ध्यान लगाते हैं। लगभग चार महीने के बाद वो योग निद्रा से जागते हैं। इसी वजह से इस दौरान कोई भी शुभ काम नहीं किया जाता है। हालांकि इस समय पूजा-पाठ करना शुभ होता है। कहा जाता है कि जो लोग इन चार महीनों के दौरान देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। उनकी सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। साथ ही उनके घर में सुख और शांति बनी रहती है।

## चातुर्मास में कौन-कौन से कार्य नहीं करने चाहिए?

धार्मिक मान्यता के अनुसार, चातुर्मास के दौरान किसी भी प्रकार का शुभ कार्य जैसे की शादी, सगाई, गृह प्रवेश, नामकरण आदि नहीं किए जाते हैं। 4 महीने तक प्याज और लहसुन आदि तामसिक भोजन करने की भी मनाही होती है। इस दौरान अगर कोई व्यक्ति शराब का सेवन करता है, तो उसकी कुंडली में ग्रह प्रभावित हो सकते हैं।

## इन कार्यों की है मनाही

चातुर्मास के दौरान विवाह संस्कार, मुंडन, गृह प्रवेश आदि शुभ व मांगिलक कार्यक्रम नहीं किए जाते। इस दौरान बाल या दाढ़ी कटवाने की मनाही होती है। इसके साथ ही यह भी माना जाता है कि चातुर्मास के दौरान लंबी यात्राओं पर जाने से भी बचना चाहिए।

## खानपान संबंधी नियम

चातुर्मास के दौरान जितना संभव हो सके, सात्विक भोजन ही करना चाहिए। इस समय में मांस, मछली, अंडे, प्याज और लहसुन जैसा तामसिक भोजन करने से बचना चाहिए। क्योंकि यह सेहत और धार्मिक दोनों ही दृष्टि से बेहतर माना गया है।

## करें ये काम

अगर आप चातुर्मास में धार्मिक ग्रंथों को पढ़ते हैं या फिर अपना अधिकांश समय धार्मिक कार्यों में बिताते हैं तो इससे प्रभु श्री हरि आपसे प्रसन्न होते हैं। जिससे साधक के जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। साथ ही यह भी माना जाता है कि चातुर्मास में जमीन पर सोना और अधिकतर समय मौन रहना लाभदायक होता है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### आतंकी घटनाएं- सरकार के दावे साबित हो रहे खोखला

जम्मू–कश्मीर में आतंकी हमलों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा। अब 8 जुलाई को 5 जवान शहीद हो गए। शायद ही कोई महीना गुजरता है, जब आतंकी घात लगा कर हमला नहीं करते। शनिवार को कुलगाम इलाके में तलाशी अभियान के दौरान दो जगहों पर सुरक्षाबलों के साथ दहशतगर्दों की मुठभेड़ हो गई। दो जवान शहीद हुए। पिछले महीने कई बड़ी घटनाएं हो गईं, जिनमें कटरा जा रही बस पर हमला कर आतंकियों ने नौ श्रद्धालुओं को मार डाला और कई घायल हो गए। इस वक्त अमरनाथ यात्रा चल रही है, इसलिए सुरक्षाबल अतिरिक्त रूप से चौकस हैं, मगर फिर भी कुछ इलाकों में दहशतगर्द उन्हें चुनौती देने में कामयाब हो जा रहे हैं, तो सरकार के दावों पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। सरकार लगातार दावे करती आ रही है कि घाटी में दहशतगर्दी की जड़ों पर प्रहार किया गया है। उनके वित्तपोषण पर नकेल कसी जा चुकी है, सीमा पार से होने वाली घुसपैठ को काफी हद तक रोक दिया गया है। मगर हर आतंकी हमले के बाद सरकार के ये दावे खोखले साबित होते हैं।पिछले पांच वर्षों से घाटी में जनतांत्रिक प्रक्रिया पूरी तरह स्थगित है। विशेष राज्य का दर्जा समाप्त किए जाने के बाद दावा किया गया था कि घाटी से आतंकवाद का पूरी तरह सफाया हो जाएगा। मगर ऐसा हुआ नहीं, बल्कि खुद सरकारी आंकड़ों में देखा गया कि जिन दिनों कश्मीर में कर्फ्यू लगा था, उन दिनों भी स्थानीय युवा हाथ में बंदूक उठाने को तत्पर हुए। आतंकी संगठनों में भर्तियां बढ़ीं। उसके बाद से आतंकी संगठनों ने अपनी रणनीति लगातार बदली है। उन्होंने कश्मीरी पंडितों और बाहरी लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। सुरक्षाबलों के काफिले पर घात लगा कर हमले बढ़ गए। उन हमलों में यह भी देखा गया कि दहशतगर्द अब ज्यादा घातक हथियारों का इस्तेमाल करने लगे हैं, उनका सूचनातंत्र ज्यादा पुख्ता हुआ है। ऐसे में ये सवाल अपनी जगह कायम हैं कि अगर सचमुच घाटी में खुफियातंत्र चौकस हुआ है, आतंकियों के वित्तपोषण पर लगाम कसी है, सीमा पार से उन्हें मिलने वाली मदद पर विराम लगा है।

### बिहार में भ्रष्टाचार के भेंट चढ़े ब्रिज

बिहार में मानसून की शुरुआत में ही एक के बाद एक पुलों के ध्वस्त होने की घटनाओं के बाद राज्य सरकार हरकत में आई और जल संसाधन तथा ग्रामीण कार्य विभाग के पंद्रह अभियंताओं को निलंबित कर दिया। गौरतलब है कि राज्य में बीते कुछ दिनों के भीतर विभिन्न इलाकों में नए–पुराने दस पुल ढहने की खबर आ चुकी है। हैरानी की बात है कि ध्वस्त पुलों में कुछ निर्माणाधीन थे। सवाल है कि बिहार की मौजूदा सरकार अपने जिस सुशासन के दावे अक्सर करती रहती है, उसमें लगातार पुलों के ढहने को कैसे देखा जाए। कुछ वर्ष पहले बने या फिर निर्माणाधीन पुल अगर इस तरह गिर गए, तो इसके पीछे घोर लापरवाही और भ्रष्टाचार के अलावा और क्या वजह हो सकती है? विडंबना है कि जहां पुलों के लगातार ढहने की जांच कर जरूरी कार्रवाई की जाती, बाकी पुलों के रखरखाव और नए पुलों के निर्माण में भ्रष्टाचार खत्म करके उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित की जाती, वहीं इस मसले पर नाहक सियासी बयानबाजियां शुरू हो गईं। ढह गए पुलों की जिम्मेदारी पर सियासत क्या इस समस्या का समाधान है? दरअसल, भ्रष्टाचार के ये पुल सुशासन के दावों की हकीकत बता रहे हैं। लगातार पुलों के गिरने की घटनाओं पर कठघरे में घिरी सरकार का कहना है कि उसके अधीन निर्मित जो पुल गिरे हैं, उनका जिम्मा संभालने वाले ठेकेदारों को काली सूची में डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सवाल है कि जब इन पुलों का निर्माण हो रहा था तो संबंधित विभाग ने इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जरूरत क्यों नहीं समझी। इस बात की क्या गारंटी है कि कोई दूसरा ठेकेदार पुल के निर्माण की गुणवत्ता से समझौता नहीं करेगा? पुलों के गिरने की घटनाओं को लेकर गठित जांच समिति ने अपनी शुरुआती रपट में कहा है कि विभागीय अधिकारियों ने निर्माण कार्य की निगरानी करने और बाद में पुलों की देखरेख में लापरवाही बरती। इसी रपट के आधार पर पंद्रह अभियंताओं को निलंबित किया गया है। मगर क्या सिर्फ संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर देने से इस की समस्या का समाधान हो जाएगा? भ्रष्टाचार के जिस जाल की वजह से ऐसी समस्याएं पैदा होती।

## ब्रिटेन की नई हुकूमत के समक्ष चुनौतियों की भरमार?

(डॉ. रमेश ठाकुर)

> मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। उनके कहे उन शब्दों पर जनता ने खूब तालियां बजाई हैं। लंदन का एक तिहाई समर्थन उनके पक्ष में है। इस जनादेश और जनसमर्थन को सहेजना भी कठिन परीक्षा जैसा रहेगा। सदस्य, राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान,भारत सरकार!

भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन के चुनाव परिणामों ने अचानक मौसम गर्मा दिया है। वहां राजनीति इतिहास का नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेन वासियों ने तकरीबन-तकरीबन एक तरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला। चुनाव में विजय हासिल करने वाली 'लेबर पार्टी' ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। रिजल्ट देखकर पार्टी प्रमुख 'कीर स्टार्मर' फूले नहीं समा रहे। समाना चाहिए भी नहीं? आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। प्रधानमंत्री का ताज उनके सिर पर सजेगा। ब्रिटेनी नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता विपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया, काफी प्रभावित और आकर्षित भी हुए। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें लंदन के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर उम्मीद है कि चुनौतियों का सामना कर लेंगे। भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधान मंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय'नॉर्थलेरटन'सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरुआती रुझानों में उनकी भी हालत पतली थी। दो राउंड तक पीछे रहे। ताज्जुब वाली बात ये है कि 'नॉर्थलेरटन' वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्यौहारों पर लोगों को जुटना होता हैं। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं। पर वो लोग-समर्थक भी उनसे झिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कईयों की तो जमानतें भी जब्त हुई हैं। लंदन और भारत के मौजूदा चुनावों ने एक बात ये बता दी है कि मतदाताओं के मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं? कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे हैं कि फला समुदाय या मतदाता उनका है? बहरहाल, ब्रिटेन में आए चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। कमोबेश, फाइनल नतीजे उसके आसपास ही रहे हैं। आए नतीजों को देखकर लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे, दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गए थे। ब्रिटेन चुनावों की सूनामी में ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी की एकदम उड़ गई। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना? इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी लंदन के चुनाव में खूब उछला। बहरहाल, ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर, जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया। दरअसल इसे कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है। वैसे, दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं? बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए? किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखें? हालांकि, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए लंदन वासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता 'कीर स्टार्मर ब्रिटेन' के अगले शासक बनने के लिए दिल खोलकर बधाई दी है। राजनीतिक लोगों में ऐसे नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए। निसंदेह लेबर पार्टी के लिए ये जीत करिश्माई है। उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चर्मराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा। पनपते नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, उर्जा श्रोत्रों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नई धार देना। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि स्टॉर्मर ने अपने पहले विजयी भाषण में सिर्फ अपने मुल्कवासियों को संदेश दिया है।

## आखिर इन कंगारू अदालतों को संरक्षण कौन दे रहा

(प्रभाकर मणि तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार)

पश्चिम बंगाल में 13 साल पहले निजाम बदल गया था। मगर इसके बावजूद ग्रामीण इलाकों की जमीनी हकीकत नहीं बदली। पूरे देश में भले कानून और सरकार का शासन चलता हो, मगर पश्चिम बंगालके ग्रामीण इलाकों में कंगारू अदालतों का हुक्म सबसे ऊपर है। स्थानीय भाषा में इसे 'सालिसी सभा' कहा जाता है। खौफ इतना कि इसके फैसले को किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। यह अदालत खुद फैसले करती है और खुद ही मौके पर सजा भी दे देती है। उत्तर दिनाजपुर जिले में इस्लामपुर सब-डिवीजन के चोपड़ा का वायरल वीडियो तेजी से फली-फूली इसी अदालत की ताकत का सुबूत है। यह घटना न तो पहली है और न ही आखिरी। अकेले चोपड़ा इलाके में ही हर महीने औसतन तीन से चार ऐसी सभाएं आयोजित होती रही हैं। उत्तर और दक्षिण बंगाल का कोई भी इलाका त्वरित न्याय की इस असांविधानिक परंपरा से अछूता नहीं है। ऐसे मामलों में सत्तारूढ़ पार्टी के लोग ही जज और जल्लाद, दोनों बन जाते हैं। चोपड़ा की वह घटना भी सामने न आती, अगर दो नौजवानों ने अपनी जान हथेली पर लेकर उसका वीडियो न बनाया और वायरल किया होता। अब सभा के आयोजक उन दोनों युवकों की तलाश कर रहे हैं और उन पर 50-50 हजार रुपये के जुर्माने भी लगाए गए हैं। ग्रामीण इलाकों में इन सभाओं का आयोजन करने वाले दबंगों का इस कदर आतंक है कि ऐसी इक्का-दुक्का घटनाएं ही सामने आ पाती हैं। इस घटना के बाद स्थानीय तृणमूल विधायक हमीदुल को कारण बताओ नोटिस जारी करने और खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से चेतावनी देने के बावजूद राज्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। पूर्व बर्द्धमान जिले के एक ताजा मामले में तृणमूल कांग्रेस के लोगों ने एक बुजुर्ग दंपति की इसलिए घर में घुसकर पिटाई कर दी, क्योंकि वे दोनों ऐसी ही एक सभा में बुलाए जाने के बावजूद हाजिर नहीं हुए थे। इन सभाओं में अवैध संबंधों, विजातीय प्रेम विवाह, खेत की मेड़ काटने और संपत्ति-विवाद समेत किसी भी स्थानीय विवाद की स्थिति में फौरन फैसला सुनाया जाता है। ये फैसले भी अजीबोगरीब होते हैं। जैसे, कथित दोषियों से जुर्माना वसूलने के अलावा कभी किसी अवैध रिश्ते की कथित दोषी महिला के साथ सामूहिक बलात्कार का आदेश दिया जाता है, तो कभी पत्नी की कथित पिटाई करने वाले अभियुक्त को पेड़ से बांधकर पीटा जाता है। राज्य में वाम मोर्चे की सरकार के जमाने से ऐसी अदालतें आयोजित होती रही हैं। राजनीतिक दल भले ही इनकार करें, पर ऐसी तमाम कंगारू अदालतों को स्थानीय राजनेताओं का संरक्षण हासिल होता है। यही वजह है कि इन अदालतों के गैर-कानूनी फैसलों के बावजूद कभी किसी को कड़ी सजा नहीं मिल पाती। वर्ष 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने इन सभाओं को गैर-कानूनी घोषित कर दिया था, मगर इनका जलवा कम नहीं हुआ। इन कंगारू अदालतों का राज्य की राजनीति से गहरा संबंध है। साल 2004 में तत्कालीन वाम मोर्चा सरकार ने इन सालिसी अदालतों को 'वेस्ट बंगाल ब्लॉक लेवल प्री-लिटिगेशन कौंसिलेशन बोर्ड बिल', यानी सालिसी विधेयक के जरिये इनको कानूनी जामा पहनाने का प्रयास किया था। इसके तहत छोटे विवादों के निपटारे के लिए राज्य के हर ब्लॉक में कौंसिलेशन बोर्डों का गठन किया जाना था। लेकिन विपक्षी कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के जबरदस्त विरोध की वजह से सरकार वह विधेयक विधानसभा में पेश नहीं कर सकी। बहरहाल, राजनीतिक संरक्षण की वजह से पुलिस-प्रशासन के लोग इसमें कोई दखल देने से बचते हैं। यदि कोई बड़ी घटना घट गई, तो दो-चार लोगों को गिरफ्तार कर मामले की लीपापोती के प्रयास शुरू कर दिए जाते हैं। मौत या हत्या के ज्यादातर मामलों को आत्महत्या का रूप दे दिया जाता है। इन कंगारू अदालतों के फैसले अक्सर बर्बर सामंती दौर की यादें ताजा करा जाते हैं। कोर्ट-कचहरी के चक्कर में उलझने के बजाय लोग आपसी विवादों को सुलझाने के लिए इन सालिसी सभाओं को तरजीह देते हैं। मगर यदि 21वीं सदी में ऐसी अदालतें इतनी प्रभावी हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको व्यापारिक साझेदारी और संबंधों में लाभ होगा। निजी संबंधों के मामले में आपको थोड़ा सा सावधानी के साथ काम करने की जरूरत है। कुछ रिश्ते आपके जीवन में समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं। आप जीवन में तीन भूमिकाएं निभाएंगे। बेहतर यही होगा कि हर भूमिका को अलग-अलग रखें।

### वृष
आज लाभ का दिन है। भाग्य आज आपका साथ देगा और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। जीवन के सभी क्षेत्रों में तरक्की की दिशा में आगे बढ़ेंगे और कामयाबी हासिल करेंगे। योजनाओं से संबंधित प्रस्ताव की मंजूरी मिलने और भुगतान मिलने के बाद आप व्यवसायिक कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे। आपको आज लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

### मिथुन
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा और आपको हर मामले में मिलाजुला लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान होने के बावजूद आप जो भी कार्य साहस के साथ करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र और परिवार में आपको काफी कठिनाई हो सकती है।

### तुला
आज करियर के मामले में दिन सफलता से भरा होगा और आपको आर्थिक लाभ होगा। कारोबार में भी आर्थिक लाभ की उम्मीद कर सकते हैं। सेहत और वित्तीय मामलों की अनदेखी न करें। फिलहाल ज़मीन जायदाद के लिए निवेश करना आपके लिए शुभ रहेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन शुभ है और बॉस के साथ संबंध बेहतर होंगे।

### वृश्चिक
आज लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आपकी सेहत अच्छी होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। सायंकाल का समय अध्यात्म समागम में बीतेगा और आपको लाभ होगा। रात में आपको दोस्तों या परिवार के किसी सदस्य से तोहफा या सरप्राइज मिल सकता है।

### धनु
आज परिवार के साथ आपके संबंध पहले से बेहतर होंगे और ऑफिस में आपको काम करने का मौका मिलेगा। आपकी योजनाएं सफल होंगी और धन लाभ होगा। आज आप प्रसन्नता अनुभव करेंगे। विलासितापूर्ण माहौल का लुफ्त उठाएंगे तो आपको बड़ी मात्रा में पैसा हाथ आएगी और संतुष्टि महसूस करेंगे। रात में कुछ जरूरी कार्य पर आपका खर्च भी हो सकता है।

### कर्क
आज करियर में लाभ होगा और आपको सम्मान की प्राप्ति होगी। अन्तर्मन की पुकार को सुनें। किसी भी मामले में आपको परेशान होने से बचने की सलाह है। जीवन के कड़वे अनुभवों से सबक सीखें। आपको बीती हुई बातों पर ध्यान देने से अच्छा है कि आगे बढ़ें और अपने काम पर फोकस करें। आपके कार्यक्षेत्र में अप्रत्याशित बदलाव की संभावना है।

### सिंह
आज लाभ होगा और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। ऑफिस में या घर पर कुछ मामलों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। एक बात आज विशेष रूप से नोट कर लें कि जीवन में जब भी आपको आवश्यकता पड़ेगी तब आपके परिवारिक सदस्यों से वांछित सहयोग कभी प्राप्त नहीं होगा। आपको लाभ होगा और योजनाएं पूर्ण होंगी।

### कन्या
आज लाभ का दिन है। सेहत और वित्तीय संसाधनों पर ध्यान देने की जरूरत है। दूसरे लोगों के कार्यों के लिए ज्यादा वक्त और ऊर्जा बर्बाद न करें, क्योंकि ऐसे लोग एक के बाद एक दूसरी फरमाइश करते जाते हैं। आज समाज में भी आपका महत्व बढ़ेगा।

### मकर
आज दिन लाभ से भरा होगा। सहकर्मियों के सहयोग से आज आप एक परियोजना को पूरा करने में सफल रहेंगे। किसी महान व्यक्ति के हस्तक्षेप से पारिवारिक विवाद सुलझ सकता है और आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी और नए कार्य कर पाएंगे। परिस्थितियों का आकलन करें।

### कुंभ
आज कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी और ऑफिस में आपके काम की लोग सराहना करेंगे। किसी कठिन दौर से गुज़र सकते है। सच्चाई का सामना करेंगे और आपके समक्ष भावनात्मक समस्याएं भी आएंगी। आपको परिवार के मामले में कोई भी फैसला लेने से पहले एक बार सोचसमझने की जरूरत है। फालतू खर्च से बचें।

### मीन
आज लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी और किस्मत का साथ मिलेगा। ऑफिस में किसी के बहकावे न आएं। शाम से लेकर रात तक आपको लाभ होगा। रात में किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और आपको सम्मान के अवसर प्राप्त होंगे। आज का दिन स्वास्थ्य के लिए खराब है, ध्यान रखें और खराब खानपान से बचें। आलस्य का भी त्याग करें।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5429

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 6 | | | 7 |
| | 6 | | | | | | 9 | 8 |
| 1 | | | 4 | | 2 | | 3 | |
| | 4 | 9 | | 6 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | | 6 | |
| | 3 | | 8 | 9 | | 4 | 7 | |
| | 2 | | 5 | | 1 | | | 4 |
| 5 | 8 | | | | | | 2 | |
| 6 | | | 3 | | | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5428

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 |
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 6 |

## वर्ग पहेली 5429

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | 8 | ■ | 9 | | |
| | ■ | 10 | | 11 | | ■ | |
| 12 | 13 | | ■ | | ■ | ■ | |
| ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 | 17 | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | 21 |
| 22 | | 23 | | | | ■ | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 27 अगस्त 1976 की वो बेरहम शाम जब कायनात ने इस प्रसिद्ध पार्श्व गायक को हमसे छीन लिया (3)
4. लिखने वाला, लेखक (3)
7. समालापक, गायक, आलाप लेने वाला (4)
9. मध्यप्रदेश के अंचलों में से एक जहां लता मंगेशकर की जन्म भूमि है (3)
10. उड़ानहीन पक्षी (4)
12. अपवित्र, अशुद्ध, अशुचि (3)
14. ईश्वर, प्रभु (3)
16. कौच, किसी को बैठने के लिए बनाया गया एक वस्तु (2)
18. मर्यादा, गौरव, दृढ़ प्रतिज्ञा (2)
19. जालिम, अन्यायी (5)
22. उपहार में देना, रिश्वत देना (6)
24. कोमल, मुलायम, मृदुल (3)
25. पिरोना, नत्थी करना, वशाधीन करना, बस में करना (3)

**ऊपर से नीचे**

1. निरीक्षण, परीक्षण (उर्दू)(4)
2. इस फल को कदरी या कदली भी कहते है (2)
3. शपथ ग्रहण करने वाला, शपथ ग्रहीता, शपथी (5)
4. कामेश्वरी देवी का एक नाम, तंत्रोक्त की एक देव की मूर्ति (3)
5. शरीर पर काले रंग का ऊभरा हुआ दाग या धब्बा (2)
6. यह रोग पाइल्स भी कहलाता है (4)
8. बीता या आने वाला दिन (2)
11. क्षण, लम्हा (2)
13. वह व्यक्ति जिसकी दृष्टि बुराई पर न पड़े (5)
15. काव्य मर्मज्ञ (3)
16. गुजरात में स्थित बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक (4)
17. होलिकात्सव पर गाया जाने वाली गीत (2)
18. मुंखमंडल, चेहरा (3)
20. सद्गति प्राप्त करना (3)
21. जले या कटे हुए कपड़े को तागे से भरकर उसे बराबर करना (2)
23. प्रेमकर्ता, प्रसन्ताप्रद (2)

### वर्ग पहेली 5428 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मे | रि | का | ■ | रो | च | ना |
| शो | ला | ■ | या | द | क | र | ना |
| क | ■ | अ | प | ना | ■ | क | ■ |
| कु | रू | ■ | ल | द | ना | ■ | शै |
| मा | प | ■ | ट | न | क | ना | ■ |
| र | व | ■ | ■ | ■ | ■ | ते | ज |
| ■ | ती | ज | न | बा | ई | ■ | ल |
| ■ | ■ | या | द | बू | द | ■ | ना |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### जिला स्कूल में चलाया गया उपभोक्ता जागरूकता अभियान




**चाईबासा।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, पश्चिम सिंहभूम के सदस्य राजीव कुमार एवं कर्मचारियों के द्वारा चाईबासा स्थित जिला स्कूल में शुक्रवार उपभोक्ता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्कूल की प्राचार्या रश्मि आल्डा, स्कूल प्रबंधक तथा अन्य शिक्षकों के सहयोग से बच्चों ने उपभोक्ता संबंधी सेवा में कमी, धोखाधड़ी, ठगी आदि विषयों पर जानकारी हासिल की। बच्चों ने उपभोक्ताओं के अधिकार से संबंधित कई प्रश्न भी किये, जिनका जवाब आयोग के सदस्य ने ब दिया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता न्यायालय में बीमा, डाक घर, चिकित्सा, चिटफंड, विद्युत, शिक्षा, ई-कॉमर्स, ऑनलाइन खरीदारी, हवाई यात्रा, मनोरंजन, रियल स्टेट, होटल, टैक्सी, जल, ऊर्जा आदि पर हुए धोखाधड़ी या सेवा में कमी से संबंधित वादों का निष्पादन किया जाता है। आयोग के सदस्य ने यह भी जानकारी दी है कि वर्ष 2023 से केस ऑनलाइन माध्यम से घर बैठे दर्ज करा सकते है तथा ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थित भी हो सकते है।

### डेंगू-चिनकगुनिया की रोकथाम के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**धनबाद।** बरसात में डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना शुरू कर दिया है। बुधवार को सिविल सर्जन कार्यालय कैंपस के लेक्चर थिएटर में 60 प्रशिक्षकों को इसके लिए प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. सीपी प्रतापन ने किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण लेने वाले लोग प्रखंड स्तर पर कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। इस प्रशिक्षण के दौरान जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार सिंह और जिला मलेरिया समन्वयक रमेश कुमार सिंह ने वहां प्रशिक्षण ले रहे एमपीडब्ल्यू, बुनियादी स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों, मलेरिया पर्यवेक्षकों और मलेरिया निरीक्षकों को डेंगू के लक्षण, डेंगू फैलाने वाले मच्छार की पहचान, मच्छर के लार्वा की पहचान, मच्छर और बीमारी नियंत्रण के उपाय आदि की जानकारी दी। यह भी बताया कि डेंगू के लक्षण वाले मरीज मिलने पर उनकी जांच और इलाज की व्यवस्था कैसे करनी है। कर्मियों को बताया गया कि संभावित मरीज मिलते ही 108 एंबुलेंस बुलाकर उसे धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजने की व्यवस्था करनी है। वहां मरीज की निशुल्क जांच और इलाज की जाएगी।

### बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम पर किया गया जागरूक

**बेरमो।** केबी कॉलेज बेरमो में दो सत्र में पहले सत्र में दो दिवसीय ओरिएंटेशन सह इंडक्शन एवं दूसरे सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। चार वर्षीय पाठ्यक्रम सत्र 24 से 28 के कला, वाणिज्य, विज्ञान, मानवीय संकाय, बीसीए व बीबीए के नए विद्यार्थियों को प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र सभागार में कार्यशाला शुरू किया गया। प्रो इंचार्ज सह एनईपी कोऑर्डिनेटर प्रो गोपाल प्रजापति, कोऑर्डिनेटर एडमिशन सेल डा साजन भारती व आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डा अरुण कुमार रॉय महतो ने विद्यार्थियों को कॉलेज की गतिविधियों, चार वर्षीय पाठ्यक्रम, फैकल्टी से परिचय परीक्षा, कॉलेज के नियम, विषय का स्कोप, स्पोर्ट्स, एनएसएस, पुस्तकालय, एनईपी आदि पर छात्र-छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। डा अलीशा वंदना लकड़ा, डा मधुरा केरकेट्टा, डा व्यास कुमार व प्रो अमित कुमार रवि ने अपने-अपने विषयों पर जानकारी रखी। कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या के प्रति जागरूकता अति आवश्यक है ताकि गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, वनों की कटाई, जैव विविधता के नुकसान, खाद्य समस्या, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित प्रजातियां विलुप्त आदि दुष्परिणाम के प्रति लोग जागरूक बन सके और प्रभावी तरीके से जनसंख्या नियंत्रण की दिशा में पहल कर सके।

# झारखंड में विधानसभा चुनाव अक्तूबर में तीन चरणों में कराने की तैयारी

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव अक्तूबर में तीन चरणों में कराने की तैयारी चल रही है। इसको लेकर द्वितीय मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम जारी है। मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम अगस्त तक पूरा हो जाएगा। झारखंड दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को भारत निर्वाचन आयोग के वरीय उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा और नितेश व्यास ने सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारी और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ रामगढ़ के पतरातू में बैठक की। इसमें द्वितीय मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की।

भारत निर्वाचन आयोग के दोनों अफसरों ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि युवाओं, दिव्यांगजनों, महिलाओं, पीवीटीजी वर्गों को मतदाता सूची में पंजीकृत करवाने के लिए विशेष जागरुकता अभियान चलाएं। विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के शत-प्रतिशत छात्रों का मतदाता सूची में पंजीकरण करवाने के लिए सभी जिले प्रभावी पहल करें। आयोग के वरीय पदाधिकारियों की ओर से बीएलओ और मतदाताओं के बीच समन्वय बढ़ाने पर बल दिया। राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर उनके बताये बिंदुओं पर समुचित कार्रवाई करने और नियमित रूप से अद्यतन जानकारी प्रदान करना सुनिश्चित करें।

**इस बार 5 चरण नहीं, दुर्गा पूजा या छठ के बाद वोटिंग :** इस बार पांच चरण में चुनाव नहीं होगा।



झारखंड चुनाव आयोग के सीईओ के रवि कुमार ने पत्रकारों से गुरुवार को पर्यटन बिहार में यह बात कही। पत्रकारों से बातचीत करते हुए झारखंड चुनाव आयोग के सीईओ के रवि कुमार ने कहा कि इस बार पांच चरण में चुनाव नहीं होंगे।

उन्होंने बताया की समीक्षा बैठक में उपायुक्तों के साथ भारत निर्वाचन आयोग की टीम मतदाता सूची के पुर्न निरीक्षण, मतदाता सूची के प्रकाशन, मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने समेत सुरक्षा व्यवस्था, मतदान प्रतिशत ( वोटिंग परसेंटेज ) बढ़ाने को लेकर चर्चा के साथ-साथ उच्च अधिकारियों को कई निर्देश दिए गए हैं। संभावना जताई जा रही है कि झारखंड विधानसभा चुनाव दुर्गा पूजा या छठ के ठीक बाद हो सकते हैं।

# अब रात में भी नहीं बच पाएंगे अपराधी, रांची पुलिस ने बनाया फुल प्रूफ प्लान

**रांची।** राजधानी की सुरक्षा के लिए 200 अतिरिक्त जवानों को लगाया गया है। रांची डीआईजी और एसएसपी के आग्रह पर पुलिस मुख्यालय के द्वारा चार ईको कंपनी राजधानी को दिया गया है। इसमें कुल 200 जवान शामिल हैं। ये जवान रांची में एंटी क्राइम चेकिंग करेंगे। रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि रांची में अक्सर फोर्स की कमी रहती है। कभी ट्रेनिंग तो कभी दूसरे कामों में व्यस्त रहने की वजह से कानून व्यवस्था की स्थिति को संभालने में कई तरह की दिक्कतें आतीं हैं। ऐसे में पुलिस मुख्यालय की तरफ से राजधानी के आउटर की सुरक्षा और रात्रि में विशेष चेकिंग अभियान के लिए फोर्स उपलब्ध करवाया गया है।

डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि अब चेकिंग के दौरान लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई होगी। रात 11 से सुबह 5 बजे तक चेकिंग अभियान रांची डीआईजी ने बताया कि राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए रात्रि में पुलिस के प्रभाव को बढ़ाया जा रहा है। राजधानी में रात 11 से लेकर सुबह 5 तक सभी चेक प्वाइंट पर पुलिस के द्वारा एंटी क्राइम चेकिंग अभियान शुरू कर दिया गया है। इस दौरान शहर में प्रवेश करने वाले और बाहर निकलने वाले हर तरह की संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जाएगी और वाहनों की चेकिंग की जाएगी।



**नए जवान सिर्फ एंटी क्राइम चेकिंग करेंगे :** रांची डीआईजी ने बताया कि जो फोर्स रांची पुलिस को मिले हैं, उनका उपयोग एंटी क्राइम चेकिंग, बॉर्डर को सील करने और रात के समय पूरे शहर की सुरक्षा को लेकर किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय के द्वारा दिए गए जवानों का उपयोग शहर में गश्त करने के लिए, आउटर रांची में नाकेबंदी के लिए और गहन चेकिंग अभियान के लिए शुरू कर दिया गया है।

**जांच के लिए शहर में 15 चेक प्वाइंट बनाए गए :** हाल के दिनों में राजधानी में जितने भी कांड हुए उनमें से अधिकांश में राजधानी के बाहर के गिरोह का हाथ सामने आया है। ऐसे में राजधानी रांची से निकलने वाले सभी मार्गों की सुरक्षा बेहद जरूरी थी। रांची पुलिस के द्वारा शहर के आउटर और इनर में कुल 15 चेक प्वाइंट बनाए गए हैं, जहां की बंदी की सभी व्यवस्था की गई है। खासकर रात के समय विशेष रूप से एंटी क्राइम चेकिंग और पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है।

**रात्रि में क्यों सख्त हुई जांच :** पुलिस के अनुसार, हाल के दिनों में राजधानी में जितने भी कांड हुए उनमें से अधिकांश में राजधानी के बाहर के गिरोह का हाथ सामने आया है। यह खुलासा जांच में हुआ है। ऐसे में राजधानी रांची से निकलने वाले सभी मार्गों की सुरक्षा बेहद जरूरी थी।

**हर दिन निरीक्षण की ड्यूटी डीएसपी के जिम्मे :** रांची डीआईजी ने बताया कि जिन सुरक्षा बलों के जिम्मे शहर की सुरक्षा सौपी गई है, वह गंभीरता के साथ अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं कि नहीं, इसकी मॉनिटरिंग भी की जा रही है। सीसीआर में हर रात एक डीएसपी की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं, सीनियर अधिकारी किसी भी समय शहर का औचक निरीक्षण कर सकते हैं, ताकि सुरक्षा प्रणाली की हकीकत का पता चल सके।

## चुनाव के माध्यम से किया गया विद्यार्थी परिषद का चयन

**जमशेदपुर।** साउथ प्वाइंट स्कूल गोबरघुसी, पटमदा स्कूल में आज विद्यार्थी परिषद का चयन चुनाव के माध्यम से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधालय के चेयरमैन शिव प्रकाश शर्मा, डायरेक्टर शिवम शर्मा, एस बी एम की प्राचार्या चंचल शर्मा एवं विधालय के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्कूल के बैंड ग्रुप के धुन के साथ सभी




निर्वाचित सदस्यों के मार्च पास्ट के साथ इस क्रम कार्यक्रम का आगाज हुआ। विद्यार्थी परिषद के स्कूल हेड बॉय श्रीकांत रजक और स्कूल हेड गर्ल्स दामिनी शर्मा को कार्यभार और दायित्व सौंपा गया। इसके साथ विद्यालय के चारों सदन के बालक वर्ग और बालिका वर्ग कप्तान और उप का भी चयन हुआ। जिसमें की शिवाजी सदन के कप्तान अनिकेत कुमार और नमिता महतो, प्रताप सदन के कप्तान कौशिक कुमार महतो और प्रियांशी सिंह देव, सुभाष सदन के कप्तान अनिमेष कुमार और प्रिया दत्त और पटेल सदन के कप्तान आर्यन राज और समीक्षा कुमारी का चयन किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप इस संस्था के आईना है जैसा आप करेंगे वैसा ही प्रभाव विद्यालय के सभी बच्चों पर होगा। इसलिए हमेशा सकारात्मक बातों पर ही ध्यान रखें।

# सेल प्रबंधन के साथ हुई बैठक में कई दौर के वार्ता के बाद संयुक्त यूनियन का आंदोलन समाप्त

**चाईबासा/गुवा।** सेल मेघाहातुबुरु की मेघालया गेस्ट हाउस में सेल, बीएसएल प्रबंधन और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के नेतृत्व में संयुक्त यूनियन, गुवा के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों तथा मानकी-मुंडाओं के साथ 11 जुलाई की रात 9 बजे से 12 जुलाई की रात पौने दो बजे तक लगभग 5 घंटे तक चली लंबी वार्ता के बाद सेल, गुवा खदान में पिछले 4 जुलाई से जारी अनिश्चितकालिन स्लो डाउन आंदोलन खत्म हुआ। 12 जुलाई की पहली पाली से सारे सेलकर्मी व ठेका मजदूर गुवा खदान में आम दिनों की तरह उत्पादन कार्य प्रारम्भ किये। इस बैठक में सेल प्रबंधन व आंदोलनकारियों के बीच चार सूत्री मांगों को लेकर लिखित समझौता हुआ। सेल प्रबंधन ने आंदोलनकारियों को लिखित रूप से कहा कि सेल, बीएसएल ने एक नयी कार्यप्रणाली तैयार की है। सेल के भर्ती नीति में संशोधन किया गया है।



खदान के आस पास के युवाओं का सेल में नियोजन के लिए सिर्फ वैसे युवा जो आईटीआई प्रशिक्षण के बाद किसी ऐसे लौह अयस्क खदान से अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग किया है, जो किसी एकीकृत इस्पात संयंत्र का अंग हो सिर्फ उन्हीं युवाओं को सेल-बीएसएल के खदान में एसीटीटी नियुक्ति में आवेदन के लिए पात्रता दी जाएगी। इसके अलावा, इस संबंध में सूचना स्थानीय रोजगार कार्यालय को भी दी जाएगी। गुवा अयस्क खदान में ठेका श्रमिकों की अनुबंध हेतु गुवा और उसके आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों को सर्वोच्च प्राथमिकता दिया जाएगा।

गुवा अयस्क खदान में ठेका श्रमिकों को समान काम के लिए समान वेतन का मामला पहले से ही जांच के अधीन है और जांच के बाद इसे लागू किया जाएगा। संयुक्त यूनियन की काफी संख्या में ठेका श्रमिकों को अनुबंधित करने की मांग के संबंध में सेल, बीएसएल प्रबंधन द्वारा बताया गया कि आवश्यक संख्या में ठेका श्रमिकों को समयानुसार अनुबंधित किया जाएगा। इसके बाद दोनों पक्षों के लोगों ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया।

इस बैठक में सेल, बीएसएल (बोकारो) के सीजीएम (पीएंडए) हरिमोहन झा, गुवा के सीजीएम कमल भास्कर एवं जेजीओएम के महाप्रबंधक (पीएंडए) श्रीमंत नारायण पांडा के अलावे विपक्षी टीम से पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, मजदूर नेता रामा पाण्डेय, जयसिंह नायक, पंचम जौर्ज सोय, राजेश कोड़ा, रमेश गोप, राजकुमार झा, जीप सदस्य देवकी कुमारी, पंसस भादो टोप्पो, संजय सांडिल, गंगाराम ठठेरा, मानकी लागुड़ा देवगम, मुंडा कानुराम देवगम, मुंडा जामदेव चाम्पिया आदि ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया।

## जिला प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा



**दुमका।** जिला प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक रसिक बास्की की अध्यक्षता में शिक्षक संघ भवन में किया गया। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में जानकारी देते हुए रसिक बास्की ने कहा कि जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार हेंब्रम ने शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों से आग्रह किया था कि पूरे राज्य में जो रेल प्रोजेक्ट चल रहा है उसमें दुमका जिला भी शामिल है। साथ ही सभी शिक्षक संघ के प्रतिनिधि एवं शिक्षक से रेल प्रोजेक्ट दुमका नंबर वन बनाने की अपील की गई है। इधर डॉक्टर श्याम किशोर सिंह गांधी ने कहा है कि जिले के तमाम विद्यालयों में हमारा जो सिलेबस है उसके अनुसार हम सही ढंग से बच्चों को शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं। दुमका जिले में बहुत सारे स्वयं सभी संस्थाओं का जिले के विभिन्न विद्यालयों में प्रवेश कर जाना यह उचित नहीं है। दुमका जिले के विद्यालय को एडॉप्ट किए हैं वो सभी संस्थाएं विद्यालय में जाकर बच्चों के बीच शैक्षिक ज्ञान दें, ताकि बच्चों का शैक्षणिक विकास हो सके। जिला प्राथमिक शिक्षक संघ स्वयंसेवी संस्थाओं का पूर्व से ही विरोध करता आ रहा है की स्कूलों में स्वयं सभी संस्थाओं की उपस्थिति नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर फूल कुमारी, प्रवीण टुडू, श्याम बिहारी राम, अश्वनी कुमार, प्रधान सचिव टुनटुन कुमार, अर्माणिक मंडल, संजय पासवान आदि दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

## लायंस क्लब के द्वारा पौधरोपण किया गया

**दुमका/जरमुंडी।** लायंस क्लब ऑफ बासुकीनाथ धाम के द्वारा गुरूवार को प्रिय अंजली सरस्वती शिशु मंदिर में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन मिथिलेश कुंवर के नेतृत्व में फलदार पेड़ों के पौधे लगाये गए। स्कूली बच्चों को जागरूक किया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर व मानव जीवन में पेड़ों के महत्व से सभी को अवगत कराया गया।

लायन मिथिलेश कुंवर ने कहा कि हर किसी को यह समझना होगा कि वृक्षों तथा पानी के बिना जीवन की संकल्पना संभव नहीं है। लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कि अपने जन्म दिवस के मौके पर तथा अपने बुजुर्गों की स्मृति को ताजा रखने के लिए प्रत्येक साल कम से कम एक-एक पौधा जरूर रोपण करें। पौधों की देखभाल का संकल्प लें ताकि आने वाली पीढ़ियों को सुखमय जीवन उपलब्ध करवाया जा सके। मौके पर सचिव लायन आशुतोष सिंह, कोषाध्यक्ष लायन मुकेश झा, क्लब प्रशासक लायन पूनम देवी, निदेशक लायन मीनू कुमारी आदि मौजूद थे।

## बढ़ा मानदेय भुगतान को नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**देवघर।** देवघर नगर निगम के पंप चालकों ने गुरुवार को झारखंड सरकार की श्रम नीति के अनुसार बढ़ायी गई श्रम मजूदरी के अंतर्गत समान रुप से बढ़ा हुआ मानदेय भुगतान कराने के संबंध में नगर आयुक्त सह प्रशासक को ज्ञापन सौंपा गया।

नगर आयुक्त को दिए गए ज्ञापन में यह जिक्र है कि सभी पंप चालक देवघर नगर निगम में निगम के महत्वपूर्ण पेयजल शाखा में कार्य कर रहे हैं। कठिन परिस्थिति में श्मशान घाट, नदी किनारे पंप चलाने का कार्य करते हैं। हमलोगों की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। वर्तमान समय में झारखंड सरकार की श्रम नीति अंतर्गत निगम के सभी विभाग में मजदूरी दर में बढ़ोतरी की गई है। लेकिन पेयजल शाखा अंतर्गत पंप चालकों के मानदेय में बढ़ोतरी नहीं की गई है। मई और जून दो महीने का मजदूरी बढ़ा कर नहीं मिला है। स्वाति कंपनी को मजदूरी दर बढ़ाकर भुगतान किया जा रहा है। कंपनी से बात कर इस माह से उचित मजदूरी भुगतान कराया जाए।

10 जुलाई को स्वाति कंपनी द्वारा पुराने दर से मानदेय भुगतान किया गया। इससे सभी पंप चालकों में रोस की भावना है। यह भी जिक्र है कि मानदेय में बढ़ोतरी नहीं किए जाने पर 14 जुलाई को एक दिवसीय पूरे देवघर शहर में पंप चालन का कार्य बंद रहेगा। 18 जुलाई तक मांगों को नहीं माना गया तो 19 जुलाई 2024 से अनिश्चित कालीन रुप में पंप चालन का कार्य बाधित रहेगा। इस अवसर पर बिनोद मिर्धा, मनोज रमानी, कुंदन पाण्डेय, संजय पंडित, संजय सिंह, संजीव सिंह, अजय सिंह, सुनील पंडित, विरेन्द्र महतो, पप्पु यादव, अजय मंडल, मुकेश कुमार मांझी सहित अन्य उपस्थित थे।

## वीसी से मिलकर बीएड कॉलेजों के शैक्षणिक मुद्दों को उठाया

**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय प्राइवेट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एसोसिएशन ने गुरुवार को बीबीएमकेयू के नए कुलपति प्रो. आरके सिंह का स्वागत किया। संगठन अध्यक्ष अध्यक्ष आरएन चौबे, सचिव शंकर प्रसाद स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष डॉ. एस खालिद, उपाध्यक्ष तारा देवी, डॉ. आरए खान, खुर्शीदा मल्लिक, डॉ. अरुण कुमार वर्मा समेत अन्य ने बीएड महाविद्यालय में नामांकन तथा शैक्षणिक मुद्दों सहित अन्य विषयों पर चर्चा की।

कुलपति ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। एसो. की ओर से अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिह्न कुलपति को भेंट की गई। मौके पर प्रभास कुमार शाह, संजीव



कुमार सिंह, सत्यम कुमार, डॉ. राजेश यादव, नरेश झा, शाहिद, मनोज, सुनील कुमार समेत धनबाद व बोकारो के 17 बीएड कॉलेजों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बीबीएमकेयू प्राइवेट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एसो. के कार्यालय का उद्घाटन गुरुवार को हाउसिंग कॉलोनी में हुआ। कार्यालय उद्घाटन सिंदरी विधायक की पत्नी तारा देवी ने किया।

# नवदंपति से मिलकर परिवार नियोजन के उपाय बताएंगी सहिया: सीएस

**धनबाद।** जनसंख्या विस्फोट रोकने के लिए परिवार नियोजन जरूरी है। इसके लिए हर व्यक्ति को जागरूक और गंभीर होना होगा। सहिया अपने क्षेत्र के नवदंपति से मिलेंगी और उन्हें परिवार नियोजन के उपायों की जानकारी देंगी ताकि नवदंपति अपनी पसंद और सुविधा के अनुसार परिवार नियोजन के उपायों का इस्तेमाल कर सकें। यह कहना है सिविल सर्जन डॉ. सीवी प्रतापन का। डॉ. प्रतापन विश्व जनसंख्या दिवस पर गुरुवार को सदर अस्पताल में अयोजित परिवार स्वास्थ्य मेला के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या वैश्विक समस्या बन गई है। इसे रोकना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए



सरकार परिवार नियोजन कार्यक्रम चला रही है। परिवार नियोजन के तहत विभाग के पास योजनाओं की टोकरी है यानी कई योजनाएं हैं। लोग जरूरत के अनुसार इसमें अपने लिए योजना का चयन करें और उसका इस्तेमाल करें। कार्यक्रम में शामिल सहियाओं को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि वे ग्राम स्तर पर सीधे लोगों से जुड़ी होती हैं। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण में उनकी जवाबदेही सबसे अधिक हो जाती है।

मौके पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. मंजू दास, आरसीएचओ डॉ. रोहित गौतम, सदर के नोडल पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंह समेत कई डॉक्टर दर्जनों की संख्या में सहिया मौजूद थीं। कार्यक्रम के दौरान पिछले साल परिवार नियोजन में बेहतर काम करनेवाले 9 डॉक्टर, 9 एएनएम और 8 सहिया को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मेले में आए नवदंपतियों को परिवार नियोजन किट प्रदान की गई।

**जागरुकता रैली निकाली गई :** स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहर में परिवार नियोजन जागरुकता रैली निकाली गई। सदर सीएचसी से शुरू हुई इस रैली को सिविल सर्जन डॉ. प्रतापन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल स्वास्थ्यकर्मियों ने लोगों को परिवार नियोजन के लाभ और इसके उपायों की जानकारी दी। इसमें डीपीसी रेखा सिंह, प्रीति समेत कई लोग शामिल थीं।

**ये हुए सम्मानित :** डॉक्टर- डॉ. रोहित गौतम, डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ. संध्या तिवारी, डॉ. होमा फातिमा, डॉ. अपूर्वा दत्ता, डॉ. कुनाल कुमार, डॉ. अंजना कुमारी, डॉ. नंदन और डॉ. प्रभात कुमार।

एएनएम- मुक्ति लता, सुनीता कुमारी, उमा कुमारी, चंदना चंद्रा, छवि कुमारी, अंजलि कुमारी, रीना देवी, सिंटू कुमारी और शबीना परवीन।

सहिया- संजू देवी, रीता देवी, रजोलिया देवी, यशोदा देवी, गंगाजल देवी, ललिता राय, सरिता दुबे और सुशीला देवी।

# गुजरात में कांग्रेस नेता की चेतावनी- अगर मांग नहीं मानी जाती तो परिवार सहित इस्लाम धर्म अपना लेंगे

**जूनागढ़ , एजेंसी।** गुजरात में कांग्रेस के दलित नेता ने भाजपा की महिला विधायक के इस्तीफे और उनके पति की गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा है कि अगर उनकी मांग नहीं मानी जाती तो वह अपने परिवार सहित इस्लाम धर्म अपना लेंगे। जूनागढ़ शहर एससी/एसटी सेल के अध्यक्ष राजेश सोलंकी के बेटे पर मई में गोंडल से भाजपा विधायक गीताबा जडेजा के बेटे द्वारा कथित तौर पर हमला करने का आरोप है। सोलंकी ने कहा कि अगर गुजरात सरकार विधायक का इस्तीफा लेकर उनके पति को गिरफ्तार नहीं करती है तो उनका पूरा परिवार और दलित समुदाय के कई अन्य लोग इस्लाम धर्म अपना लेंगे।

एक रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस के जूनागढ़ शहर एससी/एसटी सेल के अध्यक्ष राजेश सोलंकी दलित समुदाय के अनौपचारिक संगठन जूनागढ़ जिला अनुसूचित जाति समाज के प्रमुख भी हैं। उनके बेटे संजय सोलंकी कांग्रेस की छात्र शाखा - भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के नेता हैं।

गोंडल भाजपा विधायक गीताबा जडेजा के बेटे ज्योतिरादित्यसिंह उर्फ गणेश को संजय सोलंकी पर कथित हमले के लिए गिरफ्तार किया गया है।



राजेश सोलंकी बुधवार को जूनागढ़ जिला कलेक्टर के कार्यालय पहुंचे और राज्य सरकार से धर्म परिवर्तन की अनुमति मांगने संबंधी आवेदन पत्र प्राप्त किए। 6 जुलाई को मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा था कि अगर भाजपा सरकार गीताबा और उनके पति जयराजसिंह जडेजा के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती है तो वह और सोलंकी परिवार के करीब 150 सदस्य इस्लाम धर्म अपना लेंगे।

राजेश ने मांग की है कि 15 अगस्त तक भाजपा गीताबा का इस्तीफा मांगे और 30 और 31 मई की रात संजय पर हमले में उनकी कथित भूमिका के लिए आईपीसी की धारा 120 बी (आपराधिक षडयंत्र) के तहत जयराजसिंह पर एफआईआर दर्ज करे।

## विधायक के बेटे पर 31 मई को दर्ज हुआ था मुकदमा

पीड़ित संजय सोलंकी (26) की शिकायत पर पुलिस ने विधायक के आरोपी बेटे ज्योतिरादित्यसिंह (25) के खिलाफ 31 मई को मामला दर्ज किया था। संजय ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया गया था कि ड्राइविंग को लेकर हुए विवाद के बाद ज्योतिरादित्यसिंह और अन्य ने जूनागढ़ से उसका अपहरण कर लिया था। संजय ने आरोप लगाया था कि आरोपी उसे राजकोट जिले के गोंडल ले गए और पिस्टल दिखाकर धमकाया, उसके कपड़े उतारे और मोबाइल फोन पर वीडियो रिकॉर्ड करते हुए उसे माफी मांगने के लिए मजबूर किया।

इसके बाद पुलिस ने ज्योतिरादित्यसिंह और 10 अन्य को हत्या के प्रयास और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया था। सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। हालांकि, संजय के पिता राजेश ने आरोप लगाया कि ज्योतिरादित्यसिंह के पिता जयराजसिंह, जो गोंडल से तीन बार विधायक रह चुके हैं, वह भी संजय के अपहरण और मारपीट की साजिश में शामिल थे।

## गांधीनगर में बड़ी रैली का ऐलान

राजेश ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने प्रदेश सरकार और भाजपा को 15 अगस्त तक का समय दिया है। उन्होंने कहा, अगर सरकार और भाजपा हमारी बात नहीं सुनती और हमारी मांगों पर सहमत नहीं होती, तो हम गांधीनगर में एक बड़ी रैली करेंगे और दलितों के लिए न्याय की मांग करते हुए मुख्यमंत्री, राज्यपाल और भाजपा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपेंगे। अगर सरकार इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करती, तो हम इस्लाम धर्म अपना लेंगे, क्योंकि ऐसे धर्म का हिस्सा बनना समझदारी नहीं होगी, जिसके सदस्य हमारी कमर तोड़ते हैं, लेकिन जो अपनी बेटियों की शादी उन लोगों से करने में खुश हैं जो नमाज पढ़ते हैं और हमें साथी हिंदू मानने से इनकार करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### यूपी में झटके से उबरने के लिए बीजेपी का प्लान तैयार,14 को होगी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की सत्ता सौंपने के लिए भाजपा देश-प्रदेश की जनता का आभार जताएगी। पार्टी यूपी में अपेक्षित चुनाव परिणाम न आने से उबरी हताशा को छोड़ नये संकल्पों के साथ आगे बढ़ेगी। यूपी के चहुंमुखी विकास की प्रतिबद्धता के साथ ही पार्टी अपना बिखरा हुआ सामाजिक ताना-बाना फिर से बुनेगी। भाजपा की 14 जुलाई को होने जा रही प्रदेश कार्यसमिति में पेश होने वाले राजनीतिक प्रस्ताव की बानगी कुछ ऐसी ही होगी। इसमें सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के एजेंडे पर आगे बढ़ने की झलक भी दिखेगी। पार्टी इस प्रस्ताव के मसौदे को अंतिम रूप देने में जुटी है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस बैठक का हिस्सा होंगे।

लोकसभा चुनाव के बाद होने जा रही इस प्रदेश कार्यसमिति बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह बैठक तब हो रही है, जब चुनावी नतीजों से पार्टी में हताशा है। पार्टी के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने हतोत्साहित कार्यकर्ताओं की फौज में उत्साह जगाने की है, जिनके बूते वो तमाम सियासी लक्ष्य हासिल करती आई है। आशियाना स्थित डा. राममनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के डा. अंबेडकर प्रेक्षागृह में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के जरिए पार्टी कार्यकर्ताओं को बड़ा संदेश देगी। भाजपा उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के साथ ही विपक्ष के प्रोपेगंडा की पोल खोलने का संकल्प भी लेगी।

### जम्मू-कश्मीर में 2 मंदिरों को लेकर हाई कोर्ट सतर्क, डीएम के हाथों में सौंपा मैनेजमेंट

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने अनंतनाग के उपायुक्त को दो मंदिरों और उनकी संपत्तियों का प्रबंधन तुरंत अपने हाथ में लेने और उन्हें संरक्षित करने का निर्देश दिया है। न्यायालय दक्षिण कश्मीर जिले में श्री रघुनाथ मंदिर और नागबल गौतम नाग मंदिर के प्रबंधन से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। न्यायमूर्ति संजीव कुमार और न्यायमूर्ति एम ए चौधरी की पीठ ने फैसला सुनाया कि ये संपत्तियां मंदिर की हैं और इसलिए इनका प्रबंधन प्रभावी और शांतिपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता का दावा है कि महंत माधव दासजी द्वारा प्रबंधक नियुक्त किए जाने के बाद से वह 21 जून 2010 से दोनों मंदिरों के मामलों का प्रबंधन कर रहा है। यह दावा किया गया है कि प्रतिवादी (जो मंदिरों की संपत्तियों से अपरिचित है) व्यस्त व्यक्ति है जिसकी संपत्तियों और मंदिरों के प्रबंधन में कोई रुचि या हिस्सेदारी नहीं है।

### असम में मां-बाप के लिए मिलेगी सरकारी छुट्टी, हिमंत बिस्वा सरमा सरकार का ऐलान

**दिसपुर, एजेंसी।** असम सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए एक विशेष छुट्टी का ऐलान किया है। हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार की तरफ से घोषणा की गई है कि नवंबर में सभी सरकारी कर्मचारियों को दो दिन का अवकाश अपने माता - पिता या फिर सास-ससुर के साथ बिताने के लिए दिया जाएगा। वहीं इस छुट्टी का इस्तेमाल अपने निजी कार्य या फिर मौज-मस्ती के लिए नहीं किया जा सकेगा। जिनके माता-पिता या सास-ससुर कोई नहीं हैं, उन्हें इस स्कीम का फायदा भी नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने गुरुवार को कहा कि यह अवकाश निजी मनोरंजन के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। जिन कर्मचारियों के माता-पिता या सास-ससुर नहीं हैं उन्हें छुट्टियां नहीं मिलेंगी। सीएमओ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में सरकार ने छह व आठ नवंबर 2024 को राज्य कर्मियों को उनके माता-पिता या सास-ससुर के साथ समय बिताने के वास्ते इस अवकाश की घोषणा की है।

# चूरू कोर्ट परिसर में दो वकीलों में मारपीट, एक वकील का होंठ चबाकर किया अलग

**चूरू , एजेंसी।** राजस्थान के चूरू के सीजेएम कोर्ट परिसर में दो वकीलों में मारपीट होने से हंगामा हो गया। घटना गुरुवार की बताई जा रही है। गुस्साएं वकील ने दूसरे वकील का होठ अपने दांतों से चबाकर अलग कर दिया। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल हुए वकील को राजकीय भरतिया जिला अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में भर्ती करवाया गया था, जहां डॉक्टर्स ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जयपुर रेफर कर दिया।

घायल वकील को राजकीय भरतिया जिला अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में भर्ती करवाया गया था। जहां डॉक्टर्स ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जयपुर रेफर कर दिया। झगड़े और मारपीट की वजह घायल वकील के पिता से आरोपी वकील की रंजिश बताई जा रही है। सूचना के बाद कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। गंभीर रूप से घायल हुए एडवोकेट आनंद शर्मा के पिता वकील सुशील शर्मा का कहा है कि बुधवार को सीजेएम कोर्ट में उनकी ओर से गवाह से जिरह की जा रही थी।

## होंठ को काटकर अलग कर दिया

सुनवाई के दौरान विपक्ष के वकील महिमन जोशी गाली गलौज कर परेशानी खड़ी कर रहे थे। कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद वह चुप हो गए. उन्होंने बताया कि आरोपी वकील महिमन जोशी ने उनके बेटे आनंद शर्मा को नीचे पटक दिया। गुस्से में पागल हुए महिमन जोशी ने अपने दांतों से आनंद शर्मा के निचले होंठ को काटकर अलग कर दिया। इससे उसके काफी खून बहने लगा। वकीलों के बीच हुए झगड़े से अदालत में हड़कंप मच गया जिसके बाद में लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों को अलग किया और घायल वकील को अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित पक्ष ने आरोपी वकील महिमन जोशी के खिलाफ कोतवाली पुलिस को दी रिपोर्ट हैं।

# अमरनाथ यात्रा : अब तक 2.66 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए

**जम्मू , एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा 2024 लगातार जारी है। बीते 13 दिनों में 2.66 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा कर चुके हैं। शुक्रवार को 4,434 श्रद्धालुओं का एक और जत्था कश्मीर के लिए रवाना हुआ है। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने कहा है, इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए आने वाले यात्रियों की संख्या में कोई कमी नहीं आई है। उत्साही तीर्थयात्रियों का आना जारी है।

29 जून से अमरनाथ यात्रा शुरू हुई थी और गुरुवार तक 2.66 लाख से ज़्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के अंदर बाबा बर्फानी के दर्शन किए। इनमें 10 हजार से ज्यादा ऐसे तीर्थयात्री शामिल हैं, जो दक्षिण और उत्तर बेस कैंप से हेलीकॉप्टर सेवाओं का इस्तेमाल करके पवित्र गुफा तक पहुंचे।

पवित्र गुफा कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। भक्त या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से या फिर उत्तर कश्मीर बालटाल मार्ग से गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं। श्रद्धालु या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग से यात्रा करते हैं या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यात्रा करते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार से पांच दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग गुफा मंदिर के अंदर %दर्शन% करने के बाद उसी दिन आधार शिविर लौट आते हैं। शुक्रवार को 4434 यात्री जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से दो सुरक्षा काफिलों में कश्मीर के लिए रवाना हुए। पहला सुरक्षा काफिला 64 वाहनों में 1,721 तीर्थयात्रियों को लेकर सुबह 3 बजे उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। दूसरा सुरक्षा काफिला 101 वाहनों में 2,713 तीर्थयात्रियों को लेकर सुबह 3.35 बजे दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। इस वर्ष की यात्रा 52 दिनों के बाद 29 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षा बंधन त्योहार के साथ संपन्न होगी।



# एक मां अपने बच्चे छोड़कर चीन से आई, बेवजह उत्पीड़न ठीक नहीं: हाई कोर्ट

**मुंबई , एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने चीनी महिला से जुड़े सोने की तस्करी के मामले में अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने अधिकारियों को आदेश दिया कि वे उस चीनी महिला को निकासी परमिट जारी करे क्योंकि उसे अपराध के लिए बरी कर दिया गया है। हाई कोर्ट ने टिप्पणी की कि वो महिला अपने दो बच्चों को छोड़कर चीन से भारत आई है और उसका बेवजह उत्पीड़न ठीक नहीं है। इससे द्विपक्षीय संबंध प्रभावित हो सकते हैं।



न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण ने फैसले में कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देता है और यह विदेशी नागरिकों पर भी लागू होता है। उन्होंने इसी के साथ केंद्र सरकार को महिला को हुई परेशानी के लिए 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।

**मामला क्या है:** दरअसल, चीनी नागरिक 38 वर्षीय कांग लिंग को 2019 में मुंबई हवाई अड्डे से तीन करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उसे 2023 में एक अदालत ने बरी कर दिया था और सत्र न्यायालय ने भी इस फैसले को बरकरार रखा। अदालत ने आव्रजन ब्यूरो को उसे देश छोड़ने के लिए निकासी परमिट जारी करने का भी निर्देश दिया था। हालांकि, महिला को निकासी परमिट जारी नहीं किया गया क्योंकि सीमा शुल्क विभाग ने कहा कि वह उसे बरी किये जाने के खिलाफ अपील दायर करने की प्रक्रिया कर रहा है। इसके बाद महिला ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

## अनावश्यक उत्पीड़न ठीक नहीं, यह शक्तियों का घोर दुरुपयोग

हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सीमा शुल्क विभाग को ''मानवीय नजरिया और संवेदनशीलता दिखानी चाहिए थी क्योंकि अनुच्छेद 21 के अनुसार प्रत्येक विदेशी नागरिक को स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार प्राप्त है।'' न्यायधीश ने कहा, ''सीमा शुल्क विभाग का आचरण न केवल गलत और प्रतिशोधात्मक था बल्कि उसने याचिकाकर्ता को बिना किसी औचित्य के उसके देश जाने से रोककर अपनी शक्तियों का घोर दुरुपयोग किया।'' हाई कोर्ट ने कहा कि कांग दो बच्चे छोड़कर भारत आई थी और उसे ''सीमा शुल्क विभाग द्वारा परेशान और प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिए था''। अदालत ने कहा, ''प्रतिवादी संख्या– 2 (सीमा शुल्क विभाग) द्वारा एक विदेशी नागरिक के साथ जिस तरह से व्यवहार किया जा रहा है उसका असर दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर पड़ेगा। यह बिना किसी कारण के याचिकाकर्ता को परेशान करने के अलावा और कुछ नहीं है।''

**अदालत क्या बोली:** हाई कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 21 इतना व्यापक है कि इसमें न केवल इस देश के नागरिक, बल्कि भारत आने वाले विदेशी भी आते हैं और ''सरकार का दायित्व है कि वह ऐसे विदेशियों की स्वतंत्रता की रक्षा करे...और यह सुनिश्चित करे कि उन्हें स्वतंत्रता से कोई वंचित न करे।'' कांग की याचिका के अनुसार, वह दिसंबर 2019 में भारत आई थी।

# मुझसे मिलना है तो हर आदमी को अपना आधार कार्ड साथ में लाना होगा: कंगना रनौत



**मंडी, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने मिलने-जुलने वालों से अनोखी डिमांड रख दी है। उन्होंने कहा कि उनसे मिलने के लिए हर आदमी को अपना आधार कार्ड साथ में लाना होगा। साथ ही, मिलने वाले को मिलने का मकसद भी सादे कागज पर लिखकर लाना होगा। सांसद कंगना ने यह व्यवस्था अपने लोकसभा क्षेत्र के लोगों से मिलने के लिए की है। कंगना ने मंडी के पंचायत भवन में आयोजित जनता से संवाद कार्यक्रम से इस व्यवस्था को लागू कर दिया है।

**अपने क्षेत्र की जनता को देना चाहती हूं पूरा समय:** कंगना ने कहा कि वह मंडी प्रवास के दौरान हमेशा इसी संवाद केंद्र में अपने क्षेत्र के लोगों से मिलेंगी और उनकी समस्याएं सुनकर उनका हल करेंगी। उन्होंने कहा कि कई बार पर्यटक और उनके चाहने वाले मिलने के लिए आ जाते हैं। लेकिन वह मंडी में प्रवास के दौरान अपना पूरा समय अपने क्षेत्र की जनता को देना चाहती हैं, इसलिए वह नहीं चाहती कि इस दौरान उनसे कोई अन्य बाहरी व्यक्ति मिले। ऐसे में जब लोग उनसे मिलने के लिए आएंगे और उनका आधारकार्ड उनके साथ होगा तो इससे पता चल जाएगा कि वह मंडी के स्थानीय व्यक्ति हैं या कोई बाहरी। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी समस्या या शिकायत कागज पर लिखकर लाएंगे तो उसे सुनने और समझने में उन्हें आसानी होगी, साथ ही उस पर एक्शन भी तेजी से होगा और लोगों का समय बचेगा।

**कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह ने कसा तंज:** भाजपा सांसद कंगना के इस बयान पर अब प्रदेश में सियासी विवाद छिड़ गया है। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे और कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह ने फेसबुक पोस्ट के जरिए कंगना पर तंज कसा है। कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह ने अपने फेसबुक हैंडल पर लिखा कि मुझसे मिलने के लिए किसी को आधार कार्ड की जरूरत नहीं है, राज्य के किसी भी कोने से कोई भी अपने काम के लिए मुझसे मिल सकता है। विक्रमादित्य सिंह ने मंडी से कंगना के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ा था। भाजपा प्रत्याशी कंगना ने पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे विक्रमादित्य सिंह को 74,755 वोटों से हराया था।

# पुलिस के पहरे में निकल रही थी बारात, ग्रामीणों ने दीवार गिरा कर पथराव किया, दो घायल

## वधु के परिवार ने जताई थी झगड़े की आशंका.. इसलिए गांव में पहले से तैनात थी पुलिस

**भरतपुर, एजेंसी।** चिकसाना थाना क्षेत्र के गांव नौगाया में गुरुवार को पुलिस के पहरे में निकल रही दलित बेटी की बारात को लेकर विवाद हो गया। गांव के कुछ लोगों ने उत्पात मचाते हुए गीली दीवार गिराने के साथ पथराव कर दिया। जिसमें पुलिस की एक गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई और दो व्यक्ति घायल हो गए। हालांकि पुलिस पथराव जैसी घटना से इनकार कर रही है। लेकिन, पुलिस द्वारा चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। वधु परिवार ने पहले ही झगड़े की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन को अवगत कराकर सुरक्षा मांगी थी। इसलिए यह बारात पुलिस के पहरे में निकल रही थी।



बारात में शामिल राजन सिंह ने बताया कि पुलिस की सुरक्षा में बारात निकल रही थी तभी ठाकुर समाज की कुछ महिलाओं ने बीच में आकर बारात को रोक लिया। उसके बाद गांव के ही कुछ लोग उत्पात मचाने लगे। पुलिस लोगों को रास्ते से हटा रही थी। तभी दीवार पर बैठे कुछ लोगों द्वारा उसे धक्का देकर गिरा दिया। उसके बाद बारात पर पथराव किया गया। दीवार गिरने से पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई और पथराव में दो व्यक्ति घायल हो गए। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा का कहना है कि एक मकान के ऊपर दीवार बनी हुई थी जो अचानक गिर गई। जिसका मलवा गिरने से पुलिस की गाड़ी का शीशा टूट गया। गांव में स्थिति शांतिपूर्ण है। उत्पात मचाए जाने के आरोप में चार लोगों को हिरासत में लिया गया। वधु के बड़े भाई राजवीर सिंह ने बताया कि वह सरकारी शिक्षक है। उसकी बहन आशा कुमारी तीन भाइयों के बीच में इकलौती है, जिसकी शादी धूमधाम से करने का फैसला लिया था। बहन का रिश्ता नदबई तहसील के गांव कैलूरी निवासी मनोज के साथ पक्का हुआ था। गांव में अन्य समाजों की बारात जैसे निकलती है उसी तरह बहन की भी बारात निकालना चाह रहे थे।

लेकिन, हमारे परिवार से गांव के कुछ लोग रंजिश रखते हैं, जिनमें मुंशी पहलवान, पुष्पेंद्र पंडित, भल्लू ठाकुर, देशराज ठाकुर, चंदन ठाकुर, दिलीप पंडित, महावीर ठाकुर प्रमुख हैं। इनके द्वारा बारात पर पत्थरबाजी की गई और मुझे भी जान से मारने की धमकी दी गई। जिसे लेकर मैंने संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर सुरक्षा की मांग की है।

पुलिस के मुताबिक 11 जुलाई को गांव में बारात आई और सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम रवि कुमार, एडिशनल एसपी डॉ. लालचंद कायल, एसपी अखिलेश शर्मा, सीओ ग्रामीण आकांक्षा कुमारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ करीब 100 पुलिस कर्मी, डीएसटी और क्यूआरटी टीम मौजूद रही।

एडिशनल एसपी मुख्यालय डॉक्टर लालचंद कायल ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र दिया गया था कि कुछ गांव के लोग दलित समाज की बेटी की बारात निकासी में व्यवधान पैदा करेंगे। जिसके चलते गांव में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस बल तैनात किया गया था।

# गुजरात के पाटन में बस-ट्रक के बीच जोरदार टक्कर, चार लोगों की मौत

**पाटन , एजेंसी।** गुजरात के पाटन में शुक्रवार सुबह राधनपुर के पास बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल तीनों लोगों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। आनंद से रापर जा रही बस की राधनपुर के पास टक्कर हुई है। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। हादसे में बस के ड्राइवर, कंडक्टर और ट्रक के ड्राइवर, कंडक्टर की मौत होने की खबर है। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को हादसे की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला। चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी। वहीं तीन गंभीर घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। ज्ञात हो कि गुजरात के मशहूर पर्यटन स्थल सापुतारा में रविवार को बड़ा हादसा हो गया था। सापुतारा घाट के पास सूरत से आई एक लग्जरी बस गहरी घाटी में गिर गई थी। इस हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई थी। बस करीब 70 यात्री सवार बताए गए थे।




विंबलडनः 2024

# एलेना को हराकर क्रेजिकोवा ने बनाई फाइनल में जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रेजिकोवा ने रयबाकिना को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका सामना शनिवार, 13 जुलाई को जैस्मीन पाओलिनी से होगा। बारबोरा क्रेजिकोवा ने गुरुवार को सेंटर कोर्ट में एलेना रयबाकिना पर वापसी करते हुए जीत हासिल की और अपने पहले विंबलडन फाइनल में जगह बनाई। क्रेजिकोवा ने रयबाकिना को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में एंट्री की है। अब उनका सामना शनिवार ( 13 जुलाई) को जैस्मिन पाओलिनी से होगा। क्रेजिकोवा ने फ्रेंच ओपन में पहले दौर में बाहर होने की निराशा को पीछे छोड़ते हुए चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने के लिए शानदार प्रदर्शन किया।

## डोपिंग के कारण दो साल बाहर बैठना करियर का काला अध्याय ओलंपिक हॉकी टीम में शामिल जरमनप्रीत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक के लिए चुनी गई 16 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम में जगह बनाने वाले जरमनप्रीत सिंह ने कहा कि 2016 में डोपिंग का दंश झेलना उनके करियर का सबसे निराशाजनक समय था। जरमनप्रीत पिछले कुछ वर्षों से भारतीय टीम के नियमित खिलाड़ी रहे हैं। वह डोपिंग के कारण 2016 से 2018 तक खेल से दूर रहे थे। ओलंपिक में पदार्पण को तैयार इस खिलाड़ी ने डोपिंग के कारण लगे प्रतिबंध को याद करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए आसान नहीं था। यह कई अनिश्चितताओं के साथ मेरे सबसे बुरे समय में से एक था।

नीदरलैंड में 2018 में चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण करने वाले पंजाब के इस खिलाड़ी ने कहा, 'खिलाड़ी आम तौर पर इस तरह के झटके से उबर नहीं पाते हैं। दो साल तक मैचों से बाहर बैठने से आप काफी पीछे छूट जाते हैं। आयकर विभाग में अधिकारी के पद पर तैनात इस खिलाड़ी ने कहा, 'मैं हालांकि अपनी वापसी को लेकर दृढ़ निश्चय था और मुझे पता था कि मुझे वापसी करनी होगी। मुझे नहीं लगता कि मैं मजबूत घरेलू ढांचे के बिना ऐसा कर सकता था, जहां मैं चयनकर्ताओं को दिखा सकता था कि मुझमें अभी भी वह क्षमता है। इस 27 साल के खिलाड़ी ने भारत के लिए 98 मैच खेले हैं। उन्होंने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, 'मैं ओलंपिक को लेकर काफी रोमांचित हूं और टीम के अभियान के शुरू होने का इंतजार कर रहा हूं।

# टेनिस में बैडमिंटन से बेहतर कर सकती थी : साइना नेहवाल




**नई दिल्ली, एजेंसी।** लंदन ओलंपिक के कांस्य के अलावा साइना ने विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य और रजत पदक जीते तथा राष्ट्रमंडल खेलों में भी कई स्वर्ण पदक जीते। साइना ने बताया कि उन्होंने कई युवाओं को बैडमिंटन खेलने के लिए प्रेरित किया, लेकिन जब उन्होंने आठ साल की उम्र में खेलना शुरू किया था तो उनके लिए कोई आदर्श नहीं था।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने करियर को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि बैडमिंटन खेलने की बजाए अगर वह टेनिस खेलतीं तो ज्यादा अच्छा प्रदर्शन कर सकती थीं। साइना ने अपने कौशल के दम पर दुनिया में शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी। ऐसा करने वाली वह भारत की पहली महिला शटल बनीं थीं। वहीं, ओलंपिक पदक जीतने वाली देश की पहली महिला एथलीट भी बनीं थीं।

### साइना ने जताई टेनिस खेलने की इच्छा

राष्ट्रपति भवन में हर स्टोरीङ्कमाई स्टोरी बातचीत के दौरान साइना ने कहा, कभी-कभी मुझे लगता है कि अगर मेरे माता पिता ने मुझे टेनिस में डाला होता तो अच्छा होता। इसमें ज्यादा पैसा है और मुझे लगता है कि मैं ज्यादा ताकतवर थी। मैं टेनिस में बैडमिंटन से बेहतर कर सकती थी।

### युवाओं को बैडमिंटन के लिए प्रेरित करती हैं साइना

साइना ने बताया कि उन्होंने कई युवाओं को बैडमिंटन खेलने के लिए प्रेरित किया, लेकिन जब उन्होंने आठ साल की उम्र में खेलना शुरू किया था तो उनके लिए कोई आदर्श नहीं था। उन्होंने कहा, जब मैंने शुरूआत की थी तो मेरे लिए कोई आदर्श नहीं था। यह कहने के लिए कोई नहीं था, मैं दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनना चाहती हूं या ओलंपिक पदक विजेता बनना चाहती हूं। मुझसे पहले मैंने किसी को बैडमिंटन में ऐसा करते नहीं देखा था।

### भारत के कम पदक जीतने पर जताई निराशा

लंदन ओलंपिक के कांस्य के अलावा साइना ने विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य और रजत पदक जीते तथा राष्ट्रमंडल खेलों में भी कई स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने कहा, मैं हमेशा बच्चों को खेलों पर ध्यान लगाने के लिए कहती हूं। चीन 60-70 पदक जीतता है और हमें सिर्फ तीन चार पदक मिलते हैं। इतने सारे डॉक्टर और इंजीनियर होते हैं और उनके नाम अखबारों में नहीं आते।



डूरंड कप 2024

# मोहन बागान सुपर जायंट और ईस्ट बंगाल एफसी एक ग्रुप में शामिल किए गए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डूरंड कप 2024 के ग्रुप चरण के लिए पिछले साल के फाइनलिस्ट रहे डिफेंडिंग चैंपियन मोहन बागान सुपर जायंट और उनके चिर-प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल एफसी को एक ही ग्रुप में रखा गया है। 27 जुलाई से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें इंडियन सुपर लीग, आई-लीग, अंतर्राष्ट्रीय टीमें और सशस्त्र सेनाओं की टीमें शामिल हैं। नेपाल की त्रिभुवन आर्मी फुटबॉल क्लब और बांग्लादेश आर्मी फुटबॉल टीम पिछले संस्करण में भी भाग ले चुकी हैं और इस बार भी धूम मचाने के लिए तैयार हैं। इस बार कोकराझार और कोलकाता के अलावा जमशेदपुर और शिलांग को भी टूर्नामेंट के मेजबान शहर के रूप में शामिल किया गया है। कोलकाता मुख्य मेजबान शहर होगा, जहां तीन ग्रुप स्टेज मैच खेले जाएंगे। वहीं, जमशेदपुर, शिलांग और कोकराझार में एक-एक ग्रुप स्टेज का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट राउंड-रोबिन लीग फॉर्मेट के साथ खेला जाएगा, जिसके बाद नॉकआउट चरण होगा। कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में फाइनल खेला जाएगा।

# गुजरात छोड़कर दोबारा उत्तर प्रदेश के लिए खेलेंगे पीयूष चावला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीनियर लेग स्पिनर पीयूष चावला दोबारा उत्तर प्रदेश लौट आए हैं और वह आने वाले घरेलू सीज़न के साथ ही अगस्त में लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में होने वाली उत्तर प्रदेश टी20 लीग में भी खेलते दिखेंगे। दो बार के विश्व चैंपियन लेग स्पिन ऑलराउंडर 2016 में उत्तर प्रदेश छोड़कर गुजरात चले गए थे। उन्होंने सात साल तक गुजरात के लिए घरेलू क्रिकेट खेला और अब वह फिर से उत्तर प्रदेश वापसी के लिए तैयार हैं। वह फ़िलहाल उत्तर प्रदेश के लिए सफ़ेद गेंद की क्रिकेट खेलते हुए नज़र आएंगे। हालांकि उन्होंने रणजी ट्रॉफ़ी खेलने की संभावना से पूर्ण इनकार नहीं किया है।

बात करते हुए चावला ने बताया कि वह सफ़ेद गेंद से उत्तर प्रदेश के लिए इस सीज़न खेलेंगे लेकिन लाल गेंद यानी रणजी ट्रॉफ़ी खेलने पर भी विचार करेंगे। चावला ने उत्तर प्रदेश के लिए अपना पिछला मैच अक्टूबर 2016 में जयपुर में बंगाल के ख़िलाफ़ खेला था, जिसमें वह चोटिल हो गए थे।




इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दूसरे सबसे अधिक 192 विकेट लेने वाले गेंदबाज़ 35 वर्षीय चावला दो सप्ताह के अंदर अपनी ट्रेनिंग शुरू कर देंगे। अभी तक वह पहले वनडे विश्व कप और बाद में टी20 विश्व कप की कमेंट्री में व्यस्त दिखे थे। चावला उत्तर प्रदेश के सबसे सफलतम क्रिकेटरों में से एक हैं। उन्होंने 2005 में उत्तर प्रदेश के लिए पदार्पण किया।

उनके नाम तीनों फ़ॉर्मैट में मिलाकर 1014 विकेट हैं, जिसमें प्रथम श्रेणी में 445, लिस्ट ए में 254 और टी20 में 315 विकेट शामिल हैं। वह भारत के लिए तीन टेस्ट, 25 वनडे और सात टी20 भी खेल चुके हैं और 2007 टी20 विश्व कप व 2011 वनडे विश्व कप विजेता दल के सदस्य भी थे। ऐसे में उनके अनुभव से उत्तर प्रदेश की टीम को आने वाले विजय हज़ारे और सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी में जरूर मदद मिलेगी। गुजरात जाने से पहले चावला ने उत्तर प्रदेश के लिए 80 रणजी ट्रॉफ़ी मैच खेले थे।

## बेन स्टोक्स के नाम दर्ज हुआ बड़ा रिकॉर्ड



**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स गुरुवार को वेस्टइंडीज के महान गैरी सोबर्स और दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज ऑलराउंडर जैक्स कैलिस की लिस्ट में शामिल हो गए। वे टेस्ट क्रिकेट में 6,000 से अधिक रन और 200 से अधिक विकेट लेने वाले तीसरे और इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। स्टोक्स ने लॉर्ड्स में तीन मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की।

अपने पहले ओवर में बल्लेबाज किर्क मैकेंजी को आउट करते हुए स्टोक्स ने अपना 200वां टेस्ट विकेट हासिल किया। 103 टेस्ट मैचों में उन्होंने अब तक 200 विकेट लिए हैं।

विंबलडनः 2024

## पहले सेमीफाइनल में जैस्मिन पाओलिनी की जीत, डोना वेकिच को हराकर फाइनल में बनाई जगह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाओलिनी अब विंबलडन फाइनल में जगह बनाने वाली पहली इतालवी खिलाड़ी हैं और सेरेना विलियम्स के बाद एक ही सीजन में फ्रेंच ओपन और विंबलडन फाइनल दोनों में जगह बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी भी हैं। जैस्मीन पाओलिनी ने विंबलडन सेमीफाइनल मुकाबला जीतकर फाइनल में जगह बना ली।

ोमांचक मुकाबले के बाद, सातवीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी ने सेमीफाइनल में डोना वेकिच को 2-6, 6-4, 7-6 से हराकर महिला एकल फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पाओलिनी अब विंबलडन फाइनल में जगह बनाने वाली पहली इट्ली की खिलाड़ी हैं और सेरेना विलियम्स के बाद एक ही सीजन में फ्रेंच ओपन और विंबलडन फाइनल दोनों में जगह बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी भी हैं। पहले सेट के पहले चार गेम में दोनों खिलाड़ी बराबरी पर थीं।

वेकिच ने टूर्नामेंट के सबसे बेहतरीन शॉट्स में से एक शॉट खेला, जब उन्होंने पाओलिनी के फोरहैंड की खेल में वापसी कराई और फिर अपनी वॉली से उन्हें गलती करने पर मजबूर किया। इसके बाद वेकिच ने एक बेहतरीन ड्रॉप शॉट मारा, जिसे पाओलिनी ने पकड़ने के लिए संघर्ष किया और क्रोएशियाई खिलाड़ी ब्रेक पॉइंट हासिल करने में सफल रही।

## पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच से पहले बोली हरमनप्रीत कौर

# हम हर मैच जीतना चाहते हैं




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि भारतीय महिला टीम हर मैच को जीतने के इरादे से मैदान पर उतरती है और इस महीने के अंत में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के मैच के दौरान भी उसका यही लक्ष्य होगा।

भारत ने हाल ही में घरेलू सरजमीं पर दक्षिण अफ्रीका को तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट में हराने के बाद टी20 श्रृंखला को 1-1 की बराबरी पर खत्म किया। दक्षिण अफ्रीका पर मिली जीत से भारतीय टीम का हौसला बढ़ा हुआ है। हरमनप्रीत ने कहा, 'अभी हमारा दृष्टिकोण कुछ ऐसा है कि हम सभी मैचों को समान महत्व दे रहे हैं। सभी हर मैच को जीतने की कोशिश करते हैं और हमें लगता है कि एक टीम में यही होना चाहिए। टीम में हर कोई यही महसूस कर रहा है। भारतीय टीम अब 19 जुलाई से शुरू होने वाले एशिया कप में चुनौती पेश करेगी। एशिया कप की मेजबानी श्रीलंका कर रहा है और भारतीय टीम दांबुला में चिर-परिचित पाकिस्तान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी।

हरमनप्रीत ने कहा कि कप्तान के तौर पर यह उनकी जिम्मेदारी है कि वह ऐसे मैचों के दौरान अपनी टीम पर दबाव हावी नहीं होने दे। उन्होंने कहा, 'जब आप पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हैं तो दोनों देशों में एक अलग माहौल होता है। दोनों देश चाहते हैं कि उनकी टीम जीते।भारतीय कप्तान ने कहा, ''एक खिलाड़ी के रूप में हमारे लिए बहुत दबाव है। लेकिन एक कप्तान के रूप में यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं अपनी टीम को उस माहौल में तनाव से दूर रखूं ताकि वे यह न सोचें कि हम पाकिस्तान के खिलाफ खेल रहे हैं या यह दबाव है।

# कोर्ट ने हत्या मामले में तीन को सुनाई सश्रम आजीवन कारावास की सजा

- सोनू कुमार, भूपेश कुमार और शत्रुध्न पांडेय को सश्रम आजीवन कारावास।
- सूचक शीला देवी ने 16 दिसंबर 2020 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि उनके पुत्र राजीव रंजन सिंह का फिरौती के लिए अपहरण कर हत्या कर दी गई।



निज संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(एडीजे)-3 सुनील कुमार सिंह की अदालत ने शुक्रवार को रिसियप थाना कांड संख्या-88/20 में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए हुए काराधीन तीन अभियुक्तों-कुटुम्बा निवासी सोनू कुमार, रिसियप निवासी भूपेश कुमार एवं बोधगया के नेवतापुर निवासी शत्रुध्न पांडेय को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। एपीपी चंद्रशेखर सिंह देव ने बताया कि कोर्ट ने 10 जुलाई को अभियुक्तों को भादंवि की धारा-364, 365, 302 एवं 201 में दोषी करार दिया था। आज सजा के बिंदु पर भादंवि की धारा-364 में सभी अभियुक्तों को कोर्ट ने सश्रम आजीवन कारावास, 50 हजार जुर्माना, जुर्माना नही देने पर एक साल के अतिरिक्त साधारण कारावास, भादंवि धारा 365 में पांच साल साधारण कारावास, दस हजार जुर्माना, जुर्माना नही भरने पर छः माह के अतिरिक्त साधारण कारावास, भादंवि की धारा 302 में सश्रम आजीवन कारावास, 25 हजार का जुर्माना, जुर्माना न देने पर एक साल साधारण कारावास, तथा धारा 201 में पांच साल साधारण कारावास, दस हजार जुर्माना, जुर्माना नही भरने पर पांच माह साधारण कारावास की सजा सुनाई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। जुर्माना राशि सूचक पीड़िता को दी जाएगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी बतौर सूचक सड़सा निवासी शीला देवी ने 16 दिसंबर 2020 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कहा था कि सूचक के पुत्र राजीव रंजन सिंह को फिरौती के लिए अपहरण कर हत्या कर दिया गया है। अनुसंधान के क्रम में अभियुक्त की निशानदेही पर घटना के दस दिन बाद डुगडुगियां पहाड़ सासाराम पर राजीव रंजन सिंह का पत्थर से कुचला हुआ लाश बरामद किया गया था। अभियुक्तों कि खिलाफ आरोप पत्र 24 मार्च 2021 को समर्पित किया गया था।

# नाबालिग के अपहरण मामले में अभियुक्त को कोर्ट ने सुनाई तीन साल की सजा

निज संवाददाता



- नाबालिग लड़की सुबह से घर में नहीं थी। अभियुक्तों पर बहला-फुसलाकर अपहरण करने का आरोप।
- अभियुक्तों के घर खोजबीन के बाद भी कोई पता नहीं चला, थक हारकर थाना की शरण ली।
- पीड़िता के पिता द्वारा 01 मई 2021 को दर्ज।

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह पोक्सो कोर्ट के जज लक्ष्मीकांत मिश्रा ने शुक्रवार को ओबरा थाना कांड संख्या-91/21 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एक अभियुक्त को सज़ा सुनाई। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि ओबरा थाना के परसा निवासी अभियुक्त विदेशी राम को कोर्ट ने भादंवि की धारा 363/34 के तहत तीन साल कैद, दस हजार के जुर्माना, भादंवि की धारा 365/34 में तीन कैद, दस हजार जुर्माना की सजा सुनाई है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी। मामले में कोर्ट ने एक अन्य अभियुक्त महेंद्र राम को दोषमुक्त कर दिया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि मामले की प्राथमिकी बतौर सूचक पीड़िता के पिता ने 01 मई 2021 को दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में कहा था कि सुबह उठकर देखा तो घर में नाबालिग लड़की नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि अभियुक्तो ने बहला फुसलाकर कर अपहरण कर लिया है। अभियुक्तों के घर खोजबीन में गया तो कुछ पता नहीं चला। थक हारकर न्याय और बरामदगी के लिए थाना की शरण ली।

# महिलाओं व छात्राओ को दी गई कानूनी जानकारी

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के कन्या उच्च विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय सहित अन्य स्थानों पर प्रतिनियुक्त महिला हेल्प डेस्क प्रभारी ब्यूटी कुमारी एवं महिला पदाधिकारी सह एसआई गीतांजली कुमारी ने बालिकाओं को महिलाओं से संबंधित नये कानूनों के बारे में जानकारी दी। साथ ही आसपास की अन्य महिलाओं को बुलाकर समस्याओं को सुना। उनसे महिलाओं के कार्य एवं अधिकार के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा कर जागरूक किया कहा कि किसी तरह का समस्या हो हमारे मोबाइल नंबर पर संपर्क करे। हेल्प लाइन नं 112 पर भी सूचना दे सकते है। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक ने भी छात्राओं को इस मामले में जागरूक करने पर बल दिया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सुषमा कुमारी, मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक ललन दास, शिक्षक रविंद्र शर्मा, रामाकांत, प्रियंका कुमारी, सुरेंद्र प्रसाद, सुनीता कुमारी सहित अन्य शिक्षक एवं महिलाएं मौजूद रही।

# 39.17 लीटर देसी विदेशी शराब बरामद

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में औरंगाबाद के बारुण थाना की पुलिस ने 375 एमएल का स्टर्लिंग रिजर्व बी-7 14 बोतल, 750 एमएल का स्टर्लिंग रिजर्व बी-7 08 बोतल एवं 8 पीएम का 180 एमएल का 34 बोतल, तथा 200 एमएल का 109 बोतल ब्लू लाइन देशी मसाला शराब, कुल-39.170 लीटर शराब बरामद किया है। साथ ही एक महिला धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। मामले मे पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# बिजली चोरी के मामले में छह पर प्राथमिकी

निज संवाददाता




**हसपुरा (औरंगाबाद)।** बिजली चोरी की रोकथाम हेतु हसपुरा में विद्युत विभाग द्वारा गठित छापेमारी दल द्वारा क्षेत्र में घर घर जाकर तलाशी ली जा रही है। गौरतलब है कि बिजली बिल के बकाया व चोरी को रोकने को लेकर विद्युत आपूर्ति शाखा, हसपुरा पूरी तरह सतर्क है। इसी कड़ी में छापेमारी दल द्वारा गुरुवार को हसपुरा बाजार में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान हसपुरा बाजार के 6 लोगों हसपुरा बाजार के विजय खत्री, विनोद गुप्ता, लखिया देवी, निर्भय कुमार, रिंकू देवी, परवेज खां के यहां के यहां चोरी की बिजली जलाने का मामला पकड़ा गया। इसे लेकर इनके खिलाफ हसपुरा थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया है। इनमें किसी के यहां मीटर बाइपास कर, किसी के यहां अवैध रूप से चोरी और किसी के यहां ज्यादा बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटने के बावजूद चोरी-चुपके बिजली का इस्तेमाल पकड़ में आया। मामले में सभी पर एफआईआर दर्ज कराते हुए जुर्माना लगाया गया है। छापेमारी दल में गोह के सहायक विद्युत अभियंता अजीत कुमार, हसपुरा के जेई प्रकाशचंद्र कुमार, राजेश कुमार एवं मानव बल प्रकाश कुमार शामिल रहे।

# मुहर्रम पर्व की तैयारियां: पुलिस की निरीक्षण कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक ने आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए। इस मायने में, टंडवा थाना ने थाना क्षेत्र में होने वाले मुहर्रम जुलूस की रूठ का सत्यापन के लिए निरीक्षण किया। इस संदर्भ में, पुलिस अधीक्षक ने सुनिश्चित किया कि समारोह और जुलूस शांतिपूर्ण रहे और वातावरण में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहे। उन्होंने नगर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को किया। इस संदर्भ में उन्होंने कहा, 'मुहर्रम पर्व हमारे लिए महत्वपूर्ण है और हमें सुनिश्चित करना है कि इसकी तैयारियां बेहतरीन तरीके से हों। जुलूस के रूथ का सत्यापन इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे हम समारोह को सुरक्षित बना सकें।' इस अवसर पर, स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस पहल की सराहना की है और उन्हें सहयोग दिया गया है ताकि समारोह में कोई अशांति न हो। यह निरीक्षण और तैयारियां दरअसल इस बात का दिखावा करती है कि पुलिस सशक्त और सफलतापूर्वक समारोहों की व्यवस्था करने के लिए तैयार है, जिससे नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित हो सके।

# देव से अपहृता को किया गया सकुशल बरामद

**देव (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में देव थाना ने कांड संख्या-142/24 में अपहृता को सकुशल बरामद किया है। इस मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। अपहृता के मामले में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे बरामद कर लिया है और मामले की जांच के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस घटना के संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है ताकि दोषियों को बजाये बिना कार्रवाई की जा सके।

# वीमेंस कॉलेज में औरंगाबाद की महिला थानाध्यक्ष ने दी छात्राओं को नये कानूनों की जानकारी

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** शहर के किशोरी सिंहा कॉलेज में औरंगाबाद की महिला थानाध्यक्ष ने शुक्रवार को छात्राओं के साथ संवाद किया। उन्हें महिला हेल्प डेस्क और नए आपराधिक कानूनों के बारे में जागरूक किया। इस दौरान छात्राओं को महिला हेल्प डेस्क की सेवाओं, उनके संपर्क नंबर और आपातकालीन स्थिति में संपर्क करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नए आपराधिक कानूनों के बारे में भी बताया गया, ताकि वे अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सकें। महिला हेल्प डेस्क के संपर्क नंबर उपलब्ध कराए गए, जिसे कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में महिलाएं और बच्चे निःसंकोच अपनी समस्या महिला पुलिस पदाधिकारियों के समक्ष रख कर त्वरित सहायता प्राप्त कर सकते है।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला पुलिस पदाधिकारी ने छात्राओं के साथ किया संवाद

निज संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर थाना की महिला पुलिस पदाधिकारी ने अपने थाना क्षेत्र में स्थित + कन्या उच्च विद्यालय दाउदनगर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान सभी छात्राओं के साथ संवाद किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान, उन्होंने छात्राओं को महिला हेल्प डेस्क की सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी, उनके संपर्क नंबर और आपातकालीन स्थिति में उनसे संपर्क कैसे किया जा सकता है, के बारे में समझाया। छात्राओं को यह जानकारी देने का मुख्य उद्देश्य उनकी सुरक्षा और समर्थन में वृद्धि करना था। इसके साथ ही, उन्होंने छात्राओं को नए आपराधिक कानूनों के बारे में भी जानकारी प्रदान की, जिससे छात्राएं अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सकें। महिला हेल्प डेस्क के संपर्क नंबर भी छात्राओं को उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि वे किसी भी आपातकालीन स्थिति में महिला पुलिस पदाधिकारियों से संपर्क कर सकें और त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया और उन्हें समाज में अपने हक की जानकारी देने के लिए प्रेरित किया। यह पहल समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# पुलिस उपाधीक्षक ने आम जनता की समस्याओं को सुना

**औरंगाबाद (का.सं.)।** पुलिस उपाधीक्षक (मु०-01) औरंगाबाद ने अपने कार्यालय कक्ष में आम जनता और परिवादियों की समस्याओं को सुना। इस महत्वपूर्ण बैठक में समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने आम जनता की शिकायतों को गहराई से समझा और उन्हें समाधान के लिए संबंधित तरीकों के बारे में बताया। इस बैठक में शामिल हुए पुलिस अधिकारी ने समाज के निराश्रित व्यक्तियों के प्रति अपने समर्थन और सहानुभूति का इजहार किया।

# मुहर्रम पर्व की तैयारियां को लेकर शांति समिति की बैठक और निरीक्षण

- शांति समिति की बैठक और स्थानीय समुदाय से सहयोग की अपील।
- बैठक का अध्यक्षता किया, जिसमें मुहर्रम पर्व सम्बंधित सभी मुद्दों पर चर्चा की गई और सुरक्षा की व्यवस्था के बारे में विचार किया गया।



निज संवाददाता

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। इस मायने में, नबीनगर थानाध्यक्ष द्वारा थाना परिसर में स्थानीय जन प्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों और आम जनमानस के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर, एसडीपीओ सदर-1 और एसडीओ सदर ने भी इस बैठक का अध्यक्षता किया, जिसमें मुहर्रम पर्व सम्बंधित सभी मुद्दों पर चर्चा की गई और सुरक्षा की व्यवस्था के बारे में विचार किया गया। इसके अलावा, समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए भी मार्गदर्शन दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस मौके पर यह भी जताया कि समारोह के दौरान आमने-सामने ताकतों के बीच सम्पर्क और सहयोग को सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि किसी भी अशांति की संभावना को पूरी तरह से खत्म किया जा सके। इस समीक्षा और बैठक के माध्यम से पुलिस ने स्थानीय लोगों और समाज के नेताओं से समर्थन और सहयोग की अपील भी की है, ताकि मुहर्रम पर्व के दौरान समारोह सुरक्षित और सम्मानपूर्ण बन सके।

# 31वां राष्ट्रीय एक्युप्रेशर सम्मेलन का भव्य आयोजन

निज संवाददाता




**पटना।** बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, भारतीय एक्युप्रेशर योग परिषद् एवं स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 31वां राष्ट्रीय एक्युप्रेशर/एक्युपंक्चर सम्मेलन का उद्घाटन अधिवेशन भवन, पटना में दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधान सभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एक्युप्रेशर सभी के लिए आवश्यक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विधानसभा की भाषा समिति में लंबित स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के प्रस्ताव पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एक्युप्रेशर एक्ट लागू किया जाएगा। पर्यावरण मंत्री प्रेम कुमार, राज्य मंत्री उमेश सिंह, मूल मंत्री शिवाजी विसंगत शुक्र ने भी सम्मेलन को संबोधित किया और एक्युप्रेशर चिकित्सा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह विधा संतुलित पर्यावरण और प्रारंभिक चिकित्सा के लिए आवश्यक है। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे एक्युप्रेशर महागुरू डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्ता ने बताया कि वर्तमान समय में कई असाध्य रोग जैसे डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की सफल चिकित्सा एक्युप्रेशर द्वारा की जाती है। यदि सरकारी अस्पतालों में इसकी सेवा ली जाए तो जनमानस स्वस्थ रहेगा और सरकार का स्वास्थ्य बजट भी कम होगा। सम्मेलन संयोजक-सह-कॉलेज सचिव डा. अजय प्रकाश ने जानकारी दी कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक एक्युप्रेशर चिकित्सा पहुँचाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। अगले वर्ष दो हजार निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने की योजना है। एक्युप्रेशर जनमानस की आवश्यकता बन गई है और यह स्वास्थ्य के लिए उत्तम और युवाओं के कैरियर हेतु महत्वपूर्ण है। श्रीलंका यूनिवर्सिटी के डा. श्रीप्रकाश बरनवाल ने बताया कि एक्युप्रेशर भारत से ही सम्पूर्ण विश्व में गया है और कॉलेज के माध्यम से सात देशों में शिक्षण एवं चिकित्सा का कार्य चल रहा है। एक्युप्रेशर जनक डा. चन्द्रमा प्रसाद गुप्ता की 38वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित सम्मेलन में 25वाँ व्याख्यानमाला की प्रस्तुति हुई और देशभर के 350 चिकित्सकों ने पुष्प अर्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक 'इलेक्ट्रो एक्युप्रेशर' एवं स्मारिका का विमोचन किया गया। देश-विदेश के 42 चिकित्सकों को एक्युप्रेशर रत्न एवं गोल्ड मेडल अवार्ड से सम्मानित किया गया। 27 जून से 11 जुलाई तक आयोजित एक्युप्रेशर पखवाड़ा के अन्तर्गत निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने वाले 60 चिकित्सकों को भी सम्मानित किया गया। द्वितीय सत्र में डायबिटीज, प्रोस्टेटिक्स, ट्राइग्लिसराइड्स, एक्युप्रेशर के प्रभाव, कॉस्मेटोलॉजी आदि विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। पूर्व सिविल सर्जन डा. एल. पी. सिंह, पीएमसीएच के डा. हरेराम राय, आईजीएमएस के डा. निखिल चौधरी, लखनऊ के डा. महेश, और झारखंड के डा. डी. के. सिंह ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। स्वागतगान मधुर सुर में सुश्री शाम्भवी प्रकाश ने प्रस्तुत किया। सम्मेलन को डा. राजकिरण, डा. अनिता सिन्हा, डा. संजय कुमार, डा. राहुल कुमार, डा. राधेश्याम केसरी, डा. नजरूल इश्लाम, डा. गायत्री देवी, डा. पुष्पा रानी, पुनम बरनवाल आदि ने संबोधित किया तथा सर्वप्रकाश, जितेन्द्र कुमार, आदित्य प्रकाश, श्रुति कुमारी, अभव्या प्रकाश, गीता कुमारी, सोनी, रितविक, डा. एच. पी. सिंह, विकास मौडिवाल आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# बैंकों की सुरक्षा जांच

**औरंगाबाद (का.सं.)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा औरंगाबाद जिले में वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा और अपराधिक घटनाओं की रोकथाम में विशेष महत्व दिया गया है। आज, दिनांक 12.07.2024 को, सभी थानाओं में पुलिस पदाधिकारी और कर्मचारियों द्वारा बैंकों के अंदर-बाहर सघन जांच की जा रही है। इस जांच के अंतर्गत, बैंकों के सुरक्षा प्रणाली, सी.सी. टी.वी कैमरे, और सुरक्षा गुटों की स्थिति की पूरी जांच हो रही है। यह कदम उठाकर पुलिस अधिकारी ने वित्तीय संस्थानों के विशेष ध्यान और सुरक्षा की व्यवस्था में सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही, अपराधिक घटनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए भी उन्होंने सभी थानाओं को निर्देशित किया है। औरंगाबाद के वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा को मजबूती देने के लिए पुलिस विभाग पूरी तरह से समर्थित है और जनता के विशेष ध्यान और सुरक्षा के प्रति भी जागरूक कर रहा है।

# सफल दारोगा अभ्यर्थी को समाजसेवियों ने किया सम्मानित

निज संवाददाता



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा के बिरहारा गांव के चंद्रबाबू मेहता को दारोगा बनने पर इलाके के समाजसेवियों ने शुक्रवार को उनके घर जाकर बुके देकर सम्मानित किया। कहा कि चंद्रबाबू की सफलता से इलाके के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और युवा सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ेंगे। लोगों ने उनके घर पर जाकर सफलता के लिए बधाई दी और मिठाई खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा किया। चंद्रबाबू को बुके देकर सम्मानित करते हुए जिप सदस्य प्रतिनिधि एकलाख खां ने कहा कि इस सफलता से क्षेत्र के युवाओं में काफी खुशी है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को इंसाफ दिलाने में वर्दी की सबसे खास भूमिका होती है। वहीं अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा ने कहा कि यह सफलता कड़ी और लगातार मेहनत का परिणाम है। पूर्व मुखिया राजकुमार उर्फ छोटू ने कहा कि चंद्रबाबू की सफलता से पूरे इलाके को गर्व महसूस हो रहा है। चंद्रबाबू दारोगा बनने वाले गांव के प्रथम युवा हैं। इस मौके पर समाजसेवी देव मंगल सिंह, डॉ. सत्येंद्र कुमार, पूर्व सैनिक बिजेंद्र कुमार, राजमोहन राम, सतीश चंद्रवंशी, पुटुश कुमार, मो. एजाज खां, किशोर कुमार, चंद्रबाबू के पिता सर्वोदय सिंह, मां फूलवंती देवी, भाई वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सिंह, भतीजा श्रेष्ठ, भतीजी सृष्टि सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थें।